4 रायपुर संभाग
आचार संहिता प्रभावी होते ही सम्पत्ति विरूपण पर कार्यवाही शुरू

6 अभिमत
ट्रंप का आगमन दूसरा कार्यकाल

09 छत्तीसगढ़
प्रशासनिक कार्यों में छत्तीसगढ़ी भाषा का हो बेहतर उपयोग...

10 छत्तीसगढ़
सिक्ख समाज एवं छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन के प्रमुख...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 22 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-152 मूल्य 3.00 ₹

# छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर मुठभेड़ : 27 नक्सलियों के मारे जाने की खबर, 16 की पुष्टि

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में हुई मुठभेड़ में अब तक 27 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। सुरक्षा बलों का बड़े पैमाने पर ऑपरेशन जारी है। माना जा रहा है कि इलाके में और नक्सली भी घिरे हो सकते हैं। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे जवानों की बड़ी कामयाबी बताया और कहा नक्सल मुक्त देश की दिशा में ये बड़ा कदम है। शाह के ट्वीट पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लिखा, आदरणीय गृह मंत्री! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं आपके कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में देश-प्रदेश को मार्च 2026 तक


फाइल फोटो

नक्सल मुक्त बनाने का संकल्प निश्चित रूप से साकार होगा। ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर नक्सलियों का खत्मा, यह दर्शाता है कि नक्सलवाद की जड़ें अब पूरी तरह कमजोर हो चुकी हैं। गरियाबंद में सुरक्षाबल के जवानों को नक्सलियों के खिलाफ मिली कामयाबी पर देश के अमित शाह ने जवानों की पीठ थपथपाई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, नक्सलमुक्त भारत बनाने के उनके अभियान में सुरक्षाबलों ने बड़ी सफलता हासिल की है। देश में नक्सलवाद अपनी आखिरी सांसे गिन रहा है। हमारा अटूट संकल्प है। नक्सल मुक्त भारत, और यह सफलता उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले की ओडिशा सीमा में जहां गरियाबंद डीआरजी, ओडिशा की एसओजी, कोबरा की 207 बटालियन और सीआरपीएफ के जवानों ने अब तक 16 नक्सली ढेर कर दिए हैं। इसकी पुष्टि की गई है। इस मुठभेड़ में कुल 27 नक्सली मारे जाने की खबर हैं। वहीं भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किए गए हैं। मौके पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पूरे आपरेशन को गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, ओडिशा नुआपाड़ा के पुलिस अधीक्षक राघवेंद्र गूंडाला, ओडिशा के डीआईजी नक्सल ऑप्श अखिलेश्वर सिंह, कोबरा कमांडेंट डीएस कथैत मॉनिटरिंग कर रहे है। गौरतलब है कि सोमवार को भी इसी स्थल पर दो नक्सली मारे गए थे। पुलिस ने जानकारी दी थी कि 20 जनवरी की सुबह 8:30 बजे से सुरक्षा बलों ने कुल्हाड़ी घाट रिजर्व फॉरेस्ट में माओवादियों के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन शुरू किया था।

## क्विक न्यूज

### गांधीजी का सत्य-अहिंसा का रास्ता ही कांग्रेस का रास्ता है : प्रियंका



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि कांग्रेस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए अहिंसा और समानता के रास्ते पर आगे बढ़ रही है और जो रास्ता गांधी ने दिखाया था, वही कांग्रेस का रास्ता है। वाड्रा ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, महात्मा गांधी सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ही नहीं, वे समूचे भारत के मार्गदर्शक हैं, जिन्होंने दुनिया को सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के महान मूल्यों से परिचित कराया। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान, आज से सौ साल पहले गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष बने और स्वतंत्रता आंदोलन को हर एक भारतीय का आंदोलन बना दिया था।

### जयशंकर ने की ट्रंप प्रशासन के नये सदस्यों समेत विभिन्न नेताओं से मुलाकात



**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में ट्रंप प्रशासन के नये सदस्यों, राजनीतिक नेताओं के अलावा अर्जेंटीना के राष्ट्रपति से मुलाकात की। डॉ. जयशंकर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में इन मुलाकातों की तस्वीरें साझा कीं। ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में वह सबसे आगे की पंक्ति में राष्ट्रपति के पोडियम के ठीक सामने बैठे दिख रहे हैं। बाद में शाम के समारोह के दौरान उन्होंने हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव के स्पीकर जॉनसन तथा सदन में बहुमत यानी रिपब्लिकन पार्टी के नेता जॉन थून और नये प्रशासन के प्रमुख प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

### डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफबढ़ाने से सहमा बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी में हाहाकार

**मुंबई।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण करने के साथ ही कनाडा और मेक्सिको के लिए व्यापार शुल्क में 25 फ़ीसदी तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर जोमैटो, एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई और रिलायंस समेत 27 दिग्गज कंपनियों में क़रीब 11 प्रतिशत तक की गिरावट से शेयर बाजार में हाहाकार मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1235.08 अंक अर्थात 1.60 प्रतिशत का गोता लगाकर साढ़े सात महीने के निचले स्तर 76 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 75,838.36 अंक पर आ गया।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के रायपुर आगमन पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया आत्मीय स्वागत



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के रायपुर आगमन पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वामी विवेकानंद विमानतल में पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। उपराष्ट्रपति धनखड़ का विमानतल पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब ने भी स्वागत किया। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्ले, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, डॉ. गौरव सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह भी उपस्थित थे।

## कोर्ट ने लखमा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

कवासी लखमा बोले- एक फूटी कौड़ी नहीं मिली, झूठ बोलने की आदत है



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कवासी लखमा को 4 फरवरी तक जेल भेज दिया गया है। इससे पहले 15 जनवरी को लखमा को गिरफ्तार किया गया था जिसके बाद उन्हें 7 दिन की ईडी रिमांड में भेजा गया था। 21 जनवरी को रिमांड खत्म होने के बाद ईडी ने कोर्ट में पेश किया। इसके बाद 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर उन्हें जेल भेजा गया। मीडिया से लखमा ने कहा कि, कब तक जेल में रखेंगें, 2 साल, 10 साल रहेंगे लेकिन जनता की लड़ाई लडेंगे। बता दें कोर्ट ने ईडी की मांग पर उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अब लखमा को 5 फरवरी को दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस दौरान मीडिया से चर्चा में लखमा ने कहा कि वे निर्दोष हैं। उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया है। मुझे देश के कानून पर पूरा भरोसा है। परेशान जरूर होंगे पर जीत सत्य की होगी। करोड़ों रुपये मिलने के सवाल पर कहा कि एक फूटी कौड़ी तक नहीं मिली।

## सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई जाएगी शपथ

**रायपुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हर वर्ष 25 जनवरी को देशभर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस बार 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। आयोग ने शनिवार को अवकाश वाले राज्यों में अधिकारियों-कर्मचारियों को 24 जनवरी को सवेरे 11 बजे शपथ दिलाने के निर्देश दिए हैं। वहीं जहां शनिवार को अवकाश नहीं है, वहां 25 जनवरी को इसका आयोजन किया जाएगा। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन के लिए सभी विभागों के सचिवों, राजस्व मंडल बिलासपुर के अध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है। परिपत्र में शनिवार को अवकाश वाले कार्यालयों में 24 जनवरी को सवेरे 11 बजे अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## इंडोनेशिया में बाढ़, भूस्खलन से 16 लोगों की मौत

वार्ता < जकार्ता
www.dailypioneer.com



इंडोनेशिया के मध्य जावा प्रांत में स्थित पेकालोंगन रीजेंसी में अचानक आयी बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है और 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। जबकि तीन लोग अभी तक लापता हैं। यह जानकारी इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी ने मंगलवार को दी। पेकालोंगन के राज्याधिकारी फादिया अराफिक ने कहा कि हालांकि कई उप-जिलों में इसी तरह की घटनाएं हुई, लेकिन पेटुंगक्रियोनो सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। फादिया ने कहा कि सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई जिस कारण पेटुंगक्रियोनो उप-जिले में अचानक बाढ़ और भूस्खलन हुआ। लोगों को निकालने का अभी भी जारी है। खोज एवं बचाव कर्मियों को आपदाओं के कारण बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने लोगों से सावधानी बरतने और नदियों से दूर रहने का आग्रह किया है।

## पीएम मोदी दिल्ली के बूथ स्तर के भाजपा कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नमो ऐप के जरिये बुधवार को दिल्ली के भाजपा बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। दिल्ली भाजपा ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार अभियान के तहत आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' नाम दिया गया है। 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' संवाद में भाग लें और अपने विचार, सुझाव और प्रश्न, सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ साझा करें। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 18 जववरी को एक्स पर लिखा लिखा, नमो ऐप के माध्यम से दिनांक 22 जनवरी, 2025 को दोपहर 1:00 बजे! दिल्ली ने विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने की ठान ली है। बाइस जनवरी को अपराह्न एक बजे 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में समर्पित कार्यकर्ताओं से संवाद का सुअवसर मिलेगा। इसके लिए आप अपने विचार जरूर साझा करें। मैं आपमें से कुछ लोगों से बात करूंगा। उल्लेखनीय है कि भाजपा दिल्ली विधानसभा के 70 सीटों में से 68 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि दो सीटों को अपने सहयोगी दलों जनता दल यूनाइटेड और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के लिए छोड़ा है। दिल्ली विधानसभा के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा, जबकि मतगणना 08 फरवरी को होगी।

## आरएसएस-भाजपा को राष्ट्रीय आंदोलन में भागीदारी बताने की देता हूं चुनौती : खरगे

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आजादी की लड़ाई में कोई हिस्सा नहीं लिया और वह उन्हें चुनौती देते हैं कि वे इतिहास में ढूंढकर बताएं कि आंदोलन में उनकी भागीदारी कितनी रही। खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, बाबासाहेब डॉ अंबेडकर जी को सम्मान देने के लिये कांग्रेस ने जो किया ऐसा शायद दूसरा कोई नहीं कर सकता था।मुंबई से संविधान सभा में लाने के लिए कांग्रेस ने अपने सदस्य एम आर जयकार का इस्तीफा कराया। गाँधी जी ने ही संविधान सभा के ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के लिए बाबासाहेब डॉ अंबेडकर जी के नाम का सुझाव दिया था। भारत सरकार में बाबासाहेब को देश का पहला कानून मंत्री बनाने में भी गांधीजी ने अपना समर्थन दिया था। उन्होंने कहा, राज्य सभा में बाबासाहेब को दो बार बंबई से चुना गया। पहली बार तीन अप्रैल 1952 से दो अप्रैल 1956 के बीच। दोबारा तीन अप्रैल 1956 को सदस्य बने, पर छह दिसंबर 1956 को उनका निधन हो गया। कांग्रेस पार्टी चाहती थी कि बाबासाहेब सम्मान सहित राज्य सभा पहुंचे, इसीलिए वो दो-बार निर्विरोध राज्य सभा का चुनाव जीते। भाजपा के लोग यह झूठ फैलाने की कोशिश करते हैं कि कांग्रेस ने अंबेडकर जी की कोई प्रतिमा नहीं लगाई। दो अप्रैल 1967 को कांग्रेस सरकार में बाबासाहेब के सम्मान में संसद भवन में उनकी सबसे बड़ी मूर्ति लगाई थी। उस समय डॉ एस राधाकृष्णन जी राष्ट्रपति थे और सरदार हुकुम सिंह जी, जो लोक सभा अध्यक्ष थे, उन्होंने ने प्रतिमा का अनावरण किया था।

## याचिकाकर्ता को 10 में से नौ मामलों में पहले ही जमानत मिल चुकी है

# सुप्रीम कोर्ट ने ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस से मांगा जवाब

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने एआईएमआईएम के टिकट पर दिल्ली विधानसभा चुनाव मैदान में उतरे पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को राष्ट्रीय राजधानी में 2020 में हुए दंगों से जुड़े एक मामले में अंतरिम या नियमित जमानत के सवाल पर दिल्ली पुलिस से अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने इस तथ्य पर गौर किया कि याचिकाकर्ता को 10 में से नौ मामलों में पहले ही जमानत मिल चुकी है। पीठ ने यह भी कहा कि (हुसैन को)



उन्हें धनशोधन के एक मामले में भी गिरफ्तार किया गया था। याचिकाकर्ता हुसैन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि वह चार साल 10 महीने से अधिक समय से जेल में बंद हैं। वह फरवरी 2020 तक बेदाग पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति थे। उन्होंने यह भी कहा कि कथित हमलावरों सहित अन्य सभी आरोपियों को मामले में जमानत मिल चुकी है। दंगों के दौरान इंटेलिजेंस ब्यूरो के कर्मचारी अंकित शर्मा की हत्या से जुड़े एक मामले में हुसैन को कोई राहत नहीं दी गई है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 14 जनवरी को मामले में अंतरिम जमानत के लिए उनकी याचिका खारिज कर दी थी। उन्होंने चुनाव प्रचार के लिए जमानत देने की गुहार लगाई थी। शीर्ष अदालत ने दिल्ली पुलिस के अधिवक्ता रजत नायर से पूछा कि अदालत को याचिकाकर्ता को जमानत या अंतरिम जमानत क्यों नहीं देनी चाहिए? इस पर अधिवक्ता नायर के यह गुहार पर कि मामले की तैयारी और बहस के लिए उन्हें समय चाहिए, पीठ ने मामले की अगली सुनवाई बुधवार यानी 22 जनवरी के लिए मुकर्रर कर दी।



# सोपोर में आतंकवाद विरोधी अभियान में एक सैनिक शहीद

एजेंसी < श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर के सोपोर उप-जिले में जारी आतंकवाद विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में सेना की विशिष्ट आतंकवाद विरोधी इकाई का एक सैनिक शहीद हो गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कश्मीर में इस साल की यह पहली मुठभेड़ शुरू हुई। संयुक्त बलों ने सोपोर के जालोरा, गुज्जरपति इलाके में एक आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान आतंकवादी ठिकाने का पता चला। सेना के अनुसार आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस के सहयोग से एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान (कासो) शुरू किया गया था। इस दौरान सुरक्षा बलों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और जब उन्हें चुनौती दी गई तो आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में 22 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) बटालियन जवान सोवर (स्वर) पंगाला कार्तिक ग्रेनेड विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन उसने दम तोड़ दिया। सेना ने सोपोर में शहीद हुए जवान को श्रद्धांजलि दी। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, चिनार कोर के सभी रैंक बहादुर स्वर पंगाला कार्तिक के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। चिनार योद्धा उनकी वीरता और बलिदान को सलाम करते हैं, गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं तथा शोक संतप्त परिवार के साथ एकजुटता में खड़े हैं। गौरतलब है कि पिछले साल कश्मीर में ड्यूटी के दौरान नौ सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। इस बीच उत्तरी कश्मीर के अधिकारियों ने कहा कि आज जालोरा, गुज्जरपति क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। रविवार शाम को हुई गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों ने रात भर कड़ी घेराबंदी बनाए रखी और सुबह फिर से गहन तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया, इस बीच आतंकवादियों से आमना-सामना नहीं हुआ, लेकिन तलाशी अभियान जारी है। आतंकवाद विरोधी अभियान ऐसे समय चलाया जा रहा है जब गणतंत्र दिवस समारोह से पहले पूरे कश्मीर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उल्लेखनीय है कि कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी. के. बिरदी ने हाल ही में सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को उच्च स्तर की सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया है।

## सोपोर गोलीबारी से संबंधित जानकारी साझा न करने की पुलिस ने दी चेतावनी

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को सोपोर उप जिले में आतंकवाद विरोधी अभियान से संबंधित संवेदनशील जानकारी के प्रसार के खिलाफ सख्त सलाह जारी की जिस दौरान एक सैनिक की मौत हो गई थी। आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने रविवार शाम को आतंकवादी ठिकाने की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सोपोर में गुज्जर पाटी ज़लूरा इलाके में घेराबंदी की थी। जैसे ही संयुक्त टीम लक्ष्य पर पहुंची, आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी में एक सैनिक स्व पंगाला कार्तिक गंभीर रूप से घायल हो गया। फिर उसे क्षेत्र से बाहर निकाला गया, लेकिन घावों के कारण उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने राज्य की सुरक्षा के लिए संभावित खतरों को उजागर करते हुए व्यक्तियों को गैर-जिम्मेदाराना तरीके से ऑपरेशन के बारे में संवेदनशील विवरण साझा करने के प्रति आगाह किया। सोपोर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'कुछ लोग ऐसी सक्रियता के प्रभावों पर विचार किए बिना गुज्जर पाटी/ज़ालूरा घटना के बारे में संवेदनशील विवरण प्रसारित/साझा कर रहे हैं। सभी को राज्य की सुरक्षा से समझौता करने वाली ऐसी गैरजिम्मेदाराना गतिविधियों से दूर रहने का निर्देश दिया गया है। इस बीच सोपोर में खोज अभियान बंद कर दिया गया है , हालांकि सुरक्षा बल के जवान इलाके में कड़ी निगरानी बनाए हुए हैं।

# इटावा में पूर्व प्रधान की हत्या में छह को उम्र कैद की सजा

एजेंसी < इटावा
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में इटावा जिले की एक अदालत में पूर्व प्रधान की हत्या में छह लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 25-25 हजार रुपये का जुर्माना किया गया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार प्रधानी चुनाव की रंजिश में 10 साल पहले पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने छह लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिले के बसरेहर इलाके के किल्ली सुल्तानपुर गांव के रहने वाले अर्जुन सिंह ने अपने भाई एवं पूर्व प्रधान मेहरबान सिंह यादव की हत्या में बसरेहर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 11 जनवरी 2015 को शाम लगभग चार बजे अपने बड़े भाई मेहरबान सिंह, सहदेव, महेशचंद्र व जगदीश के साथ किल्ली चौराहे पर स्थित एक टेंट की दुकान पर बैठे थे। तभी विनोद उर्फ छोटे व उसका भाई राजेश उर्फ बड़े, अमन उर्फ गट्टे व उसका भाई विजय उर्फ शेरू व गुरुदेव, पप्पू उर्फ शकील बाइकों से आए और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली बड़े भाई मेहरबान सिंह के सीने में लगी और वह गिर पड़े। गोली मारने के बाद आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। गोली से घायल मेहरबान सिंह को एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर कर दिया। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। इस मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायालय कोर्ट नंबर आठ में हुई। पुलिस ने विवेचना करके आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। न्यायाधीश विनीता विमल ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोप सही माने और विनोद उर्फ छोटे व उसका भाई राजेश उर्फ बड़े, अमन उर्फ गट्टे व उसका भाई विजय उर्फ शेरू व गुरुदेव, पप्पू उर्फ शकील को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही सभी पर जुर्माना भी लगाया।

# श्रीनगर में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

एजेंसी < श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में गणतंत्र दिवस समारोह के सुचारू आयोजन सुनिश्चित करने के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि 2019 में जम्मू-कश्मीर की विशेष स्थिति निरस्त होने के बाद और निर्वाचित सरकार के गठन के बाद यह पहला गणतंत्र दिवस समारोह होगा। कश्मीर में मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा जहां उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी अध्यक्षता करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह से पहले कश्मीर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कश्मीर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) वीके बिरदी ने कहा कि सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है और श्रीनगर में गणतंत्र दिवस समारोह का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। बिरदी ने यहां बख्शी स्टेडियम के बाहर संवाददाताओं से कहा कि इन सुरक्षा इंतजामों का उद्देश्य उन लोगों को सुविधा प्रदान करना है जो गणतंत्र दिवस समारोह देखने के लिए स्टेडियम आएंगे और शांतिपूर्वक कार्यक्रम का आनंद लेंगे। इस बीच सुरक्षा बलों की तैनाती मजबूत की गई है और स्थिति पर नजर रखने के लिए कई चौकियां स्थापित की गई हैं। सुरक्षा बलों को श्रीनगर और घाटी के अन्य हिस्सों के कई मार्गों पर वाहनों की औचक तलाशी लेते देखा गया। अन्य जिला मुख्यालयों में, जम्मू-कश्मीर के कैबिनेट मंत्री और जिला विकास परिषद (डीडीसी) के अध्यक्ष स्थानीय समारोहों का संचालन करेंगे और सलामी लेंगे।

# सनातन संस्कृति को लेकर कोई खतरा नहीं : चिन्मयानंद

एजेंसी < जौनपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद ने कहा कि सनातन को लेकर कोई खतरा नहीं है और प्राचीन संस्कृति को मिटाने की कोशिश करने वाले खुद ही मिट जाएंगे। टीडी कॉलेज में विधि विभाग के प्राचार्य डॉक्टर सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा कि भारत के अंदर मंदिरों को आक्रांताओं ने ही तोड़ा है, इस देश के मुसलमानों ने एक भी मंदिर नहीं तोड़ा है। आज मस्जिद के नीचे मंदिर के लिए खुदाई की जा रही है तो कुछ लोगों को बुरा लग रहा है, जबकि आक्रांताओं ने ही मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनाया है।

उन्होंने कहा कि यह देश जातियों मे नहीं बंटेगा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही कह चुके है कि बंटोगे तो कटोगे। महाकुंभ में सब एकजुट होकर आ रहे हैं कोई नहीं बंट रहा है देश बंटेगा नहीं बल्कि जुटेगा। महाकुंभ को एकता का कुंभ बताते हुए स्वामी ने कहा कि महाकुंभ का यह उत्सव विविधता में एकता का उत्सव बनता जा रहा है। संगम की रेती पर पूरे भारत के साथ ही पूरे विश्व के लोग जुटते हैं, हजारों वर्षों से चली जा रही इस परंपरा में कोई भी भेदभाव या जातिवाद नहीं है। कुंभ का यह आयोजन हमें यह भी बताता है कि कैसी हमारी परंपराएं जो पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के पहले दिन 13 जनवरी को डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में स्नान कर यह साबित कर दिया यदि कोई भारत को तोड़ने का प्रयास करेगा तो वह स्वयं टूट जाएगा।

# पुंछ में तलाश अभियान के दौरान विस्फोटक बरामद

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में तलाश अभियान के दौरान एक शक्तिशाली विस्फोटक को बरामद किया और उसे निष्क्रिय कर दिया। आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक विशेष सूचना पर सुरक्षा बलों ने देगवार सेक्टर के दालान गांव में तलाश अभियान शुरू किया था। इसी दौरान जवानों ने इस्तेमाल के लिए तैयार विस्फोटक बरामद किया, जिसे बाद में निष्क्रिय कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाश अभियान जारी है।



# संभल हिंसा की जांच के लिए पहुंची न्यायिक आयोग की टीम

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में पिछले साल 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए बवाल की जांच के लिए यहां पहुंची न्यायिक आयोग की टीम ने हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। न्यायिक आयोग की टीम ने हिंसा प्रभावित क्षेत्रों कोटगर्वी एवं देहली दरवाजा आदि स्थानों का निरीक्षण किया। टीम ने नाले में मिले अमेरिका और पाकिस्तान मार्का कारतूसों के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान टीम जामा मस्जिद भी पहुंची और वहां बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद टीम पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस पहुंची और अधिकारियों के बयान लिए हैं। हिंसा प्रभावित लोगों को भी बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया है। न्यायिक आयोग की टीम में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश डीके अरोड़ा, यूपी के पूर्व डीजीपी अरविंद कुमार जैन एवं रिटायर्ड प्रमुख सचिव अमित मोहन प्रसाद शामिल हैं। न्यायिक आयोग की टीम के साथ जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई एवं मुरादाबाद के डीआईजी मुनिराज आदि अधिकारी थे। न्यायालय के आदेश पर बीती चौबीस नवंबर को संभल की जामा मस्जिद के हो रहे सर्वे के दौरान संभल में बवाल हो गया था। बवाल में चार लोगों की मौत हो गई थी तथा कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

# महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, दो घायल

**नासिक।** मुंबई के निकट इगतपुरी तालुका में स्थित घाटी-सिन्नर राज्य राजमार्ग पर एक ऑटोरिक्शा और कंटेनर के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वाडीवरहे पुलिस ने बताया कि हादसा सोमवार शाम को राजमार्ग पर एसएमबीटी अस्पताल के पास तब हुआ, जब कल्याण निवासी ऑटोरिक्शा चालक अमोल विनायक घुगे अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ ऑटोरिक्शा में शिरडी की ओर जा रहे थे। तभी ऑटोरिक्शा चालक ने एक वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की और विपरीत दिशा से आ रहे एक कंटेनर को टक्कर मार दी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को एसएमबीटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




# मिर्जापुर में पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश घायल

एजेंसी < मिर्जापुर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले की पुलिस ने मंगलवार की भोर में एक मुठभेड़ में दो गौ तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों को पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दो वाहन एवं बत्तीस गौ वंश को कब्जे में लिया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर अदलहाट थाना क्षेत्र के रानीबाग पर गौ तस्करों के वाहनों को रोकने का प्रयास किया गया। दोनों पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। बचाव में पुलिस द्वारा जबाबी कार्यवाही में प्रयागराज जिले के धूमनगंज क्षेत्र के अब्बू सहमा एवं कौशांबी जिले के कड़ा धाम निवासी महबूब आलम को गिरफ्तार किया गया है। एक अभियुक्त के बाये पैर में जबकि दूसरे के दाहिने पैर में गोली लगी है। दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। दोनों की स्थिति सामान्य है। पुलिस ने बताया कि दोनों के पास से देशी पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। साथ ही दो वाहनों में बत्तीस गौ वंश को बरामद किया गया है। इन पशुओं को बिहार ले जाया जा रहा था।

# जम्मू में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

एजेंसी < जम्मू
www.dailypioneer.com

जम्मू शहर के केंद्र में ज्वेल चौक इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। उस समय दहशत फैल गई जब अज्ञात बंदूकधारियों ने ज्वेल चौक इलाके के पास जीप चला रहे एक व्यक्ति को गोली मार दी। पुलिस ने कहा कि कथित रूप से मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात बंदूकधारियों ने ज्वेल चौक के बी सी रोड इलाके में वी-मार्ट शोरूम के पास जीप चला रहे एक व्यक्ति पर चार गोलियां दागी। पुलिस ने कहा कि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं और बंदूकधारियों की पहचान करने और उनका पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। मृतक की पहचान 37 वर्षीय सुमित जंडियाल, पुत्र ओम प्रकाश, निवासी वार्ड नंबर 9, विजयपुर, जिला सांबा के रूप में हुई। जम्मू के एडीजीपी आनंद जैन ने संवाददाताओं से कहा कि घटना में कोई आतंकी पहलू सामने नहीं आया है और निजी दुश्मनी के कारण गोलीबारी हुई। आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। पुलिस घटनास्थल के आसपास व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी की जांच कर रही है।

# महाकुम्भ नगर के सेंट्रल हॉस्पिटल में आधुनिक तकनीक से हो रहा इलाज

एजेंसी < महाकुम्भनगर
www.dailypioneer.com



महाकुम्भनगर में स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल में देश की सबसे आधुनिक तकनीक से इलाज किया जा रहा है। यहां आईसीयू में 183 मरीजों का इलाज और 580 का माइनर ऑपरेशन किया गया है। अस्पताल की ओपीडी में अब तक एक लाख से अधिक मरीज अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि देश-विदेश से आ रहे श्रद्धालु महाकुम्भ नगर में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। इसके पहले मध्य प्रदेश के दो श्रद्धालुओं को सेंट्रल हॉस्पिटल में जीवनदान मिला। दोनों श्रद्धालुओं को सीने में दर्द होने पर आईसीयू में इलाज किया गया। डॉक्टर एसके पांडे के नेतृत्व में उनकी जांच की गई और उनका सफलतापूर्वक उपचार किया गया। अब दोनों श्रद्धालु पूरी तरह से स्वस्थ हैं। डॉ. पांडे ने बताया कि दोनों श्रद्धालुओं की ईसीजी की गई और बाद में उनका इलाज किया गया। अब वे पूरी तरह से स्वस्थ हैं और इस इलाज के लिए उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ और डॉक्टरों का धन्यवाद किया। इनके अलावा महाकुम्भ में पहुंचे 105 साल के बाबा राम जाने दास, जो हनुमानगंज, फूलपुर के रहने वाले हैं पेट दर्द की समस्या के चलते सेंट्रल हॉस्पिटल पहुंचे थे, जहां उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सेंट्रल हॉस्पिटल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने कमान संभाली है, जिसमें फिजिशियन, डेंटल सर्जन, आर्थो, चाइल्ड, गायनो और पीडियाट्रिशियन विशेषज्ञ तैनात हैं। यहां 10 बेड का आईसीयू तैयार किया गया है। साथ ही मरीजों की निगरानी के लिए एआई-आधारित कैमरों का उपयोग किया जा रहा है।

# पर्यटकों को मशीन-निर्मित हस्तशिल्प न बेचें, जम्मू कश्मीर सरकार ने व्यापारियों को दी चेतावनी

एजेंसी < श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर सरकार ने व्यापारियों और शोरूम मालिकों को चेतावनी दी कि वे पर्यटकों को असली हस्तनिर्मित कश्मीर हस्तशिल्प की आड़ में मशीन से बनी वस्तुएं बेचने से बचें। कश्मीर के हस्तशिल्प और हथकरघा विभाग ने चेतावनी दी है कि हस्तनिर्मित वस्तुओं की आड़ में मशीन से बनी वस्तुएं बेचते पाए जाने वालों को पर्यटक व्यापार एवं गुणवत्ता नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। हस्तशिल्प और हथकरघा विभाग के प्रवक्ता ने अपने बयान में कहा कि विभाग को कई शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसमें मशीन से बने तुर्की कालीन हस्तनिर्मित कालीन के नाम पर पर्यटकों और अन्य खरीदारों को बेचे गए हैं। इस प्रकार कश्मीर की समृद्ध विरासत को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तेजी से कार्रवाई करते हुए कई शोरूमों का निरीक्षण किया जा रहा है और बिना लेबल वाले मशीन-निर्मित उत्पादों को जब्त किया जा रहा है। गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के केंद्रीय निरीक्षण दस्ते को श्रीनगर सिटी सेंटर, गुलमर्ग और पहलगाम के स्वास्थ्य रिसॉर्ट्स के रास्ते में विभिन्न शो रूमों के निरीक्षण को तेज करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा अन्य स्थानों पर उन व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की जा रही है जो नकली उत्पादों की बिक्री कर रहे हैं और उसे हस्तनिर्मित कश्मीर कला के रूप में ब्रांडेड कर रहे हैं। प्रवक्ता ने उत्तम हस्तनिर्मित उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए, हितधारकों से सीडीआई और आईआईसीटी (शिल्प विकास संस्थान, और भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान या सूचना और संचार प्रौद्योगिकी संस्थान) में अपने उत्पादों के 'जीआई' टैगिंग, परीक्षण और प्रमाणन के लिए हस्तशिल्प एवं हथकरघा विभाग से संपर्क करने का आग्रह किया, जिससे ग्राहकों की संतुष्टि और कश्मीर की समृद्ध विरासत सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि विभाग ने हस्तनिर्मित उत्पादों के परीक्षण एवं प्रमाणन की क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने के लिए एक योजना तैयार की है, विशेष रूप से सीडीआई में पश्मीना परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाणन केंद्र पर। विभिन्न आईईसी अभियानों का वर्तमान में स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर संचालन किया जा रहा है जिससे ग्राहकों को लेबल वाले हस्तनिर्मित उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित किया जा सके।

# जम्मू-कश्मीर में अगले तीन दिनों बारिश, हिमपात के आसार

एजेंसी < श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर में मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक बारिश और हिमपात होने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अगले 24 घंटे में प्रदेश में घने बादल छाये रहेंगे और क्षेत्र के कई इलाकों में हल्की बारिश या फिर हिमपात हो सकता है। केन्द्रशासित प्रदेश में 22 जनवरी को जम्मू के मैदानी इलाकों में बारिश और कई क्षेत्रों में हिमपात होने के अनुमान है। इस अवधि के दौरान चेनाब घाटी और पीर पंजल जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में भी हल्की बारिश और हिमपात होने के आसार हैं । प्रदेश में 23 जनवरी को मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और कई क्षेत्रों में हिमपात के अनुमान हैं। इसके अलावा प्रदेश में आगामी 24 से 28 जनवरी तक मौसम के शुष्क रहने के आसार हैं, लेकिन कई क्षेत्रों में 29 और 31 जनवरी को हल्की बारिश एवं हिमपात होने का अनुमान जताया गया है। इस बीच, कई मौसम केंद्रों पर रात का तापमान फिर से गिर गया, लेकिन रविवार रात के दौरान कश्मीर घाटी में विभिन्न स्थानों पर तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया। श्रीनगर का न्यूनतम तापमान, पिछली रात दर्ज किये गये शून्य से नीचे एक डिग्री सेलसियस के मुकाबले शून्य से नीचे 3.2 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया और इस अवधि के दौरान यह प्रदेश की राजधानी के औसत तापमान से 1.2 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में सोमवार को लगातार दूसरे दिन तापमान शून्य से नीचे 7.8 डिग्री सेल्सियस रहा और यह मौसम की इस अवधि के दौरान मीडोज घाटी के लिए सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। पहलगाम में रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गयी और तापमान पिछली रात के शून्य से नीचे 3.0 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से नीचे 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और इस अवधि के दौरान यह तापमान चारवाहों की घाटी के लिये सामान्य तापमान से 0.1 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा । मौसम रिपोर्ट के अनुसार श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान में गिरावट देखी गयी। रविवार का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 2.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से नीचे तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कश्मीर के सीमांत जिले कुपवाड़ा में रात के तापमान में मामूली सुधार देखा गया और यह तापमान एक दिन पहले के शून्य से नीचे 2.6 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले घटकर शून्य से नीचे 1.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दक्षिण कश्मीर में कोकेरनाग के न्यूनतम तापमान में भी सुधार देखा गया और यहां पिछली रात के तापमान शून्य से नीचे 3.4 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से नीचे 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# कलेक्टर द्वारा नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों निर्वाचन-2025 घोषणा के संबंध में ली गयी प्रेसवार्ता

## नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25

**पायनियर संवाददाता ◂ दंतेवाड़ा**
www.dailypioneer.com




राज्य निर्वाचन आयोग, द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी है। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने प्रेस वार्ता ली गयी और जिले में चल रही निर्वाचन गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। जिसमें जिले में कुल जनसंख्या (2024 का अनुमानित) 326274 (महिला-165468, पुरुष 160806, जिले में निर्वाचकों की संख्या 192660 (महिला-103026, पुरुष-89633, अन्य-01) (अंतिम प्रकाशन 18.01.2025 के अनुसार) है। इसके अनुसार नगर पालिका दंतेवाड़ा पुरुष 5093 महिला (5263) 10356, नगरपालिका बड़े बचेली पुरुष (6309)महिला (6821) 13130, नगरपालिका किरन्दुल पुरुष (6431) महिला (6856) 13287, नगर पंचायत गीदम पुरुष (3095) महिला (3432) 6528, नगर पंचायत बारसूर पुरुष (2005) महिला (2413) 4418 है। कुल मतदान केन्द्र 414 (ग्रामीण-330, शहरी-84) शहरी 84 मतदान केन्द्र सामान्य मतदान केन्द्र है। आरक्षण पद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा अ.ज.जा. (महिला), नगर पालिका परिषद बड़े बचेली अ.पि.वर्ग (मुक्त), नगर पालिका परिषद किरन्दुल अनारक्षित (महिला), नगर पंचायत गीदम अनारक्षित (मुक्त),नगर पंचायत बारसूर अ.ज.जा. (मुक्त) है। शेष पदों में आरक्षण की जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इसी प्रकार जनपद पंचायत दन्तेवाडा पुरुष (19225) महिला (23212) जनपद पंचायत गीदम पुरुष (21342) महिला (24845) जनपद पंचायत कुआकोंडा पुरुष (13749) महिला (15620) जनपद पंचायत कटेकल्याण पुरुष (12384) महिला (14564) कुल मतदान केन्द्र 414 (ग्रामीण 330, शहरी-84) ग्रामीण 330 मतदान केन्द्रों में संवेदनशील 115, अति संवेदनशील 98, सामान्य 117 पंचायत निर्वाचन जनपद पंचायत दंतेवाड़ा 44 ग्राम पंचायत (मतदान केन्द्र-87), जनपद पंचायत गीदम 56 ग्राम पंचायत (मतदान केन्द्र-111), जनपद पंचायत कुआकोंडा 36 ग्राम पंचायत (मतदान केन्द्र-68), जनपद पंचायत कटेकल्याण 33 ग्राम पंचायत (मतदान केन्द्र-64) कुल 4 जनपद पंचायत, 169 ग्राम पंचायत ( मतदान केन्द्र -330 ) पद जिसके लिए निर्वाचन होगा। 10 जिला पंचायत सदस्य, 45 जनपद पंचायत सदस्य, 169 सरपंच, 2052 पंच, 2276 पद है। आरक्षण जिला पंचायत अध्यक्ष अ.ज.जा. (मुक्त) जिला पंचायत अध्यक्ष जनपद पंचायत दन्तेवाडा अ.ज.जा. (महिला), जनपद पंचायत गीदम अ.ज.जा. (महिला) जनपद पंचायत कुआकोंडा अ.ज.जा. (मुक्त), जनपद पंचायत कटेकल्याण अ.ज.जा. (मुक्त) शेष पदों में आरक्षण की जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन शिकायतों के लिए दूरभाष नंबर 07856252398 जारी कर दी गई है। नगरीय निकाय स्तर पर सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी कार्यालय में तथा जनपद पंचायत स्तर पर सभी जनपद पंचायतों में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, डिप्टी कलेक्टर लोकांश एल्मा, सहित अन्य अधिकारी एवं मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

# श्री राघव मंदिर किरंदुल में अखण्ड रामायण पाठ का होगा आयोजन

**पायनियर संवाददाता ◂ किरन्दुल**
www.dailypioneer.com



विगत वर्ष मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र की जन्मभूमि अयोध्या में 500 वर्षों की बहुप्रतीक्षित प्रतीक्षा एवं कई पीढ़ियों की त्याग, तपस्या एवं उपासना के फ्लस्वरूप देश के महान तपस्वियों, संतों की गरिमामयी उपस्थिति में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से रामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित की गई थी। इस पावन अवसर पर समूचे विश्व में सनातनियों द्वारा हर्षोल्लास से अनेक आयोजन किये गए थे। हमारे लौह नगरी के राघव मन्दिर बैलाडीला देवस्थान में भी 3 दिवसीय रामकथा का आयोजन किया गया था तथा रामकथा से पूर्व संध्या नगरपरिवार द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया था, जिसे नगरपरिवार के सनातनियों द्वारा प्रत्येक मंगलवार को निरंतर जारी रखा गया था। इसके एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर की सुख शांति समृद्धि एवं मंगलकामनाओं के पावन उद्देश्य से 21 जनवरी (माघ कृष्ण पक्ष तिथि सप्तमी) दिन मंगलवार को अखंड रामायण पाठ किया जायेगा। जिसका शुभारंभ मंगलवार प्रातः 10 बजे किया गया जो कि 22 जनवरी (माघ कृष्ण पक्ष तिथि अष्टमी) दिन बुधवार को सुबह 10 बजे तक संचालित होगी। समापन पश्चात हवन यज्ञ पूर्णाहूति एवं भोग प्रसाद के साथ किया जाएगा। प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ल द्वारा यह जानकारी उपलब्ध कराई गई।

# खदान मजदूर संघ किरंदुल द्वारा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के दंतेवाड़ा आगमन पर किया गया भव्य स्वागत




**पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल**
www.dailypioneer.com

लगातार दूसरी बार छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व मिलने के पश्चात माई दन्तेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा में किरण सिंह देव के आगमन पर छत्तीसगढ़ श्रमिक हित, उद्योग हित के साथ राष्ट्र हित सर्वोपरि के सूत्र वाक्य के सिद्धांतों पर चलते हुए कार्य करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी मजदूर संगठन भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध किरंदुल शाखा की खदान मजदूर संघ के पदाधिकारियों अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, राजेंद्र यादव, लीशांष सिंह, सूरमा, सुधा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, बस्तर सांसद महेश कश्यप, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी का आत्मीय स्वागत अभिनन्दन किया गया तथा सौजन्य भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी दिल्ली राव द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, किरंदुल मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, बचेली मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती सहित पूरे भाजपा परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित कर आभार व्यक्त किया गया है।

# पांच दिवसीय पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**पायनियर संवाददाता ◂ भानुप्रतापपुर**
www.dailypioneer.com



पांच दिवसीय पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन किया गया इस क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में तीन जिलों कांकेर बालोद राजनांदगांव के 32टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें सभी टीमों ने अपने अपने खेल का प्रदर्शन किया जिसमें फायनल मैच मेजबान टीम साल्हे वर्सेस हाटकोन्दल के बीच खेला गया जिसमें टास जीतकर साल्हे की ने पहले बल्लेबाजी करने उतरी और निर्धारित 8ओवर में 116रन,दो विकेट नुकसान पर बनायें वहीं हाटकोन्दल खिलाड़ीयों द्वारा निर्धारित अंतिम ओवरों तक 4 विकेट गंवाते हुए जीत हासिल कर लिया। इस तरह हाटकोन्दल ने प्रथम स्थान बनाते हुए 30000हजार,व चेम्पियन ट्राफी अपने नाम कर लिया और मेजबान टीम साल्हे को दुसरे स्थान पर 20000हजारव, ट्राफी से सन्तुष्ट होना पड़ा वहीं तीसरे स्थान के लिए कन्हारगांव व कराठी के मध्य मुकाबला हुआ हुआ यह मैच 5.5ओवरो का खेला गया जिसमें कन्हारगांव पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच ओवरों में 7 विकेट गंवाते हुए 37रन हि बना पाए विरोधी टीम कराठी ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट के नुकसान पर 3ओवर पर ही विजयी हुए और तीसरा ईनाम 10000हजार,व ट्राफी के हकदार बनीं इस पांच-दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में आकर्षक ईनाम मैन आफ दी सीरीज व बेस्ट बैट्समैन ज्ञान सिंह उसेंडी हाटकोन्दल को नवाजा गया और बेस्ट बालर मैन ऑफ दि मैच चन्द्रप्रकाश कडियाम साल्हे को दिया गया समापन समारोह के अध्यक्षता विजय शोरी ने की मुख्य अतिथि कान्ति बाई हिडको परिवहन संघ कच्चे रहीं विसेश अतिथि सगनी बाई जैन कोषाध्यक्ष परिवहन संघ कच्चे जिवराखन सलाम जनपद सदस्य मीरा बाई उयके वार्ड पंच एवं बढ़ते कदम के समस्त वाहन मालिक व ग्रामीण उपस्थित रहे। इस समापन समारोह के आभार व्यक्त आयोजन मेजबान टीम आमापारा साल्हे के केप्टन दीपक महला ने किया।

# आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति सैफ खान को किया गया जिला बदर

**कोंडागांव।** कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत ने जिले के मरारपारा वार्ड निवासी सैफखान को एक वर्ष के लिए जिला बदर का आदेश जारी किया है। विभिन्न गम्भीर आपराधिक प्रकरणों में उनके विरूद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 4, 5 (क) (ख) के तहत पुलिस द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर जिला बदर की कार्यवाही करने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। परिणाम स्वरूप कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 और 6 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सैफ खान को कोंडागांव जिले की राजस्व सीमाओं और सीमावर्ती जिला कांकेर, नारायणपुर, बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं धमतरी जिले की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की कालावधि 19 जनवरी 2026 तक के लिए जिला बदर किया गया है।

# बाबा साहेब सेवा संस्था ने मनाया शहीद गैंदसिंह नायक का 200 वां शहादत दिवस



**कोंडागांव।** कोंडागांव नगर के अंबेडकर चौक कोर्ट के सामने बाबा साहेब सेवा संस्था कार्यालय में संध्या सहित ज्ञान सिंह की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित माल्यार्पण श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके इतिहास उनीसगढ़ की धरती वीरता और बलिदान की गाथाओं और उनके अनेक कार्य को याद किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक प्रमोद भारती, मुकेश मारकंडेय, रमेश पोयाम, ओमप्रकाश नाग, बिराज नाग व संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय विद्यालय में होगी क्विज़ प्रतियोगिता

**पायनियर संवाददाता ◂ कोंडागांव**
www.dailypioneer.com

परीक्षा पे चर्चा-2025 कार्यक्रम से पूर्व शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा नेता सुभाष चन्द्र बोस की जयंती 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के अवसर पर कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों हेतु केंद्रीय विद्यालय कोंडागांव में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जिले के कई विद्यालयों जैसे जवाहर नवोदय विद्यालय, स्वामी आत्मानंद विद्यालय, शासकीय माध्यमिक विद्यालय आदि को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक सच्चिदानंद तिवारी ने बताया कि, कार्यक्रम सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक होगा। इसमें कक्षा 9 से 12 तक के 100 छात्र भाग लेंगे, जिनका चयन कोंडागांव जिले के विभिन्न स्थानीय राज्य बोर्ड और सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों से किया गया है। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी की गई देशभक्ति आधारित एनिमेशन सीरीज़, 'भारत हैं हम' श्रृंखला के चयनित एपिसोड दिखाए जाएंगे और उसके आधार पर प्रश्न पूछे जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य और मुख्य अतिथि द्वारा विजेताओं को प्रमाणपत्र व नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

# वाहन चालक भर्ती का प्रक्रिया शुरू, पहले दिन पहुंचे 17अभ्यर्थी

**पायनियर संवाददाता ◂ भानुप्रतापपुर**
www.dailypioneer.com




कांकेर वनवृत्त अंतर्गत पूर्व एवं पश्चिम वन मंडल भानुप्रतापपुर में वाहन चालकों की भर्ती की जानी हैं। जिसके लिए सोमवार से वाहन चालकों के कौशल परीक्षण का शुभारंभ वन विभाग के मैदान में किया गया। पूर्व वन मंडलाधिकारी दुलेश्वर प्रसाद साहू, रामेश्वर महावीर एमटीओ, एसडीओ आईपी गैंदलेके उपस्थिति में किया गया। पूर्व वन मंडल भानुप्रतापपुर में भारी वाहन के लिए 228 व हल्का वाहन के लिए 41 व पश्चिम वन मंडल भानुप्रतापपुर में भारी वाहन के लिए 67 व हल्का वाहन के लिए 47 अभ्यर्थियों ने आवेदन प्रस्तुत किया है। पहले दिन 20 अभ्यर्थी को बुलाया गया था जिसमें 17 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी भानुप्रतापपुर मोहन नेताम, दुर्गुकोंदल वन परिक्षेत्र अधिकारी मुकेश नेताम, मनोज निषाद, छबि लाल कुमेटी, प्रतीक जैन, अजय श्रीवास्तव सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# टेकाडोढा का वार्षिक आनंद मेला 26, जनवरी को

**भानुप्रतापपुर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम टेकाडोढा में आनंद मेला आयोजन रखा गया है मेला में आस पास के ग्रामीण बड़ी संख्या में आकर इस मेला में खरीदारी करते हुए मेले का आनंद लेते है इस कारण मेला में किसी प्रकार से व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए शांति समिति का बैठक कर मंडई में देख रेख करते हुए मेला में शांति पुर्वक माहौल बना रहे मेला आयोजन समिति के सदस्य रतन मंडावी ग्राम पटेल सोमजी सलाम ने बताया कि रात्रि कालीन मनोरंजन हेतु, छत्तीसगढ़ के चिन्हा नाचा पार्टी नरतोरी मुनगासेर विकास खण्ड बागबाहरा महासमुंद जिले का कार्यक्रम रखा गया है।

# कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में गणतंत्र दिवस के आयोजन के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

**पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव**
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निवार्चन व गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस के आयोजन के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजनीतिक पदाधिकारी समारोह में मुख्य अतिथि की हैसियत से उपस्थित हो सकेंगे, किंतु अपने उद्बोधन में देश की स्वतंत्रता, देश एवं राज्य की महिमा, शहीदों की उपलब्धियों, देशभक्ति प्रेरणादायी उद्बोधन तक ही सीमित रहेंगे। किसी भी स्थिति में राजनीतिक प्रचार-प्रसार की अनुमति नहीं होगी। समारोह में विभागीय झांकियों का प्रदर्शन किया जा सकेगा, लेकिन झांकियों में राजनीतिक प्रतिनिधियों के चित्र नहीं लगाए जा सकेंगे। त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधि जिनका कार्यकाल अभी शेष है, वे अपने पंचायतों व नगरीय निकायों में ध्वजारोंहण कर सकते हैं। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन करते हुए सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को संबंध में सभी एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर नहीं जा सकेंगे। उन्होंने बैठक में समय-सीमा के आवेदनों पर कार्यवाही की विभागवार जानकारी ली। साथ ही जनदर्शन एवं जन शिकायत पोर्टल में दर्ज आवेदन पत्रों पर कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्त आवेदनों पर प्राथमिकता के साथ निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अधिक से अधिक गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को जागरूक करने के भी निर्देश दिए।

# विधायक लता उसेंडी ने नहर पर स्थित जलाशय के सौंदर्यीकरण के लिए किया भूमिपूजन



**पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव**
www.dailypioneer.com



विधायक लता उसेंडी ने अधोसंरचना मद द्वारा स्वीकृत नगरपालिका अंतर्गत आने वाले नहरपारा स्थित जलाशय के सौंदर्यीकरण के लिए भूमिपूजन किया। यह जलाशय कई वर्षों से खराब पड़ा था इस सौंदर्यीकरण से शहर के लोगों में हर्ष का माहौल बना हुआ है साथ ही मंडी स्थित रोड को सीसी रोड बनाने के लिए 49-49 लाख के भूमिपूजन किया गया है इस दौरान भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, ग्राम के समस्त गायता पुजारी मांझी एवं समस्त कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

# आचार संहिता प्रभावी होते ही सम्पत्ति विरूपण पर कार्यवाही शुरू

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत के लिए निर्वाचन तिथि क़ी घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सोनी ने आचार संहिता प्रभावी होते ही नगरीय निकायों एवं पंचायत क्षेत्रों में संपत्ति विरुपण पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निर्देश के अनुपालन में नगरीय निकाय एवं पंचायत क्षेत्रों में शासकीय भावनो एवं सार्वजनिक स्थानों से सम्पति विरुपण पर कार्यवाही क़ी गई जिसमें बैनर, पोस्टर हटाने एवं दिवार लेखन को मिटाने क़ी कार्यवाही क़ी जा रही है। सम्पत्ति विरूपण अधिनियम अंतर्गत कोई भी जो सम्पत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी



सम्पत्ति से स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थों से लिखकर या चिन्हित करके उसे विरूपित करेगा वह जुर्माने से दण्डनीय होगा। अधिनियम के तहत जारी आदेश में यह कहा गया है कि किसी भी राजनीतिक दल या निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी द्वारा किसी निजी सम्पत्ति पर बैनर लगाने, पोस्टर चिपकाने, चुनाव प्रचार से संबंधित झंडे लगाने या रंग, खड़िया से लिखे जाने से पूर्व निजी सम्पत्ति के स्वामी की लिखित सहमति से संभावित दस्तावेज निर्वाचन कार्यालय में आवश्यक रूप से उपलब्ध करायें। कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी अपने समर्थकों, अनुयायियों को झंडे लगाने, बैनरों को लटकाने, नोटिसों को चिपकाने, नारे आदि लिखने के लिए सम्पत्ति स्वामी की अनुमति के बिना नहीं कर सकेंगे। इसमें भवन, भूमि, अहाता आदि शामिल है। यदि बिना सहमति से किसी निजी सम्पत्ति पर बैनर लगा हो, पोस्टर चिपका हो, चुनाव प्रचार संबंधी झंडे लगे हो या रंग अथवा खड़िया से लिखकर सम्पत्ति को विरूपित किया जाना पाया जाएगा तो सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत न केवल दण्डित किया जाएगा अपितु उसे हटाये जाने में होने वाले व्यय की वसूली भू-राजस्व बकाया की भांति निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी, राजनीतिक दल आदि से की जाएगी। इसके साथ ही साथ होने वाले व्यय को राजनीतिक दल अथवा प्रत्याशी के व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा। भारतीय दण्ड संहिता और दण्ड प्रक्रिया संहिता के अधीन दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# 31 जनवरी से पूर्व किसानों को एकमुश्त मिले अंतर की राशि : विनोद चंद्राकर

## 3100 रु. एकमुश्त भुगतान न कर सरकार पहले ही किसानों को दे चुकी है धोखा

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदकर एकमुश्त 3100 रु. का भुगतान 2 दिन के भीतर करने का वादा कर सत्ता हासिल करने वाली भाजपा की सरकार ने किसानों को छलने के अलावा कुछ नहीं किया। सरकार ने पहला छल धान खरीदी विलंब से शुरू कर किया। पश्चात अनेक प्रकार के व्यवधान उत्पन्न कर धान खरीदी को प्रभावित करने का प्रयास किया। उपार्जन केंद्रों में बारदाने की संकट, टोकन की समस्या, बफर लिमिट से अधिक धान जाम होना, परिवहन नहीं होने आदि कारणों से अनेक बार धान खरीदी बंद होती रही। जिससे किसान पूरे सीजन भर धान बेचने परेशान होते रहे। किसी तरह अनेक परेशानियों का सामना करते हुए प्रदेश



के 85 प्रतिशत किसान अपना धान बेच पाए। 15 फीसदी किसान अभी तक धान बेचने जद्दोजहद कर रहे हैं। जिन किसानों ने धान बेचा है, उन्हें भाजपा सरकार को अपने वादानुरूप एकमुश्त 3100 रु. का भुगतान दो दिन के भीतर किया जाना था। 2300 रु. केंद्र की एमएसपी के साथ 800 रु. अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान के लिए पंचायतों में अलग काउंटर लगाने का वादा भाजपा ने किया था, जो केवल जुमले ही साबित हुए। चंद्राकर ने कहा कि सरकार द्वारा 15 फरवरी तक किसानों को अंतर की राशि देने की बात कही जा रही है। जो किसानों के साथ सरासर धोखा है। 31 जनवरी के बाद धान खरीदी बंद हो जाएगी। ऐसे में किसानों को धान खरीदी के समय रहते ही एकमुश्त अंतर की राशि प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी के हिसाब से 16800 रु. तत्काल प्रदान किया जाना चाहिए। सरकार पहले ही किसानों को एकमुश्त 3100 रु. भुगतान ना कर धोखेबाजी कर चुकी है। ऐसे में अब फरवरी के 15 तारीख तक अंतर की राशि देने की बात कही जा रही है। किसानों के धान बिक्री दिनांक से अब तक का 800 रु. प्रति क्विंटल के हिसाब से सरकार को ब्याज भी देना चाहिए। वर्तमान में किसानों को रबी फसल के लिए रूपए की आवश्यकता है। खाद, बीज, दवाई के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार तारीख पे तारीख देकर किसानों के भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है।

# सम्पत्ति विरूपण अधिनियम अनुसार कार्यवाही करने संबंधित अधिकारी किए गए अधिकृत

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

छग राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2025 के तहत जिले के सभी नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के सदस्यों के लिए आम निर्वाचन होना है। उक्त आम निर्वाचन में नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में निर्वाचन होना है, वहां संपत्ति विरूपण अधिनियम प्रभावशील हो गया है। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन ने सम्पत्ति विरूपण अधिनियम अनुसार कार्यवाही करने के लिए नगरपालिक निगम धमतरी के लिए आयुक्त, नगरनिगम धमतरी एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत आमदी, नगरी, कुरूद, भखारा एवं मगरलोड तथा जनपद पंचायत क्षेत्रों के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत धमतरी, नगरी, कुरूद व मगरलोड को उनके अधिकार क्षेत्र के लिए अधिकृत किया गया है।

# बिना अनुमति विश्राम गृह/निरीक्षण गृह आरक्षित नहीं करने के आदेश जारी

**धमतरी।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए अधिसूचना जारी हो गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जिला सत्कार अधिकारी ने बताया कि अधिसूचना जारी होने के फलस्वरूप धमतरी जिला क्षेत्र अंतर्गत स्थित विश्राम गृह/निरीक्षण गृह निर्वाचन कार्य समाप्ति तक के लिए आरक्षित किया गया है। इसके मद्देनजर आदेश जारी किया गया कि कोई भी विश्राम गृह/निरीक्षण गृह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन जिला धमतरी के अनुमति के बगैर आरक्षित नहीं किया जाएगा।

# शासकीय राशि से लगे विज्ञापन एवं होर्डिंग्स हटाने दिए गए निर्देश

**धमतरी ।** छग राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2025 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। इसके मद्देनजर जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों एवं जनपद पंचायतों के सभी वार्डों में आम निर्वाचन होना है, जहां शासकीय राशि से लगे विज्ञापन एवं होर्डिंग्स को हटाया जाना आवश्यक हो गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन ने आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए सभी वार्डों के सीमा क्षेत्र एवं जनपद पंचायत के अंदर शासकीय राशि से लगे विज्ञापनों एवं होर्डिंग्स को हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं पालन प्रतिवेदन 21 जनवरी तक अनिवार्य रूप से जिला निर्वाचन कार्यालय को सूचित करने के निर्देश आयुक्त, नगरपालिक निगम धमतरी, सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को दिए हैं।

## जुलूस, लाउडस्पीकर आदि की अनुमति के लिए अनुविभागीय अधिकारी अधिकृत

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2025 के तहत नगरपालिक निगम, नगर पंचायतों एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में निर्वाचन होना है। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन ने निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों द्वारा जुलूस, आमसभा, लाउडस्पीकर आदि की अनुमति मांगने पर नियमानुसार अनुमति दिए जाने के लिए संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमतरी, नगरी एवं कुरूद को अधिकृत किया है।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का कुरूद नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोशीला स्वागत



पायनियर संवाददाता ➤ कुरुद
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव का कुरूद नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोशीला स्वागत किया। किरण देव का स्वागत करने निरंजन सिन्हा, भानु चन्द्राकर, कृष्णकांत साहु, त्रिलोकचंद जैन, पंकज सिन्हा, प्रेमचंद साहु, मालकराम साहु, कुलेश्वर चन्द्राकर, हरख जैन, लोकेश्वर सिन्हा, भोलाराम साहु, कमलेश चन्द्राकर, मुलंचद सिन्हा, कमल शर्मा, संजू चन्द्राकर, कमलेश रेड्डी, हिमांशु साहु, रवि सिन्हा, नरेन्द्र सोनी, विक्रम बंजारे, विकास चन्द्राकर, विनोद पिंटू, गायत्री साहु, अनुराधा साहु, टेकराम साहु, सितेश सिन्हा, खिलेन्द्र देवांगन, थानेश्वर तारक, भूपेन्द्र छोटू, थानेश्वर साहु, गणेश सिन्हा, इन्दू साहु, अनूप यादव, इमरान बेग, सुरज देवांगन, खेमराज सिन्हा, शैलेश नागर्ची खेमराज सिन्हा, टेकराम साहू इत्यादि उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

संयंत्र प्रमुख राजेश शंकर एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में अल्ट्राटेक सीमेन्ट लिमिटेड रावन सीमेंट सी एस आर द्वारा सी.एस.आर सामाजिक सुधार के तहत् राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के उपलक्ष्य में सडक सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर एक सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सी.एस.आर आडिटोरियम में किया गया। आयोजित कार्यक्रम में संयंत्र के सेफ्टी सुरक्षा विभाग से अग्निशमक सुरक्षा अधिकारी देवेश सिंग यादव एवं सी एस आर टीम ने युवाओं को यातायात नियमों का पालन एवं सड़क



सुरक्षा के उपर विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। उन्होने देश-विदेश एवं आसपास होने वाले सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके पीछे कारण को समझाया। इस तरह सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण बातों को अपने जीवन में अमल में लाकर दुर्घटनाओं से बचने एवं सुरक्षित रहने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों से सड़क सुरक्षा से संबंधित सवाल भी पूछे गये और उन्होने अधिक से अधिक सवालों का जवाब देकर कार्यक्रम से जुड़ाव एवं संबंधित विषय में अपनी जानकारी प्रदर्शित किया गया । सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने पर युवाओं ने कहा कि इस कार्यक्रम से जो हमें जानकारी मिली उसे अपने घरो में चर्चा करेंगे तथा घर के पुरूष सदस्यों को संभावित सड़क दुर्घनाओं से बचने के लिए नियमों के पालन करने के लिए कहेंगे। कार्यक्रम में प्रशासन सीएसआर सुरक्षा विभाग प्रमुख संजीव मिश्रा भी उपस्थित थे इस कार्यक्रम में सी एस एस प्रमुख विनोद श्रीवास्तव द्वारा यातायात के नियमों का पालन करनें के लिए प्रतिभागियों को जाकरुक किया गया, वहीं सी एस आर अधिकारी ज्योत्सना पति द्वारा कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों को सडक सुरक्षा को दैनिक जीवन मे सुरक्षित रखने हेतु सडक सुरक्षा हेतु शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सी एस आर टीम से ताराचेद वर्मा, रमा वर्मा एवं टोपेश्वर मानिकपुरी, गैंदुराम ध्रुव की भूमिका रही।

# पंकज साहू आप में हुए शामिल



पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झबक ने प्रेस वार्ता प्रेस। क्लब भवन में ली जिसमें कांग्रेस के पूर्व पार्षद एवं सामाजिक कार्यकर्ता पंकज साहू उनके साथ उनके 100 कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी ज्वाइन किए उनका स्वागत अभिनन्दन। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव संजय यादव इसके अलावा उपाध्यक्ष अशोक सोनी महासमुंद जिले की महिला जिलाध्यक्ष मेघा चंद्राकर दिलीप साहू। रमेश दिनेश दीन बंधु भरवां अजम शेख। एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। नए मुद्दे को लेकर इस बार आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ेगी। पूरे तीस वार्डों पर प्रत्याशी खड़े होंगे मेन रोड पर चौराहों में जितनी सरकारी और प्राइवेट बिल्डिंग है उन सबको एक कलर में रंगा जाएगा। रंग रोगन किया जाएगा और पूरे शहर के घरों के सामने नेम प्लेट रहेगा। मकान मालिक के नाम के अलावा वार्ड नंबर। भी रहेगा। इस तरह के और कई नए कार्य आम आदमी पार्टी करेगी। और इस बार के साथ शहर अध्यक्ष भी आम आदमी पार्टी का चुना जाएगा। लोगों में परिवर्तन की चाह है और एक नया परिणाम देखने को मिलेगा। वैसे भी महासमुंद की जनता परिवर्तनशील है हर बार परिवर्तन लाती है। हमारा उद्देश्य नगरी निकाय भ्रष्टाचार मिटाना है एक सामान्य नागरिक को नगर पालिका में उचित सम्मान दिलाना। उनके छोटे से बड़े कार्य को गंभीरता से लेकर उसका समाधान करना।

# तीव्र संगीत, ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा कोलाहल प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 संपन्न कराने के लिए घोषित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए धमतरी जिले के नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के सभी वार्डों के सदस्यों का आम निर्वाचन होना है। उनमें तीव्र संगीत, ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा कोलाहल को प्रतिबंधित करना लोकहित में आवश्यक है। इसके मद्देनजर जिला दण्डाधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ कोलाहल अधिनियम 1985 के तहत् प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए सभी प्रकार के तीव्र संगीत ध्वनि विस्तारक यंत्र, मोटरयान के प्रेशर हार्न से उत्पन्न होने वाले कोलाहल, जिससे सामान्य पैदल चलने वाला व्यक्ति घबरा जाए या जिसे सुनकर क्षोभ या सन्त्रासकारित हो को, उन समस्त नगरीय निकायों में जहाँ आम निर्वाचन होना है, में प्रतिबंधित किया है। निर्वाचन के प्रयोजनो के लिए निर्वाचन अवधि के दौरान सुबह 6 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक जिले के समस्त नगरीय निकायों के वार्डों एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारक यंत्र लाउड स्पीकर इत्यादि के प्रयोग की अनुमति के लिए शर्तें निर्धारित की गईं है। इसके तहत उक्त समयावधि में किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग तभी किया जा सकेगा जब उससे छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा समय समय पर जारी दिशा.निर्देश का कोई उल्लंघन न होता हो। चलित वाहन में ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग आयोग के द्वारा समय.समय पर जारी दिशा-निर्देशों, आदेशों के अनुरूप एवं आयोग द्वारा निर्धारित समय.सीमा पर ही किया जा सकेगा। यह प्रतिबंध धारा 13 के तहत जिन्हें कानून द्वारा छूट प्रदान किया गया है, उन पर लागू नहीं होगा। इस आदेश के द्वारा लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन किये जाने पर उक्त अधिनियम की धारा 16-1 के प्रावधान के अनुसार कोई पुलिस अधिकारी जो हेड कान्स्टेबल के पद से निम्न संवर्ग का न हो, उस ध्वनि विस्तारक यंत्र को जप्त करके कार्यवाही कर सकेगा।

# जनपद सदस्य ने जनपद निधि से स्कूल स्वागत गेट का निर्माण



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

रुद्री हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षकगणों द्वारा स्कूल में स्वागत गेट निर्माण की मांग जनपद सदस्य पिंकू जागेंद्र साहू से की थी। बहुप्रतीक्षित व सार्थक मांग को देखते हुए जनपद सदस्य ने आश्वस्त किया था कि मेरे जनपदीय कार्यकाल में रुद्री स्कूल में स्वागत गेट निर्माण अवश्य करवाऊंगा। इसी तारतम्य में जनपद सदस्य पिंकू साहू ने अपने जनपद विकास निधि से 50 हजार रुपए की राशि स्वागत गेट निर्माण के लिए दिया है जिसका भूमिपूजन 20 जनवरी को शिक्षकगणों के साथ मिलकर किया गया। इस अवसर पर रुद्री स्कूल की प्रिंसिपल दीप्ति ध्रुव, जगताप, जेस्सी, सोनवानी, शर्मा, नवनीत पचौरी सहित स्कूल के छात्रगण उपस्थित थे। रुद्री स्कूल की प्रिंसिपल दीप्ति ध्रुव ने शाला परिवार के समस्त स्टाफ की ओर से इस सराहनीय कार्य के लिए जनपद सदस्य को सहृदय से धन्यवाद प्रेषित किया और आगे भी इसी तरह रुद्री स्कूल के कई अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के लिए सहयोग प्रदान करने के लिए निवेदन किया है।

# नवकार महिला मंडल द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

नवकार महिला मंडल द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह का समापन हुआ। समापन अवसर पर यातायात विभाग द्वारा स्कूली बच्चों को यातायात सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई जिसमें एसआई सुरेश नेताम द्वारा शंकरदाह शासकीय प्राथमिक माध्यमिक स्कूल में 170 बच्चों को यातायात सुरक्षा के बारे में एवं नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने बड़े शालीनता से इस कार्यक्रम को सफल बनाकर यातायात के हर ट्रिप से जागरूकता दिखाई एवं संतोष मिनी एवं कुसुम गोलछा ने शुद्ध आहार शाकाहार के बारे में जानकारी देते हुए शाकाहार बनने के लिए प्रेरित किया एवं सभी बच्चों से अनुरोध किया कि वह अपनी सुरक्षा एवं शरीर का ख्याल रखते हुए शुद्ध आहार ग्रहण करें। जो भी बच्चे




शाकाहारी होते हैं उन्हें मंडल अपनी तरफ से उपहार भेंट करेगी। इस अभियान को नवकार महिला मंडल जोधापुर स्कूल, मंगेशकर वार्ड स्कूल, स्टेशन पारा स्कूल, हाटकेश्वर स्कूल आदि अन्य स्कूलों में जाकर 500 बच्चों को प्रभावित किया। इसमें 134 बच्चे शुद्ध शाकाहारी बने एवं हाटकेश्वर की 12 बच्चों को मंडल द्वारा सम्मानित भी किया गया। नवकार महिला मंडल एक ऐसी संस्था है जो विगत 23 सालों से अपने इस मंडल में दीन दुखी असहाय लोगों की सेवा में है। इन 23 सालों में मंडल ने 17 बच्चों की स्कूल फीस जमा की। जिन बच्चों को स्कूल से फीस न मिलने के कारण निकाला जा रहा था। 13 निर्धन कन्याओं का विवाह की सामग्री एवं विवाह के जरूरत का सामान उन्हें देकर विवाह करवाया। तीन लोगों को ट्राई साइकिल प्रदान की। शंकरदाह स्कूल में वाटर कूलर लगाया एवं कई स्कूलों में पानी की टंकियां दी। इस दौरान हर साल गर्मी में 3 महीना प्याऊ खोलती है। गौशाला विद्याश्रम अनाथालय, एग्जिट फाउंडेशन में हर समय अपनी सेवाएं देती है। एग्जिट फाउंडेशन में पांच सामूहिक जोड़ों को शादी में 10 साड़ी भेंट की। इस साल भी सेवा सप्ताह में मंडल ने सबसे पहले जोधापुर में डेंटिस्ट हेल्थ चेकअप कैंप लगाया। इसमें 70 बच्चों का चेकअप कराया गया। मंगेशकर वार्ड में बच्चों को खाद्य सामग्री, स्टेशन पारा स्कूल में कपड़े, खाद्य सामग्री, जिला अस्पताल में नवजात बच्चों को 25 स्वेटर, मोजा, कंटोप दिया गया। हिंदू अनाथालय में बच्चों को खाद्य सामग्री एवं जरूरत का सामान दिया गया। मंगेशकर वार्ड स्कूल में कपड़े एवं लडडू नमकीन, बिस्कुट, चॉकलेट, खजूर एवं घड़ी चौक में मजदूर निम्न वर्गों को 1000 कपड़े एवं तिल लडडू वितरित किया गया। सेवा सप्ताह समापन में शंकरदाह स्कूल में यातायात जागरूकता अभियान कर सभी बच्चों को स्कूल के सभी शिक्षक स्टाफ को खाद्य सामग्री दी गई एवं सुरेश नेताम सर का मंडल की इंदू जैन, बिंदु, सरिता, संजू जैन ने तिलक लगाकर श्रीफल शॉल देकर उनका एवं पुलिस कर्मियों का सम्मान किया गया। अंत में मंडल की संतोष मिनी द्वारा नेताम सर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे मंडल को अपना कीमती समय दिया उसके लिए बहुत-बहुत साधुवाद, आगे भी आपके सहयोग की आशा करते हैं। इस अवसर पर मंडल की अध्यक्ष संतोष मिनी, सचिव कुसुम गोलछा, कोषाध्यक्ष इंदु जैन, बिंदु ओसतवाल, ज्योति भंसाली, सरिता, दीपा, संजू जैन एवं स्कूल की शोभा दुबे, प्रधान पाठक कुर्रे सर, सरोज ध्रुव, हिमेश्वरी अंधारे, वर्षा तिवारी, नंदिनी साहू एवं स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

# कन्या महाविद्यालय में पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा एमओयू के तहत फैकल्टी एक्सचेंज कार्यक्रम संपन्न



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के अंग्रेजी विभाग द्वारा नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी के साथ एमओयू का कार्य डॉ.विनोद कुमार पाठक के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। एक कार्यक्रम 18 जनवरी को एमओयू के तहत पारस्परिक अंतर्संस्थागत व्यवस्था के अंतर्गत महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा कन्या महाविद्यालय के साथ सीमित अवधि के लिए आदान प्रदान का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसके तहत बीए, बीकॉम एवं बीएससी के भाग दो तथा तीन वर्ष से संबंधित छात्राओं को अंग्रेजी भाषा एवं व्याकरण द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया, अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक प्रो. रोली जांगड़े, प्रो. पी सी चौधरी, सहायक प्राध्यापक प्रो पल्लवी सेन, नीता मित्तल एवं अंकिता प्रसाद की उपस्थिति रही।

# नगरीय निकाय त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में कलेक्टर ने ली प्रेसवार्ता

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में नगरीय निकाय/ त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 अंतर्गत चुनाव तैयारियों के संबंध में प्रेसवार्ता में मीडिया को अवगत कराया। इस अवसर पर एडीएम अरविन्द एक्का, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर विरेन्द्र और एएसपी अभिषेक झा भी मौजूद थे। कलेक्टर चौधरी ने बताया कि नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत नामांकन प्रारंभ की तिथि 22 जनवरी 2025, नामांकन की अतिम तिथि 28 जनवरी 2025, नामांकन की जांच 29 जनवरी 2025, नाम वापसी की तिथि 31 जनवरी 2025, मतदान दिवस की तिथि 11 फरवरी 2025 और परिणाम की तिथि 15 फरवरी 2025 को निर्धारित है। इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत नामांकन प्रारंभ तिथि 27 जनवरी 2025, नामांकन की अंतिम तिथि 03 फरवरी 2025, नामांकन की जांच 04 फरवरी 2025, नाम वापसी 06 फरवरी 2025, मतदान दिवस की तिथि दुर्ग में 17 फरवरी, पाटन में 20 फरवरी और धमधा में 23 फरवरी 2025 को, खंड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना (यदि आवश्यक हो) दुर्ग में 18 फरवरी, पाटन में 21 फरवरी और धमधा में 24 फरवरी 2025 को निर्धारित है। समय एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा हेतु पंच/सरपंच/ जनपद सदस्य के लिए दुर्ग में 19 फरवरी को और जिला सदस्य के लिए 20 फरवरी 2025 को निर्धारित है। पाटन में पंच/ सरपंच/ जनपद सदस्य के लिए 22 फरवरी को और जिला सदस्य के लिए 23 फरवरी 2025 को निर्धारित है। धमधा में पंच/ सरपंच/ जनपद सदस्य एवं जिला सदस्य के लिए 25 फरवरी को निर्धारित की गई है। नगर पालिका निर्वाचन के अंतर्गत मतदाताओं की संख्यात्मक जानकारी- नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में 60 वार्डों के 237955 मतदाता, नगर पालिक निगम भिलाई के 02 वार्ड में मतदाता 11348, नगर पालिक निगम रिसाली के एक वार्ड में 2196 मतदाता, नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के एक वार्ड में मतदाता 2316, नगर पालिका परिषद अहिवारा के 15 वार्डों में कुल मतदाता 16562, नगर पालिका परिषद अम्लेश्वर के 18 वार्डों में मतदाता 12575, नगर पालिका परिषद कुम्हारी के 24 वार्डों में मतदाता 31304, नगर पंचायत धमधा के 15 वार्डों में 8027, धमधा के 15 वार्डों में 8544 और नगर पंचायत उतई के 15 वार्डों में 8116 मतदाता शामिल है। इसी प्रकार दुर्ग जिले के त्रिस्तरीय पंचायत की संख्यात्मक जानकारी- दुर्ग जनपद क्षेत्र में 73 पंचायतों में 162831, पाटन क्षेत्र में 108 ग्राम पंचायतों में 166149 और धमधा क्षेत्र के 119 ग्राम पंचायतों में 167733 मतदाता शामिल है। नगर पालिक निर्वाचन वार्ड एवं मतदान केन्द्रों की जानकारी - आम निर्वाचन नगर पालिक निगम दुर्ग में 265 मतदान केन्द्र, उप निर्वाचन नगर पालिक निगम भिलाई में 15 मतदान केन्द्र, उप निर्वाचन नगर पालिक निगम रिसाली में 03 मतदान केन्द्र, उप निर्वाचन नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा में 03 मतदान केन्द्र, आम निर्वाचन नगर पालिका परिषद अहिवारा 18 मतदान केन्द्र, आम निर्वाचन नगर पालिका परिषद कुम्हारी में 37 मतदान केन्द्र, आम निर्वाचन नगर पालिका परिषद अम्लेश्वर 18, आम निर्वाचन नगर पंचायत धमधा में 15, पाटन में 15 और उतई में 15 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन मतदान केन्द्र जनपद पंचायत दुर्ग में 257 मतदान केन्द्र, पाटन में 294 और धमधा में 308 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं।

# आबकारी विभाग दुर्ग की अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय पर बड़ी कार्यवाही

- देशी, विदेशी एवं कच्ची शराब की कुल 88 लीटर मदिरा एवं 500 किग्रा लाहन जप्त

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा-निर्देश व प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी सी. आर. साहू के मार्गदर्शन में प्रातः गश्त के दौरान ग्राम घटियाखुर्द थाना नंदिनी नगर में अवैध शराब के निर्माण, विक्रय एवं धारण की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित एवं विधिवत् कार्यवाही कर आरोपी राहुल पारधी, नागेश्वर पारधी, अनिकेत पारधी, बबला पारधी, संजू पवार जाति पारधी, मुंशी राम पारधी के कब्जे से 44.64 लीटर देशी व विदेशी मदिरा जप्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य 28000 रूपये है। 43 लीटर कच्ची मदिरा गुड़ निर्मित, जिसका बाजार मूल्य 6400 रूपये है एवं 500 किलोग्राम लाहन, जिसका बाजार मूल्य 25000 रूपये है तथा भारी मात्रा में मदिरा निर्माण सामाग्री गैस, चूल्हा, डेचकी आदि जप्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य लगभग 10000 रूपये है। इस प्रकार जप्त मदिरा एवं सामग्रियों का कुल बाजार मूल्य लगभग 69400 रूपये है।

उक्त प्रकरण में आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 59 (क) एवं 34 (1) (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर 05 आरोपियों को जेल दाखिला किया गया तथा 01 आरोपी मुंशी राम पारधी के विरूद्ध 34 (1) (ख) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। उक्त प्रकरण में आबकारी विभाग दुर्ग के सहायक जिला आबकारी अधिकारी निर्मला ठाकुर, पकंज कुजूर, आबकारी उप निरीक्षक अरविन्द साहू, हरिश पटेल, भूपेन्द्र नेताम, प्रियंक ठाकुर, गितांजलि तारम, कीर्ति ठाकुर, अनामिका टोप्पो, भोजराम रत्नाकर, आबकारी मुख्य आरक्षक सन्तोष दुबे, प्रहलाद सिंह राजपूत, आरक्षक देवप्रसाद पटेल, संदीप तिर्की, चितेश्वरी ध्रुव खुलदीप यादव के साथ संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग से सहायक जिला आबकारी अधिकारी सी.पी. सिंह, आबकारी मुख्य आरक्षक पाण्डेय एवं ड्राईवर कृष्ण कुमार कोसले का विशेष योगदान रहा।

# आदर्श आचार संहिता लगते ही निगम क्षेत्र में लगे राजनैतिक बेनर, पोस्टर, फ्लेक्स हटाने की कार्यवाही शुरू

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24 हाउसिंग बोर्ड एवं वार्ड क्रमांक 35 शारदा पारा केम्प 2 में पार्षद चुनाव कराया जाना है। शासन द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद निर्वाचन नियमावली के तहत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में संपत्ति विरूपण अधिनियम का पालन किया जा रहा है। जिसके तहत दोनो वार्ड क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए राजनैतिक बेनर, पोस्टर, फ्लेक्स की जप्ती तथा दीवार लेखन की पोताई के साथ निगम की टीम कार्यवाही कर रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन आयुक्त, को निर्देशित किये है, कि निजी भवनों में हुए दीवार लेखन को हटाने से पूर्व भवन मालिक से अनुमति पत्र जॉच लेवे। दोनो वार्ड क्षेत्र में संपत्ति विरूपण अधिनियम अंतर्गत लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। जोन कार्यालय का दल लगा हुआ है। कोई भी प्रचार सामग्री जिससे मतदाता प्रभावित हो लगाना निषेध है। यदि कोई राजनैनिक दल या उम्मीदवार लगाना चाहते है तो नियमानुसार निगम भिलाई के राजस्व विभाग, जनगणना शाखा से अनुमति लेनी होगी। अनुमति पश्चात नियमानुसार बैनर, पोस्टर लगा सकते है। यदि व्यक्ति आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है या बिना अनुमति के विज्ञापन बोर्ड एवं दीवार लेखन करता है। तो उसके विरूद्ध निर्वाचन आयोग के तहत अनुशानात्मक कार्यवाही की जावेगी। 22 जनवरी से सुबह 10:30 बजे से 3 बजे तक निगम के मुख्य कार्यालय में स्थित तहसील कार्यालय में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी निर्धारित है। प्रत्याशी समय अवधि में आकर नियमानुसार अपना नामांकन कर सकते है।

# कृष्णा स्कूल के वार्षिकोत्सव विविध में बिखरी कला व संस्कृति की छटा

## विभिन्न राज्यों की पारम्परिक नृत्य के साथ शिक्षाप्रद नाटकों का हुआ मंचन

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com




कृष्णा हायर सेकण्डरी स्कूल रामनगर के उत्सव भवन सुंदर नगर में आयोजित वार्षिकोत्सव विविध 2025 में बिखरी कला व संस्कृति की मनोरम छंटा ने दर्शक दीर्घा में मौजूद पालकों व अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्री-प्राइमरी से लेकर हायर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ सहित अन्य विभिन्न राज्यों की पारम्परिक नृत्य के साथ शिक्षाप्रद नाटकों का मंचन किया। समारोह का आरंभ बच्चों के दादा-दादी व नाना-नानी द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण प्राथमिक बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रम एवं छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए शिक्षाप्रद कार्यक्रम एवं भिन्न भिन्न प्रांतों की नृत्य शैली रही। जिसमें छत्तीसगढ़ की बारहमासी, राजस्थान की कलवेरिया, पंजाब की गिद्दा, महाराष्ट्र की गोंदलमाता सहित देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्यों की प्रस्तुति ने दर्शक दीर्घा को बांधे रखा। मंचीय प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने ऑनलाइन ठगी, बेटी बचाओ, सड़क सुरक्षा और अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान का संदेश दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की धर्मपत्नी ऋचा सेन, मिस्ट्रेस इंडिया 2024 गीत सोन एवं समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू ने बच्चों की प्रस्तुति की खूब सराहना की। अतिथियों के माध्यम से शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत एवं उनके पालकों का सम्मान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं वालिंटियर की भूमिका निभा रहे विद्यार्थियों का अहम योगदान रहा। विद्यालय की डायरेक्टर जसलीन कौर ने अपना पूरा सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। प्राचार्या रंजीत कौर ने सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं की मेहनत और टीमवर्क की सराहना की एवं बधाई दी।

# नगरीय निकाय चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। नगरीय निकायों में 11 फरवरी 2025 को मतदान एवं त्रिस्तरीय पंचायतों में 17 फरवरी, 20 फरवरी एवं 23 फरवरी 2025 को मतदान होना है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने सभी राजनीतिक दलों और शासकीय अधिकारियों को छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए नगर पालिका/त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत नगर पालिक निगम दुर्ग एवं भिलाई, रिसाली, भिलाई चरोदा तथा नगर पालिका परिषद कुम्हारी/अम्लेश्वर/अहिवारा तथा नगर पंचायत धमधा/ पाटन/उतई के आम/उप निर्वाचन 2025 एवं जनपद पंचायत दुर्ग/धमधा/पाटन में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। दुर्ग जिले के अंदर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र यथा बन्दूक, राइफल, भाला, बल्लम, बरछा, लॉठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं, रैली, जूलूस एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। कोई भी राजनीतिक या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। दुर्ग जिले के नगर पालिक निगम दुर्ग एवं शेष नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा।

# आचार संहिता लागू होते ही हटने लगे शहर से सभी राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स, बैनर व पोस्टर

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आगामी नगरीय निकाय आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होते ही आदर्श आचार संहिता लगने और चुनाव की तारीखें घोषित होने के साथ ही प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। सोमवार को निर्वाचन आयोग की ओर से इसकी घोषणा किए जाने के बाद कलेक्टर/निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश व आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर प्रभारी अतिक्रमण परमेश्वर के नेतृत्व में अतिक्रमण दल द्वारा सार्वजनिक स्थानों से होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर आदि प्रचार सामग्रियों को हटवाना शुरू कर दिया। पटेल चौक मुख्य जीई रोड, राजेन्द्र पार्क सहित चौराहा, गौरव पथ, जेल तिराहा, पुलगांव मिनी माता तिराहा, बस स्टैंड आदि जगहों पर लगातार राजनीतिक दलों के होर्डिंग को तेजी से हटाया जाने लगा। इसके अलावा सरकारी कार्यालयों से भी होर्डिंग्स उतारने का कार्य शुरू किया गया है। साथ ही दीवारों में सभी राजनीतिक दलों के प्रचार प्रसार को भी पोता जा रहा है। बाजार क्षेत्रों में सभी प्रमुख चौराहों लगी प्रचार सामग्री को नगर पालिक निगम द्वारा संपत्ति विरूपण दल का गठन टीम द्वारा हटाने का कार्य शुरू किया गया है। सरकार की उपलब्धियों को दर्शाने वाले होर्डिंग्स भी उतरवा दिए गए हैं। निगम प्रशासन हरकत में दिखा और होर्डिंग व बैनर जैसी सभी राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री को उतरवाया गया। सभी दलों के प्रचार सामग्रियों से पटे प्रमुख चौराहों का नजारा बदल गया और सारे होर्डिंग्स और बैनर हटाए जाने का अभियान शुरू कर दिया गया। अगामी नगर निगम दुर्ग, स्थानीय निर्वाचन आर्दश आचार संहिता का सख्ती से पालन किये जाने निकाय क्षेत्र में वार्डवार एरिया का सर्वे कर शासकीय भवन तथा सार्वजनिक स्थल की संपत्तियो में किसी भी प्रकार का दीवार लेखन, बेनर, पोस्टर होर्डिंग, झंडा, फलेक्स तथा अन्य प्रचार सामग्रियो को चिन्हाकन कर आर्दश आचार संहिता प्रभावशील होते ही शासकीय भवनो एवं परिसरो व सार्वजनिक क्षेत्र मे हटाया जा रहा है।

# कुरूद लोहिया रोड़ पर हो रहे अवैध अतिक्रमण पर निगम की टीम ने की बेदखली कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के वैशाली नगर जोन क्रमांक 02 अंतर्गत निगम की टीम ने अवैध अतिक्रमण पर बेदखली कार्यवाही की गई। कुरूद लोहिया रोड़ में नवनिर्मित मकान के मालिक द्वारा शासकीय भूमि में अपने घर के सामने अवैध रूप से सेप्टिक टेंक बनाकर कब्जा किया गया था। जिसे प्राप्त शिकायत के आधार पर जोन क्रमांक-02 के राजस्व अमले ने पुलिस बल की मौजूदगी में बेदखल किया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के दिये गये निर्देश पर कलेक्टर जनदर्शन में दर्ज शिकायत के आधार पर जोन-2 के राजस्व अमले ने कुरूद लोहिया रोड में घर के सामने सड़क से लगाकर बनाये गये सेप्टिक टेंक को जे.सी.बी के माध्यम से ध्वस्त किया गया। प्राप्त शिकायत के अनुसार वार्ड 21 कुरूद में दिनेश सिंह द्वारा अपने घर के बगल में बना रहे मकान मालिक द्वारा शासकीय भूमि पर सेप्टिक टेंक अवैध रूप से बनाये जाने की शिकायत की गई थी। जिसे मंगलवार को बेदखली की कार्यवाही जोन-2 के राजस्व अमला द्वारा किया गया। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, वार्ड प्रभारी अरूण सिंह, कृष्ण कुमार सुपैत, गुप्तानंद तिवारी, हरि ताम्रकार, मदन मोहन तिवारी, जागेश्वर पटेल, अमीत कोसरे, प्रतीक तिवारी, तोड फोड दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, मंगल बंजारे, कन्हैया यादव आदि उपस्थित रहे।

# नगरीय निकाय त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025, नामांकन शुरू

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निवार्चन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकायों का नामांकन प्रारंभ है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय निकायों के आरओं/एआरओं द्वारा नाम निर्देशन प्राप्त करने हेतु कलेक्टोरेट एवं अन्य स्थानों में कक्ष निर्धारित की गई। प्राप्त जानकारी अनुसार नगर पालिक निगम दुर्ग- अपर कलेक्टर दुर्ग अरविंद कुमार एक्का वार्ड 01 से 60 तक न्यायालय कलेक्टर दुर्ग कक्ष क्रमांक 04, संयुक्त कलेक्टर दुर्ग हरवंश सिंह मिरी वार्ड 01 से 12 तक न्यायालय कलेक्टर दुर्ग कक्ष क्रमांक 31, संयुक्त कलेक्टर दुर्ग मती लता युगल उर्वसा वार्ड 13 से 24 तक न्यायालय कलेक्टर दुर्ग कक्ष क्रमांक 32, संयुक्त संचालक दिवाकर सिंह वार्ड 25 से 36 तक न्यायालय कलेक्टर दुर्ग कक्ष क्रमांक 33, प्रबंधक तुषार त्रिपाठी वार्ड 37 से 48 तक न्यायालय कलेक्टर दुर्ग कक्ष क्रमांक 29, तहसीलदार प्रफु ल्ल गुप्ता को वार्ड 49 से 60 तक न्यायालय कलेक्टर दुर्ग कक्ष क्रमांक 20। नगर पालिक निगम भिलाई अपर कलेक्टर एवं आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग सुमीत अग्रवाल वार्ड 24 एवं 35 के लिए न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कक्ष नगर निगम भिलाई। नगर पालिक निगम रिसाली में अपर कलेक्टर एवं आयुक्त नगर निगम भिलाई राजीव पाण्डेय वार्ड 34 के लिए कार्यालय आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली कक्ष क्रमांक 35। नगर पालिका निगम भिलाई चरोदा -अपर कलेक्टर मती मोनिका वर्मा वार्ड 32 के लिए नगर निगम कार्यालय चरोदा।


**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
(CIN:L36911RJ1996PLC011381)
रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की" धारा 13(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/सह–ऋणीयों/ गारण्टर बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनों के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नहीं करवाते हैं तो प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के व्याज तथा खर्चा एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3 (5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चा प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋण खाता संख्या/ ऋणी/सहऋणी/ बंधकर्ता/गारन्टर का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि |
|---|---|
| (ऋण खाता सं.): 2221233844197200, 9001220330619560 & 9001220330619690, मैसर्स लावन्या ट्रेडर्स जरिये प्रोपराइटर श्रीमती उमा अग्रवाल (ऋणी), श्रीमती उमा अग्रवाल पत्नी सत्यनारायण अग्रवाल (बंधककर्ता), श्रीमती सोनू अग्रवाल पत्नी श्री राहुल सिंघल (गारंटर/ बंधककर्ता), श्री राहुल सिंघल पुत्र श्री सत्यनारायण सिंघल (गारंटर/ बंधककर्ता) | 13-01-2025 ₹ 41,51,289 + 71,28,831+ 21,33,758 = 1,34,13,878/- एक करोड चौंतीस लाख तेरह हजार आठ सौ अठहत्तर रूपये मात्र) 13-जनवरी-25 तक |

**बंधक सम्पत्ति का विवरण**
दृष्टिबंधक की अनुसूचीः
ऋण की सम्पूर्ण वर्तमान और भविष्य की मोजुदा परिसंपत्तियों का दृष्टिबंधन, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ कच्चे माल का स्टॉक, प्रगति पर कार्य, तैयार माल, प्राप्य, बही ऋण और परियोजना से उत्पन्न होने वाली अन्य चालू परिसंपत्तियां शामिल हैं।
अचल बंधक सम्पत्ति की अनुसूचीः
1. व्यावसायिक संपत्ति के सभी अभिन्न अंग स्थित कार्यालय संख्या 320–ए, जिसका माप क्षेत्र 260 वर्ग फीट या 24.16 वर्ग मीटर है और कार्यालय संख्या 320–बी, जिसका माप क्षेत्र 260 वर्ग फीट या 24.16 वर्ग मीटर है, (सभी अधिकारों, सुविधाओं और भूमि में आनुपातिक हिस्सेदारी और हित के साथ जैसा कि पंजीकृत बिक्री विलेख संख्या 2105, दिनांक जो की 19–06–2019 में विशेष रूप से वर्णित है) तीसरे तल पर, 'लाल गंगा मिडास नामक भवन परियोजना में खसरा संख्या 261/4, बियरिंग शीट संख्या 16, प्लॉट संख्या 80 पर विकसित और निर्मित, फाफाडीह गांव में स्थित, पीएच. नंबर 108/48, आर.आई.सी. रायपुर–1, वार्ड क्रमांक 22, राजीव गांधी वार्ड, रायपुर, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़। जो की श्रीमती उमा अग्रवाल के स्वामित्व में है। कार्यालय क्रमांक 320–ए की सीमाएं नीचे दी गई हैं: –
पूर्वः कार्यालय क्रमांक 319, पश्चिमः कार्यालय क्रमांक 320–बी और 321, उत्तरः गलियारा, दक्षिणः सेट बैक के लिए खुली भूमि
कार्यालय क्रमांक 320–बी की सीमाएं नीचे दी गई हैं: –
पूर्वः कार्यालय क्रमांक 320 ए और 319, पश्चिमः कार्यालय क्रमांक 321, उत्तरः गलियारा, दक्षिणः सेट बैक के लिए खुली भूमि
2. आवासीय संपत्ति संपत्ति के सभी अभिन्न अंग स्थित पारिवारिक इकाई प्रकार 'बी', 8वीं मंजिल पर फ्लैट क्रमांक 802, कुल निर्मित क्षेत्रफल 2252.23 वर्ग फीट और कारपेट एरिया 1273 वर्ग फीट। फैमिली यूनिट नं. 802 के ऊपर पेंट हाउस बनाया गया है, जो यूनिट नं. 802 का हिस्सा है। पेंट हाउस में एक कमरा है जिसमें अटैच टॉयलेट है। इसका निर्मित क्षेत्रफल 204.51 वर्ग फीट है। इसका सामान्य क्षेत्रफल 160.82 वर्ग फीट और टेरेस क्षेत्रफल 333.04 वर्ग फीट है। कुल क्षेत्रफल 2950.40 वर्ग फीट है, (सभी अधिकारों, सुविधाओं और भूमि में आनुपातिक हिस्सेदारी और हित के साथ जैसा कि पंजीकृत बिक्री विलेख संख्या 3099 दिनांक 20–10–2021 में अधिक विशेष रूप से वर्णित है) 'अशोका रोयाल' जो की नामक परियोजना/भवन की 8वीं मंजिल पर, ब्लॉक–सी, फेज–2, बिल्डिंग 'अशोका रोयाल' ब्लॉक–सी/फेज–2 जो की क्षेत्रफल 42301.24 वर्ग फीट या 0.393 हेक्टेयर खसरा नं. 1121/4 के हिस्से में शामिल, ग्राम शंकर नगर, पी.सी. नंबर 110/40 डॉ. भीमराव अंबेडकर, वार्ड नं. 27, (नया वार्ड नं. 10 रानी लक्ष्मी बाई वार्ड), अशोक रत्न परिसर, विधानसभा रोड टाउन, आर.एन.एम. तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ में स्थित है। जो की श्री राहुल सिंघल और श्रीमती सोनू अग्रवाल के स्वामित्व में है। सीमाएँ नीचे दी गई हैं: –
पूर्वः ड्राइव वे, पश्चिमः फ्लैट नं. 803, उत्तरः फ्लैट नं. 801 दक्षिणः ड्राइव वे
दिनांक : 21.01.2025 स्थानः छत्तीसगढ प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड


## दो दिवसीय करियर गाइडेंस, उद्यमिता विकास और संविधान जानो कार्यशाला का सेक्टर-6 में समापन

# संविधान सिर्फ एक लीगल डॉक्यूमेंट नहीं बल्कि सामाजिक क्रांति का दस्तावेज : प्रो. माने

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



दो दिवसीय करियर गाइडेंस, उद्यमिता विकास और संविधान जानो कार्यशाला का समापन डॉ अंबेडकर भवन (पुराना बीएसपी स्कूल), रेलवे अंडरब्रिज के सामने, सेक्टर 6 भिलाई नगर में हुआ। डॉ अंबेडकर एक्जीक्यूटिव फ्रेटरनिटी भिलाई, सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ एनस्टेप छत्तीसगढ़ और मूलनिवासी कला साहित्य और फिल्म फेस्टिवल भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में उच्चतर स्कूली कक्षाओं के विद्यार्थी सहित नौजवान बड़ी संख्या में भागीदारी दी। इस दौरान संविधान बनने की प्रक्रिया, संविधान सभा की बहसों और मूल बातों से लोग अवगत हुए। इस कार्यशाला का प्रारंभ उद्यमिता विकास पर मार्गदर्शन से हुआ। दूसरे दिन समापन सत्र में संविधान को जानों कार्यक्रम के अंतर्गत विषय विशेषज्ञ के तौर पर मुंबई से प्रो. सुरेश माने उपस्थित थे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी में दुनिया जब विज्ञान और विकास की राह पर चलती है तो सर्वाधिक आबादी वाले हमारे भारत देश में नागरिकों को अपने दायित्व बोध के प्रति एक तरह से प्रशिक्षित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्ग को एक सूत्र में बांध कर रखना और भाईचारे के आधार पर समाज की पुनर्रचना करना हमारे भारतीय संविधान का मूल मकसद है। इस मकसद को हासिल करने संविधान साक्षरता की ज्यादा जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमारा संविधान सिर्फ एक लीगल डाक्यूमेंट नहीं है बल्कि सामाजिक क्रांति का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि पेरियार, फुले, रैदास, कबीर, गुरु घासीदास, नारायण गुरु, शाहूजी महाराज और डॉ अम्बेडकर के सामाजिक संघर्षों के इतिहास को समझे बिना भारत के संविधान को नहीं समझा जा सकता है। आयोजन को संबोधित करते हुए भिलाई स्टील प्लांट के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार ने कहा कि संविधान को जानना हर नागरिक के लिए आवश्यक है। हम अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी जानेंगे तभी देश की प्रगति संभव है। उन्होंने कहा कि समाज का उत्थान तभी संभव है, जब हम अपने अधिकार और कर्तव्य को भी अच्छी तरह जानें और समझे। इस सत्र में डायरेक्टर जंगल सफारी धम्मशिल गणवीर ने वन विभाग पर आधारित उद्योग, होम स्टे और टूरिज्म में नौजवानों की भागीदारी पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने ग्रामीणों की भागीदारी से कांगेर वैली को पर्यटन के लिए विकसित करने के अपने प्रयोग पर भी जानकारी दी। इससे पहले सुबह 10.00 बजे से प्रशिक्षण सत्र में छत्तीसगढ़ के युवक युवतियों को उद्यमिता विकास हेतु भगवान गवई मुंबई, संजय गजघाटे, संयुक्त संचालक उद्योग विभाग रायपुर, अश्वनी बंजारा कृषि विभाग रायपुर, शकुंतला केसकर सफल उद्यमी भिलाई, रायपुर संजीव सुखदेवे उद्योग विभाग रायगढ़ और डा आर के रामटेके, प्रोफेसर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग ने मार्गदर्शन दिया। रविवार को शाम 6 बजे से पांचवें और अंतिम सत्र में भगवान गवई और प्रोफेसर सुरेश माने ने एससी-एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के उद्योगपतियों और व्यवसायियों से बेहतर बिजनेस ग्रोथ और इंटरनेशनल बिजनेस लिंकेजेस की संभावनाओं पर अनौपचारिक बातचीत की।

## संपादकीय

# ट्रंप का आगमन दूसरा कार्यकाल

**डोनाल्ड ट्रंप** से अपने दूसरे कार्यकाल में घरेलू नीतियों में परिवर्तन के साथ दुनिया में अमेरिका की भूमिका पुन: परिभाषित करने की उम्मीद है। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण कर अपना दूसरा कार्यकाल शुरू किया जो अमेरिका के राजनीतिक इतिहास में महत्वपूर्ण मोड़ है। शपथ ग्रहण समारोह में दुनिया भर के विशिष्ट अतिथि उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि चीनी उप-राष्ट्रपति हैन झेंग ने चीन का प्रतिनिधित्व किया जो आने वाले वर्षों में अमेरिका-चीन संबंधों का महत्व दिखाता है। उम्मीद है कि राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत अनेक निर्णायक कार्रवाइयों से होगी। उन्होंने पहले ही दिन कार्यालय में लगभग 100 कार्यकारी आदेशों की योजना बनाई थी जिनमें आप्रवासी, व्यापार और ऊर्जा को केन्द्रीय स्थान मिला है। इन आदेशों का उद्देश्य अवैध आप्रवासियों का निष्कासन, जन्म से नागरिकता का अधिकार समाप्त करना तथा 'मुस्लिमों पर प्रतिबंध' पुन: लागू करना शामिल है। आर्थिक दृष्टिकोण से उन्होंने टैरिफ बढ़ाने, टैक्स घटाने तथा विनियमन कम करने की योजना बनाई थी। ट्रंप ने 'हरित ऊर्जा पहलों' को घटा कर फासिल ईंधनों का उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किया है। उनकी सांस्कृतिक नीतियों में ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिला खेलों से बाहर करना तथा नाबालिगों के लिए हारमोन चिकित्सा को सीमित करना शामिल है।

अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में चीन के प्रति राष्ट्रपति ट्रंप का दृष्टिकोण आक्रामक है। उन्होंने आयातों पर 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत टैक्स बढ़ाने की बात कही थी।



अमेरिकी डालर का प्रयोग रोकने की स्थिति में इनको चीन व रूस जैसे ब्रिक्स देशों के लिए बढ़ा कर शत प्रतिशत करने का इरादा था। इसके साथ ही ट्रंप ने फेंटानिल जैसे नशे के व्यापार तथा अमेरिका में चीनी टिकटाक जैसी कंपनियों पर रोक लगाने के संकेत पहले ही दिए थे। ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच एक हालिया फोन वार्ता में व्यापार, फेंटानिल व टिकटाक जैसे मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया गया। इससे संकेत मिलता है कि चीन और अमेरिका के बीच संभवत: जटिल व विवादास्पद संबंधों का दौर शुरू होने वाला है। भारतीय कंपनियों तथा टेक् पेशेवर भारतीयों के लिए अमेरिका में एच-1बी वीसा का मुद्दा ज्यादा महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अमेरिका और भारत के बीच संबंधों में अवसरों और चुनौतियों की उम्मीद है। राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच व्यक्तिगत संबंधों से लगातार सहयोग बढ़ाने में सहायता मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल में भारत-अमेरिका संबंध बहुत अच्छे रहे हैं जिसमें ट्रंप व मोदी के बीच मित्रतापूर्ण संबंधों ने उल्लेखनीय योगदान किया था। लेकिन ट्रंप की 'अमेरिका प्रथम' नीतियों से व्यापार के मुद्दों पर खासकर सूचना प्रौद्योगिकी व फार्मास्यूटिकल्स के मामलों में तनाव पैदा हो सकता है जहां भारत के काफी हित निहित हैं। इन संभावित बाधाओं के बावजूद हिंद-प्रशांत में भारत का रणनीतिक महत्व तथा उसकी भूमिका बढ़ सकती है। इसके साथ ही वैश्विक सप्लाई श्रृंखला के चीन से आगे बढ़ कर विविधीकरण से भारत को लाभ हो सकता है और इससे भारत-अमेरिका संबंध मजबूत हो सकते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के अपने दूसरे कार्यकाल में प्रवेश के समय सारी दुनिया उनके प्रशासन की नीतियों पर नजरें जमाए है। देखना होगा कि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं, खासकर भारत और चीन पर ट्रंप प्रशासन की नीतियों का कैसा प्रभाव पड़ता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार द्वारा आगे आने वाले महीनों में लिए गए निर्णयों से अंतरराष्ट्रीय व्यापार, सुरक्षा तथा राजनयिक संबंधों पर असर पड़ सकता है।

# एलपीजी सब्सिडी: तार्किकीकरण जरूरी

एलपीजी को लागत से कम कीमत पर बेचने से सरकारी कंपनियों को भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। सरकार ने वित्तीय बोझ सहन करने के लिए 35,000 करोड़ सब्सिडी दी है।



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)



यदि केवल एलपीजी सब्सिडी को गरीब परिवारों तक सीमित रखने तथा इसे पारदर्शी बनाने के पहले के निर्णय पर अमल किया गया होता तो सरकार को यह बोझ न उठाना पड़ता। लेकिन वर्तमान राजनीतिक परिवेश में ऐसा सोचना लगभग असंभव है क्योंकि सभी निर्णय आर्थिक नीति के आधार पर सटीक होने के बजाय लोकरंजकता से प्रभावित होते हैं।

**वर्तमान वित्त वर्ष** 2024-25 में सरकारी कंपनियों इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड-आईओसी, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-बीपीसीएल तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-एचपीसीएल को सस्ते दामों पर घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी सप्लाई करने पर क्रमश: 19550 करोड़, 10400 करोड़ तथा 10570 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ेगा। इस प्रकार कुल 40,500 करोड़ रुपये नुकसान की भरपाई के लिए सरकार ने 35,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी है। 1 फरवरी, 2025 को पेश किए जाने वाले 2025-26 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वर्तमान वित्त वर्ष के संशोधित अनुमानों में 10,000 करोड़ तथा 2025-26 के बजट अनुमानों में बाकी 25,000 करोड़ रुपये का प्राविधान करेंगी। घाटे का कारण यह है कि इन निगमों ने एलपीजी प्रति 14.2 किलो 803 रुपये प्रति सिलिंडर बेची, जबकि खुदरा बिक्री बिंदुओं पर इसका खर्च अधिक था। कीमत का हिसाब रिफाइनरी-गेट कीमत या आरजीपी पर किया जाता है और इसमें माल भाड़ा, मार्केटिंग खर्च, मार्केटिंग मुनाफा, डीलरों का कमीशन तथा टैक्स व ड्यूटी जोड़ी जाती हैं। वर्तमान वित्त वर्ष में यह लागत 1043 रुपये प्रति सिलिंडर आती है और इस प्रकार प्रति सिलिंडर 240 रुपये घाटा होता है जो कुल 169 करोड़ सिलिंडरों की बिक्री पर 40,500 करोड़ रुपये हो जाता है। मोदी सरकार ने एलपीजी पर सब्सिडी वित्त वर्ष 2021-22 में देनी बंद कर दी थी। फिर बजट से इसके लिए भारी भुगतान क्यों करना पड़ता है? एलपीजी एक पर्यावरण तथा मानव -स्वास्थ्य हितैषी ईंधन है, इसलिए सरकार इससे करोड़ों परिवारों की आवश्यकता पूरी करती है। सरकार केवल गरीब परिवारों को एलपीजी पर सब्सिडी देती है। सरकार को लाभार्थियों के आय पर नजर रखते हुए बेहतर स्थिति में पहुंचे ऐसे लोगों की सब्सिडी हटानी पड़ती है जो इसके भुगतान में सक्षम होते हैं और उनसे लागत का दाम वसूल किया जाता है। लेकिन इन महत्वपूर्ण सिद्धान्तों की अनदेखी कर एलपीजी कनेक्शन धारक सब लोगों को सब्सिडी दी गई। यह अमीरों समेत सबको मिली। ऐसे में इसे प्राप्त करने वाले गरीब लोग हाशिए पर रह गए। 2015-16 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी सब्सिडी का केवल 0.07 प्रतिशत पहुंचता है और इस प्रकार इसका केवल पांचवां भाग ही गरीब परिवारों को मिलता है। शहरी क्षेत्रों में भी सबसे गरीबों को केवल 8.2 प्रतिशत लाभ मिलता है।

इस प्रकार काफी सब्सिडी फर्जी लाभार्थियों तक पहुंच जाती है जिसका कारण एलपीजी सिलिंडरों का होटलों, रेस्टोरेंटों तथा अन्य वाणिज्कि प्रतिष्ठानों में प्रयोग है। औचित्य की अनदेखी कर केवल लोकरंजकता के कारण ही एलपीजी सब्सिडी सबको दी जाती है। वे केन्द्र सरकार की बैलेंसशीट पर बोझ डाले बिना इसे पाने का रास्ता खोज लेते हैं। शुरुआत में एलपीजी पर सब्सिडी की भरपाई अन्य उत्पादों, जैसे फ्यूल आयल, नेप्था, एटीएफ आदि की बिक्री मूल्य बढ़ा कर की जाती थी जिसका बजट पर कोई बोझ नहीं पड़ता था। 2002-03 में वाजपेयी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने इस व्यवस्था को समाप्त कर इन उत्पादों पर सीधे बजट से सब्सिडी देने का निर्णय किया। इसके पीछे इरादा इसे अंतत: समाप्त करना था, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो सका है। 2004 में सत्ता में आई संप्रग सरकार ने सस्ती बिक्री जारी रखते हुए आईओसीएल, बीपीसीएल व एचपीसीएल को 'तेल बांड' जारी करने की नीति अपनाई जो इन उत्पादों के लागत से कम पर बिक्री की भरपाई के लिए थे। इसमें सरकारी तेल कंपनियों व गैस कंपनियों आयल एंड नेचुरल गैस कार्पोरेशन-ओएनजीसी तथा आयल इंडिया लिमिटेड-ओआईएल द्वारा बेचे जाने वाला घरेलू कच्चा तेल भी शामिल था। जून 2010 में पहले पेट्रोल तथा नवंबर, 2014 में डीजल को नियंत्रण कसे बाहर कर दिया गया। जहां तक एलपीजी का सवाल है, केलकर कमेटी ने 2012-13 में 25 प्रतिशत तथा इसके दो साल बाद 75 प्रतिशत सब्सिडी समाप्त करने की संस्तुति की थी। मई, 2014 में सत्ता संभालने पर मोदी सरकार ने सुनियोजित ढंग से काम करना शुरू किया। 1 जनवरी, 2015 को उसने सब्सिडी के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी योजना शुरू की। डीबीटी के अंतर्गत तेल पीएसयू ने लाभार्थियों को पूरी लागत पर लाभार्थियों को सिलिंडर दिए और इसके बाद सब्सिडी को लाभार्थियों के खतों में जमा करने की व्यवस्था की गई। इसके बदले वे केन्द्र से सब्सिडी भरपाई की मांग कर सकती थीं। इस व्यवस्था ने फर्जी लाभार्थियों को बाहर करना शुरू किया तथा पुरानी व्यवस्था में अंतर्निहित दुरुपयोग पर लगाम लगी जहां सब्सिडी को कीमत के साथ जोड़ दिया गया था। लेकिन सरकार लाभार्थी परिवारों की संख्या घटाने का साहस नहीं कर सकी। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमीर परिवारों से अपनी एलपीजी सब्सिडी छोड़ने की प्रार्थना की जिसका थोड़ा असर भी हुआ। सब्सिडी के दृष्टिकोण से वित्त वर्ष 2020-21 बहुत महत्वपूर्ण रहा। इस वर्ष कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी कमी आई जिससे एलपीजी सिलिंडर की कीमत घट कर 600 रुपये रह गई। इस प्रकार यह बिना किसी सब्सिडी के सभी परिवारों को 600 रुपये में दिया जा सका। इस वर्ष बजट में निर्धारित 36,000 करोड़ रुपये मुख्यत: तेल पीएसयू को पुराने खामियाजे की भरपाई के लिए किए गए तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना-पीएमयूवाई के अंतर्गत मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए। वित्त वर्ष 2021-22 में जब कोविड घटने से अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ीं और मांग भी तेज हुई तब एलपीजी सिलिंडर की कीमत बढ़ कर 900 रुपये प्रति सिलिंडर पहुंच गई।

इसके बाद सरकार ने केवल पीएमयूवाई लाभार्थियों को सब्सिडी देने की घोषणा की। उनकी संख्या कुल 33 करोड़ परिवारों में 9.6 करोड़ थी। उसने इस पर उस साल 14,000 करोड़ रुपये खर्च किए। वित्त वर्ष्ज्ञ 2022-23 में उसने 9,170 करोड़ रुपये खर्च किए। लेकिन सरकार ने जून, 2020 से जून, 2022 के बीच तीन ईंधन रिटेलरों-आईओसीएल, बीपीसीएल, व एचपीसीएल की घोषणा की जो एलपीजी लागत से कम कीमत पर बेचते थे और उनको इसके लिए 22,000 करोड़ रुपये अनुदान दिया गया, हालांकि कुल खर्च 28,250 करोड़ था। यह भी एक प्रकार से सबको दी जाने वाली सब्सिडी थी। 2023-24 के बजट में एलपीजी सब्सिडी के लिए 2,257 करोड़ रुपये रखे गए। इसका उद्देश्य पीएमयूवाई लाभार्थियों को सब्सिडी देना था। जिनको 200 रुपये प्रति सिलिंडर के हिसाब से साल में 12 सिलिंडर दिए जाते थे। लेकिन सभी 33 करोड़ परिवारों को लाभ पहुंचाने के लिए केन्द्रीय कैबिनेट ने प्रति सिलिंडर 200 रुपये कीमतें कम करने की घोषणा की जो 30 अगस्त, 2023 से लागू हुई। इससे पीएसयू पर हर साल 26,400 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ा। 9 मार्च, 2024 को ईंधन खुदरा विक्रेताओं को प्रति सिलिंडर 100 रुपये और घटाने का निर्देश दिया गया। वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 में इस मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है, जबकि लागत बढ़ी है। इस कारण 2023-24 तथा 2024-25 में 40,000 करोड़ रुपये का घाटा हुआ जिसकी भरपाई के लिए केन्द्र सरकार ने 35,000 करोड़ रुपये का प्राविधान किया। इसके साथ ही पहले आईओसीएल, बीपीसीएल व एचपीसीएल को घाटे की भरपाई के लिए भी 22,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। यदि केवल एलपीजी सब्सिडी को गरीब परिवारों तक सीमित रखने तथा इसे पारदर्शी बनाने के पहले के निर्णय पर अमल किया गया होता तो सरकार को यह बोझ न उठाना पड़ता। लेकिन वर्तमान राजनीतिक परिवेश में ऐसा सोचना लगभग असंभव है क्योंकि सभी निर्णय आर्थिक नीति के आधार पर सटीक होने के बजाय लोकरंजकता से प्रभावित होते हैं।

# कृषि बजट 2025 और किसान : क्या घावों पर मरहम लगेगा?



डॉ. राजाराम त्रिपाठी
राष्ट्रीय-संयोजक,
अखिल भारतीय किसान महासंघ 'आईफा'

हर वर्ष की तरह, आगामी बजट 2025 से भी किसानों को ढेरों उम्मीदें हैं। 'उत्तम खेती मध्यम बान, अधम चाकरी भीख निदान' जैसी कालजयी कहावतें, भले ही आज किसानों की कठिन स्थिति पर व्यंग्य सी लगें, परंतु इनके महत्व को नकारा नहीं जा सकता। पराशर ऋषि के ग्रंथ 'कृषि पराशर' में वर्णित, 'कृषिर्धन्या कृषिर्मेध्या जन्तूनां जीवनं कृषि', यह सत्य आज भी अटल है कि कृषि ही जीवन का आधार है। परंतु विडंबना यह है कि देश के नीति निर्माता किसानों और उनकी समस्याओं को सुनने तक का समय नहीं निकालते। इसे 'आईसीयू' में कहकर हाशिये पर डालने का चलन ही बन गया है।

हर बजट के पहले देश के वित्त मंत्री वाणिज्य मंत्री विभिन्न व्यापारिक संगठनों जैसे कि सीआईआई, एसोचैम, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स को चाय पर आमंत्रित करके इन संगठनों की बजट से व्यापारियों और उद्योगों की अपेक्षाओं पर पर चर्चा की जाती है और उनकी मांगो का बजट में समुचित ध्यान रखा जाता है। परंतु किसान संगठनों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों नहीं किया जाता? क्या देश के 61% जनसंख्या के रोजगार और 100% लोगों की भोजन की थाली का मुद्दा इतना गौण है? विडंबना यह है कि किसान संगठनों के पत्र और सुझाव या तो रद्दी की टोकरी में फेंक दिए जाते हैं या उन पर चर्चा करना भी उचित नहीं समझा जाता। क्या यही 'सुधार' की नीति है?

देश में हर दिन किसानों की आत्महत्याओं की घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि जिस भूमि पर किसानों के बूते कभी सोने की चिड़िया का साम्राज्य था, वह अब किसानों के लिए एक दुःस्वप्न बन चुकी है। क्या इस बजट में सरकार किसानों को उनका खोया हुआ सम्मान लौटा पाएगी?

**पृथक कृषि-बजट :** कब मिलेगी 'कृषि मूलम जगत सर्वम' को पहचान? श्रीमद्भगवद्गीता में उल्लेखित, 'कृषि मूलम जगत सर्वम' यह उक्ति भारतीय कृषि के महत्व को सर्वोच्च स्थान देती है। आज, जब रेल बजट को अलग पेश किया जा सकता है, तो कृषि के लिए पृथक बजट क्यों नहीं?

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में जहां अधिकांश आबादी खेती पर निर्भर है, वहां कृषि के लिए पृथक बजट की मांग स्वाभाविक है। डॉ. राजाराम त्रिपाठी और उनके संगठन पिछले 30 वर्षों से इस मुद्दे को उठा रहे हैं। रेल बजट को पृथक करने का कारण उसकी व्यापकता है, तो फिर कृषि जैसे बड़े और महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए अलग बजट क्यों नहीं हो सकता? कृषि महज खेती तक सीमित नहीं है। कहावत है कि 'हाथी के पांव में सबका पांव', उसी तरह कृषि में पशुपालन, डेयरी, उद्यानिकी, सिंचाई, खाद्य प्रसंस्करण, वेयरहाउसिंग, और लॉजिस्टिक्स जैसे कई महत्वपूर्ण उपक्षेत्र शामिल हैं।

भारत के अधिकांश उद्योग, चाहे वे खाद्य प्रसंस्करण हों, वस्त्र हों, या दवा उद्योग, कच्चे माल के लिए कृषि पर निर्भर हैं। फिर भी, कृषि को प्राथमिकता देने में उदासीनता क्यों? चाणक्य के अर्थशास्त्र के सिद्धांतों के अनुसार, यदि मूल आधार मजबूत नहीं होगा, तो साम्राज्य टिक नहीं सकता।

**कृषि और जीडीपी की गणना का असंतुलन :**

भारत की जीडीपी गणना की नीति अमेरिका से प्रभावित रही है। अमेरिका की रणनीति रही है कि कृषि पर निर्भरता कम करके उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए, क्योंकि उसे देश की जनसंख्या, उपलब्ध संसाधनों और विशाल भू भाग के अनुपात को देखते हुए निर्धारित की गई थी। परंतु डेढ़ अरब की जनसंख्या वाले भारत जैसे देश में जहां कृषि मुख्य रोजगार प्रदाता है, यह नीति कितनी व्यावहारिक है? पिछले बजट में कृषि क्षेत्र के लिए लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, जो कि कुल बजट का एक बहुत ही छोटा हिस्सा था। इसलिए कृषि क्षेत्र की स्थिति दयनीय बने रहना कोई आश्चर्य का विषय नहीं होना चाहिए। वित्त वर्ष 2024 में भारत की जीडीपी में कृषि का योगदान लगभग 15-17% था, जबकि 61% जनसंख्या इस क्षेत्र पर निर्भर है। यह विरोधाभास स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि नीति निर्माण में कृषि को वह स्थान नहीं मिल रहा जो मिलना चाहिए।

**बजट 25:** एक और घाव या मरहम : पिछले कुछ वर्षों में किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर गारंटी कानून सहित कई मांगों को लेकर आंदोलन किए। परंतु सरकार का रवैया अधिकतर निराशाजनक ही रहा। वर्ष 2022-23 में फसल उत्पादन में वृद्धि के बावजूद किसानों को उचित मूल्य नहीं मिला। क्या यही 'आत्मनिर्भर भारत' की परिभाषा है?

सरकार ने 2024 के बजट में फसल बीमा योजना के तहत 15,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। परंतु यह योजना भी किसानों तक प्रभावी रूप से नहीं पहुंची। कृषि अवसंरचना विकास कोष का उपयोग भी सीमित रहा।

**बजट 25 : समाधान की ओर कुछ जरूरी कदम:-**

**पृथक कृषि बजट** : कृषि क्षेत्र की जटिलताओं को समझते हुए इसे पृथक कृषि-बजट की आवश्यकता है। इससे न केवल कृषि, बल्कि उद्योग और निर्यात क्षेत्र को भी गति मिलेगी।

**न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी :** किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य सुनिश्चित करना आवश्यक है। इसके लिए किसान संगठनों से मिल बैठकर किसने की प्रत्येक फसल को शत प्रतिशत MSP दिलाना सुनिश्चित करने हेतु सक्षम गारंटी कानून लाना होगा।

**लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग** : फसल भंडारण और परिवहन के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है। हर वर्ष लगभग लाखों टन अनाज तथा 2 लाख करोड़ का साग-सब्जी और फल इन सुविधाओं के अभाव में बर्बाद होता है, जो कि देश और किसानों की शुद्ध आर्थिक हानि और किसान के श्रम का बहुत बड़ा अपमान है।

**कृषि-उद्योग सहयोग :** कृषि और उद्योगों के बीच सामंजस्य स्थापित कर कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण और निर्यात बढ़ाया जा सकता है।

देश के उपेक्षित पड़े 'केविके' के कर्मियों की समस्या को हल करते हुए देते हुए सभी केवीके को सुविधा संपन्न बनाकर मजबूत करते हुए इसका विकासखंड स्तर तक विस्तार किया जाना चाहिए।

कृषि-शोध पर बजट का कटौती के सिलसिले को तत्काल विराम लगाते हुए शोध , नवाचारों के लिए पर्याप्त राशि मुहैया कराई जाए।

जैविक खेती को जीरो-बजट जैसे जुमलों-जंजालों और झुनझुनों से मुक्त कर दीर्घकालिक जैविक कृषि नीति तथा रोडमेप बनाते हुए इस अभियान के लिए पर्याप्त बजट आबंटित किया जाना चाहिए।

कृषि में सिंचाई तथा अधोसंरचना विकास हेतु समुचित नीति बनाकर इस क्षेत्र में दीर्घकालिक निवेश को प्रोत्साहित किया जाना बेहद जरूरी है। कृषि-बजट सकल बजट का कम से कम 10% होना चाहिए।

तत्काल पर्याप्त अधिकार संपन्न 'किसान कल्याण आयोग' का गठन किया जाना चाहिए। जिसमें वास्तविक किसानों की शत-प्रतिशत इसी भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

**बजट 25: मलहम या मिर्च :-** खेती-किसानी की वर्तमान स्थिति देखकर, 'कृषि मूलम जगत सर्वम' और 'उत्तम खेती मध्यम बान' जैसी कहावतें व्यंग्यात्मक प्रतीत होती हैं। यदि सरकार इस बार भी किसानों की अनदेखी करती है, तो यह न केवल उनके घावों पर नमक छिड़कने जैसा होगा, बल्कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करेगा।

यह बजट किसानों के घावों पर मरहम लगाएगा या उनकी उम्मीदों पर पानी फेर देगा, यह तो 1 फरवरी को ही स्पष्ट होगा। परंतु यह तय है कि किसान अब और अनदेखी सहन नहीं करेंगे। क्या सरकार इस बार उनकी ओर ध्यान देगी? या फिर वही पुराना 'आईसीयू में कृषि' का पुराना राग अलापते हुए 'असाध्य बीमारी से ग्रसित बच्चे' के इलाज से मुंह मोड़ने और कतराने वाला रवैया इस बजट में भी जारी रहेगा, यह जानने के लिए 1 फरवरी तक का इंतजार करना पड़ेगा।

## आप की बात

### ट्रंप का राष्ट्रपति बनना

**डोनाल्ड** ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हो सकते हैं। ट्रंप की नीतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था और व्यापार पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है। ट्रंप की व्यापार नीतियों में संरक्षणवाद और उच्च टैरिफकी विशेषता है जो भारतीय निर्यातकों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है। इसके अलावा ट्रंप की आव्रजन नीतियों में बदलाव से भारतीय पेशेवरों और छात्रों के लिए अमेरिका में काम करना और पढ़ाई करना मुश्किल हो सकता है। हालांकि ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से भारत और अमेरिका के बीच सामरिक संबंधों में मजबूती आ सकती है। ट्रंप ने अपने अभियान में भारत के साथ सामरिक संबंधों को मजबूत करने का वादा किया था। इसके अलावा ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से भारतीय कंपनियों के लिए अमेरिकी बाजार में नए अवसर खुल सकते हैं। ट्रंप की आर्थिक नीतियों में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने का जोर है जो भारतीय कंपनियों के लिए लाभप्रद हो सकता है। यदि चीन पर ट्रंप सो प्रतिशत टैरिफ लगाता है तो भारतीय उद्योगों को अपना माल निर्यात करने में सुविधा होगी। इस प्रकार ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में कई परिवर्तन हो सकते हैं। इन परिवर्तनों का भारतीय अर्थव्यवस्था और व्यापार पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है।

**-विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### न्याय व्यवस्था

**अति अति** गंभीर अपराध के लिए भी कई बार कम गंभीर सज़ा दी जाती है क्योंकि हमारी न्याय व्यवस्था मुख्यत: गवाही पर निर्भर होती है और कई बार गवाही गलत भी हो सकती है। यदि गवाह निष्पक्ष न हो, गवाह ने जो देखा या सुना उसमें भ्रम हो, गवाह को अतिविश्वास हो कि आरोपी अपराधी हो ही नहीं सकता, गवाह की घटना के विश्लेषण की क्षमता न हो, गवाह को पीड़ति से विद्वेष हो, गवाह भाषा या शब्द ज्ञान की कमी के कारण घटना का विवरण या व्याख्या देने में सक्षम न हो आदि कई कारण हो सकते हैं। इसलिए शासन और प्रशासन को वैज्ञानिक विधियों जैसे सीसीटीवी, ब्लैक बॉक्स जैसी व्यवस्थाओं का सार्वजनिक स्थानों पर उपयोग, गवाह के मस्तिष्क का विश्लेषण और झूठ पकड़ने वाली प्रणालियों का विकास, घटनाओं के अध्ययन के लिए पशु पक्षियों की क्षमताओं का उपयोग और नई वैज्ञानिक विधियों के आविष्कार और विकास करना चाहिए। न्याय का एक सिद्धांत यह भी है कि सौ दोषी भले छूट जाएं लेकिन एक भी निर्दोष को सजा नहीं होनी चाहिए। हालांकि इस सिद्धांत के कारण बहुत से दोषी न्यायालय से छूट जाते हैं और पुन: समाज में अपराध करते हैं। इसलिए हमारी न्यायिक व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें सभी को न्याय मिल सके। साथ ही समय से न्याय मिलना चाहिए। नहीं तो न्याय का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा।

**-ललित दुबे,** कस्तूरबा नगर,,रतलाम

### बेहतर प्रबंधन जरूरी

**आकस्मिक घटनाएं** और आपदाएं किसी भी समय आ सकती हैं लेकिन इनसे निपटने के लिए तत्परता और बेहतर प्रबंधन अनिवार्य हैं। हाल ही में प्रयागराज के कुंभ मेला क्षेत्र में आगजनी की घटना ने यह सिखाया कि यदि प्रशासन सतर्क और तत्पर हो तो बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। आगजनी की सूचना मिलते ही प्रशासन ने तुरंत कदम उठाए और फायर ब्रिगेड ने कुछ ही मिनटों में स्थिति को नियंत्रण में ले लिया। यदि प्रशासन सतर्क न होता तो यह आग विकराल रूप ले सकती थी और जान-माल की भारी क्षति होती। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सक्रियता और घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्यों का निरीक्षण करना उनके नेतृत्व और आपदा प्रबंधन क्षमता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घटना की जानकारी लेना और अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश देना यह साबित करता है कि आपदा प्रबंधन में उच्च स्तर पर समन्वय कितना महत्वपूर्ण है। यह घटना हमें यह सिखाती है कि बड़े आयोजनों में सुरक्षा के मानकों को और मजबूत करना चाहिए। प्रशासन की तत्परता और समर्पण ने यह साबित किया कि बेहतर प्रबंधन न केवल घटनाओं पर नियंत्रण पाता है बल्कि लोगों के जीवन को सुरक्षित रखने का माध्यम भी बनता है।

**-प्रो. आरके जैन अरिजीत,** बड़वानी

### पशुपालन को मिले बढ़ावा

**सरकार द्वारा** सर्वजन सुखाय के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। लोगों को राशन से लेकर घर तक उपलब्ध कराया गया। अब लोगों को सोचना चाहिए। उनका कर्तव्य है कि वे गायों को पाले और उनको अन्ना न छोड़ें। सरकार निराश्रित गायों के लिए गो शालाओं की व्यवस्था कर रही है। उनके लिए आहार उपलब्ध कराने के लिए धन दे रही है। लेकिन इसे देखने वाला प्रबल निगरानी तंत्र नहीं है। मुख्यमंत्री योगी ने गो आश्रय स्थलों की व्यवस्था और उन्हें हरा चारा गोशालाओं को किसानों से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। किसानों से हरा चारा खरीदने पर उनकी आय में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री गायों के कल्याण के लिए पशुपालन अधिकारियों से हर जिले में हरे चारे की खपत का आकलन करने और हरे चारे के लिये वेयर हाउस बनाने की बात कही तथा इसकी निगरानी जिलाधिकारी को करने को कहा है। मुख्यमंत्री को गाँवों में चारागाहों और तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराकर लोगों को पशुपालन के लिये सुविधा देना चाहिए। आज लोगों को पशुओं को चराने के लिये चारागाह और पानी पिलाने के लिए तालाब नहीं है।

**- कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# ओबीसी को भाजपा सरकार द्वारा नकारा जा रहा है : सीमा वर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला प्रभारी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सीमा वर्मा के द्वारा पत्रकार वार्ता में बताया कि ओबीसी समाज को भाजपा सरकार के द्वारा नकारा जा रहा है इस संबंध विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बीते 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पंचायत राज्य अधिनियम अध्यादेश लाया गया फिर इसी बीच 16 से लेकर 20 तक के विधानसभा का सत्र चला जहां पर 4 दिन तक मंत्री विधायक छत्तीसगढ़ विधानसभा में रहे इसी बीच इस अध्यादेश को विधानसभा के पटल पर रखा गया लेकिन इस पर किसी तरह से ना कोई चर्चा हुई ना किसी से कोई बहस कराया गया और इसे पास कर दिया गया जब इस अध्यादेश पर ना कोई बहस हुई और ना चर्चा हुआ ना मतदान हुआ तो यह स्वमेव विधि शून्य है इस विधेयक को समाप्त कर देना चाहिए ऐसे विधि शून्य आरक्षण को रद्द करना चाहिए जो विधि सम्मत नहीं है उन्होंने बताया कि कि सन 2019 में छत्तीसगढ़ कुल26 जिला पंचायत था जिसमें 7 ओबीसी के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का पद को आरक्षित किया गया था जिसमें चार महिलाओं के लिए आरक्षित था लेकिन अब छत्तीसगढ़ में 33 जिला होने के बाद भी एक भी ओबीसी महिलाओं के लिए कोई भी जिला पंचायत अध्यक्ष का पद आरक्षित नहीं किया गया है इसलिए इसे विधि शून्य किया जाए उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि बलौदा बाजार में पांच जनपद पंचायत है परन्तु ओबीसी महिलाओं के लिए एक भी अध्यक्ष पद आरक्षित नहीं है जबकि छत्तीसगढ़ में ओबीसी लगभग 52त्न आबादी है और आबादी के हिसाब से ओबीसी महिलाओं को भी पर्याप्त मात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष का पद आरक्षण दिया जाना चाहिए उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में ओबीसी के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है यह ओबीसी समाज के साथ धोखा है और ओबीसी समाज के महिलाओं की उपेक्षा है इस संबंध में एक प्रश्न के उत्तर में जवाब देते हुए बताएं यह मामला अभी हाई कोर्ट में लंबित है और 27 जनवरी को इसकी सुनवाई होगी उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले को लेकर प्रदेश भर में जिला स्तर पर आंदोलन भी किया गया है इसके पहले सन 2000 में भी मामला इसी तरह का आया था जिसे जोर-जोर से उठाया गया तो 6 महीने के लिए चुनाव को स्थगित कर दिया गया था इस बार भी यही स्थिति बन रही है उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हर सदस्य ओबीसी के साथ खड़ा हुआ है और उसके लिए हमेशा लड़ाई करते रहेंगे प्रदेश में अभी लगभग 52त्न ओबीसी की जनसंख्या है सरगुजा बस्तर में तो ओबीसी के लिए एक भी सदस्य के लिए के लिए पद आरक्षित नहीं किया गया है इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंसी पटेल बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहु ? शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी शहर कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लोकुश वर्मा जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री ललित विश्वकर्मा नवीन ताम्रकार सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कार्यक्रम की जानकारी दी

## कबीरधाम जिले में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 की तारीखों का ऐलान

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत 2025 के लिए आम निर्वाचन की घोषणा कर दी गई है। जिसके अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने प्रेसवार्ता लेकर कबीरधाम जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत 2025 आम निर्वाचन कार्यक्रम में संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर वर्मा ने प्रेसवार्ता के बाद राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर निर्वाचन के संबध में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त एव अन्य अधिकारी तथा मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगरीय निकाय के लिए 22 जनवरी 2025 को निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन एवं रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन तथा 22 जनवरी 2025 से रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी 2025 को तक है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 29 जनवरी 2025 से की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 31 जनवरी 2025 तक है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 31 जनवरी 2025 को अभ्यर्थिता के नाम वापसी के बाद निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन करना और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा। नगरीय निकाय क्षेत्र में आवश्यकता होने पर मतदान 11 फरवरी 2025 को संपन्न कराया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नगरीय निकाय के लिए मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 15 फरवरी 2025 को की जाएगी। कलेक्टर वर्मा ने बताया कि निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। जिसके अनुसार जिले के सभी 7 नगरीय निकाय में वार्डों की संख्या 120 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 78 हजार 817 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 38 हजार 578, महिला मतदाताओं की संख्या 40 हजार 239 है।

# छत्तीसगढ़ सरयूपारी बाम्हण महिला समाज ने किया सोहागनी पूजा का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ी सरयुपारि ब्राम्हण महिला समाज के द्वारा सोहगनी पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें 51 महिलाओं के द्वारा पूजा किया गया। यह पूजा अवशान देवी का यह व्रत दुखों को दूर कर सुख में बदल देता है यह सभी प्रकार नाउम्मीदी में उम्मीद पैदा कर देता है। यह सभी प्रकार के कष्टों को दूर करता है। अवशान देवी की पूजा विवाह शादी के शुभ कार्य के बाद महिलाओं को निमंत्रण देकर उनके सुहाग की पूजा की जाती है। जब राम-सीता के विवाह के बाद जनकपुरी से लौटने पर राजा दशरथ ने सोहागिन महिलाओं को सम्मानित किया था पूजन के बाद गुड़, चना मिठाई का प्रासाद वितरण किया जाता है। रात्रि को हरिकिर्तन करके व्यतीत करना चाहिये। अवशान देवी का गुणगान अभी कलियुग में हम अवशान देवी के नाम से याद रूप में करते हैं। कलियुग की इन देवीयों के कर्तव्य व गुण थे इसी कारण हम कलयुग में दुख अशांति के कगार पर बैठे हैं तो फिर से उन्ही देवीयों की पवित्रता, चरित्रता, गुण एवं कर्तब्य फलन में चेहरे की प्रतीक रूप में सफेद मिट्टी जिसे पवित्रता की निशानी के रूप में चरितार्थ करने के लिये याद करते हैं, ताकि देवीय पद को वापस ग्रहण करने और सम्माननीय एवं पूजनीय बन जाये। पूजा के बाद व भोजन प्रासाद के रूप में सभी महिलाओं की कराया गया। छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण महिला समाज की अध्यक्ष ममता तिवारी ने अपने संगठन के सदस्यों का आभार माना।

# टी.ज्योति ने पार्षद निधि से किया नाली मरम्मत कार्य



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

शासन द्वारा वार्ड नंबर 26 मंसा होटल के पीछे सी सी रोड निर्माण कार्य 6 महीने पूर्व किया गया था। लेकिन वार्ड वासियों के घरों के पानी निकासी के लिए नाली की व्यवस्था नहीं थी जिससे वार्ड वासियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए तत्काल टी.ज्योति पार्षद ने नाली के कार्य को पूर्ण करवाया गया व ठेकेदार को पूर्ण रूप से कार्य संपन्न कर आस पास सफाई करवाने का आदेश दिया। जिससे घरों का पानी निकासी होने में सुविधा मिली। इस कार्य के लिए वार्ड वासी टी.ज्योति पार्षद को आभार जताया तथा वार्डवासियों द्वारा कहा गया कि वार्ड पार्षद हमारी समस्या के निवारण करने का प्रयास करती है।

# निर्वाचन कार्य के दौरान अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे कार्यालय

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, और मतदान तिथियाँ घोषित कर दी गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने कबीरधाम जिले के सभी सरकारी कार्यालयों को अवकाश के दिनों में भी खुले रखने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में बताया गया है कि कार्यालय प्रमुख को निर्देशित किया गया है कि अवकाश के दिनों में भी डाक प्राप्त करने के लिए कर्मचारी की ड्यूटी लगाकर कार्यालय को सूचित किया जाए। सभी कार्यालय प्रमुखों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधिनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के निवास का पूर्ण पता और दूरभाष जानकारी कार्यालय में रखें, ताकि किसी भी समय निर्वाचन संबंधी डाक की तामिली की जा सके। इसके अतिरिक्त, कार्यालय प्रमुख को यह निर्देश दिया गया है कि जब भी उनके अधीनस्थ कर्मचारी शासकीय कार्य से जिला मुख्यालय में आते हैं, तो वे सहायक अधीक्षक और अधीक्षक जिला कार्यालय से संपर्क कर डाक प्राप्त करें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# हमर राज पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र साहू के नेतृत्व में बूढ़ादेव शक्ति पीठ में हुई बैठक



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

हमर राज पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र साहू के नेतृत्व में 16 जनवरी को बूढ़ादेव शक्ति पीठ में बैठक आयोजित की गई। जिसमें त्रिस्तरीय चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में हमर राज पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए। जिसमें 200 सरपंच, 40 जनपद और 10 जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने की सहमति बनी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हमर राज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकबर राम कोर्राम ने कहा कि इतने कार्यकर्ता कम समय में उपस्थित होकर हमर राज पार्टी को मजबूती दी। भाजपा और कांग्रेस घोटाला करके छत्तीसगढ़ को खोखला करने में लगे हैं। छत्तीसगढ़ के खनिज संपदा का हनन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के शिक्षकों को नौकरी से निकाला जा रहा है। रोज प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके बाद भी सरकार ने कोई संज्ञान नहीं लिया। चुनाव में हुए आरक्षण को लेकर हमर राज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद नागवंशी ने कहा कि बीजेपी के द्वारा ओबीसी का आरक्षण खत्म करने में लगे हुए हैं। जहां ओबीसी वर्ग के लोग चुनाव लड़ रहे थे वहां सीट अब जनरल कर दिया गया है। ओबीसी वर्ग छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है। उनको भी उनका पूरा अधिकार मिलना चाहिए। एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण खत्म किया जा रहा है। बैठक में प्रदेश प्रभारी जीवरखण मराई के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष देवेंद्र साहू की अनुशंसा पर भगवान दास साहू को प्रदेश प्रवक्ता और प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाया गया। किशोर नाथ योगी को बालोद जिला का चुनाव प्रभारी, ओम प्रकाश साहू को जिला संगठन मंत्री, ताम्रध्वज साहू को जिला मीडिया प्रभारी, प्रीति बाला जोशी जिला सचिव, इंद्रपाल तुमरेकी को लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष, कुशाल सिंह मांडवी ब्लॉक उपाध्यक्ष लोहारा, मंसाराम नेताम सचिव, श्याम नेताम संगठन मंत्री ब्लॉक लोहारा, डॉ नीलेश साहू ब्लॉक सचिव डौंडी, खेम बाई नेताम महिला प्रभार सचिव, राजकुमार साहू चुनाव प्रभारी दल्ली राजहरा, सोमकांत नाग चुनाव प्रभारी बालोद ब्लॉक, टंडन कावरे चुनाव प्रभारी बालोद, ईश्वरी मरकाम महिला अध्यक्ष जिला बालोद, होमेश साहू ब्लॉक अध्यक्ष गुरुर, मिथलेश साहू चुनाव प्रभारी गुरुर, भोजराम साहू ब्लॉक सचिव गुरूर, चुनाव प्रभारी यामन साहू ब्लॉक डोंडी का प्रभार दिया गया। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष तुकाराम कोर्राम, राष्ट्रीय सलाहकार नीपोन, हमर राज पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बीएस रावटे, प्रदेश सलाहकार यूआर गंगरार्ले, राष्ट्रीय सचिव भोज राम, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महेश रावटे, शिवदयाल साहू, रीमा साहू, किरण कुमार देवांगन, रामबरन साहू प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जिले के विभिन्न स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विघालय में शिक्षकों के लिए साक्षात्कार अब 29 से 31जनवरी तक होगा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

21 जनवरी को बेमेतरा जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दाढ़ी के व्याख्याता गणित (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा. व्याख्यात रसायन (अंग्रेजी माध्यम), 01 पद अनारक्षित, शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक कंला (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा, सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा. सेजेस शिवलाल राठी बेमेतरा, सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा. सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा. सेजेस सिंधौरी व्याख्याता अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा., सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा, सेजेस नवागढ़ व्याख्याता भौतिक (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद ज.ज.जा, शिक्षक हिन्दी / संस्कृत, 01 पद अ.ज.जा., शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, शिक्षक सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा., सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा. सेजेस नांदघाट व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सेजेस मारो व्याख्याता गणित (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्यायाम शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा., सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा. सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा. ग्रंथपाल (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सेजेस बेरला व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा. व्याख्याता सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता रसायन (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, ग्रंथपाल (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सेजेस कठियारांका व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा.. शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक कला (अग्रेजी माध्यम) ला अ.ज.जा. सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा. सेजेस कुसमी व्याख्याता सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा. शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा. सेजेस हसदा शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा. सेजेस देवरबीजा सहायक शिक्षक केला (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा., सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा. सेजेस साजा व्याख्याता अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता रसायन (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता भौतिक (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, शिक्षक हिन्दी संस्कृत 01 पद अनारक्षित, शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा. सेजेस थानखम्हरिया शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा. सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा. सेजेस ठेलका व्याख्याता सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा. शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा.. सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा. सेजेस परपोड़ी व्याख्याता भौतिक (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा. सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा., सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा. सेजेस राजामोहगांव व्याख्याता रसायन (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, व्याख्याता वाणिज्य (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा., शिक्षक अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक कला (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा., सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 अ.ज.जा., सेजेस देवकर व्याख्याता जीवविज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अनारक्षित, सहायक शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) 01 पद अ.ज.जा. कुल 80 पदो के अभ्यर्थियों का 24.01.2025 एवं 25.01.2025 को प्रातः 10.30 बजे से 5.30 बजे तक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में साक्षात्कार आयोजित किया गया था जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थिगित कर साक्षात्कार 29.01.2025, 30.01.2025 एवं 31.01.2025 को निर्धारित किया गया है। साक्षात्कार हेतु विद्यालयवार, पदवार एवं निर्धारित तिथि की आदेश कापी शासकीय वेब साईट में अपलोड किया गया है। अभ्यर्थी द्वारा शासकीय वेब साईट https// bemetara.gov.in से साक्षात्कार सूची डाउनलोड कर देखा जा सकता है तथा विषयवार अभ्यर्थी अपना मूल दस्तावेजों के साथ संशोधित निर्धारित तिथि अनुसार, समय व स्थान में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# एएसपी मोनिका ने डीएव्ही स्कूल के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को यातायात नियमों के पालन करने हेतु किया जागरूक





पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान के जीके दल्लीराजहरा नगर के डीएव्ही स्कूल के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को यातायात के नियमों के पालन करने हेतू जागरूक किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने अपील की गई। दरअसल एसपी एसआ भगत के निर्देशन पर जिले में 35वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। यातायात सड़क सुरक्षा माह के दौरान दल्लीराजहरा के डीएव्ही स्कूल में दल्लीराजहरा थाना प्रभारी सुनील तिर्की द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, उक्त जागरूता कार्यक्रम में एएसपी मोनिका ठाकुर द्वारा डीएव्ही स्कूल के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को यातायात नियमों के पालन करने हेतु जागरूक किया गया है एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने एवं दुसरो को भी यातायात नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित किया गया है।

## शराब पीकर वाहन न चलाये : एएसपी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर द्वारा स्कूल के छात्र छात्राओं को विशेष रूप से नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन न चलाने एवं पालकों द्वारा अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने देने पर पालक के उपर भी कार्यवाही किया जायेगा। इस बारे में समझाईस दिया गया तथा यातायात के नियमों के बारे में जैसे रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करने, मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करने, शराब सेवन कर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करने, संयमित गति से वाहन चलाने एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगाने व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखने के लिए जागरूक किया। साथ साथ गुड सिम रिटन के बारे में बताया गया। जिसमें कहीं भी अगर एक्सीडेंट होती है तो घायलों को गोल्डन आवर में उचित उपचार हेतू अस्पताल पहुचाया जा सके। एवं उनकी जान बचाया जा सके हेतु अपील किया गया। शासन द्वारा ऐसे लोगो का नाम गुप्त रखा जाता है तथा उनको पुरूस्कृत भी किया जाता है।

# डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने दिए निर्देश

**स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए पुलिस अधिकारी व जवानों को सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने दिए निर्देश**




■ **अंतरजिला व अंतर्राज्जीय सीमा पर कड़ी चौकसी के निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 को निर्भीक एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने, सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने थाना-चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। उन्होंने इसका कड़ाई से पालन करने कहा। उन्होंने आयोग के दिशा-निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को सौंपे गए दायित्वों को जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। डीआईजी व एसएसपी ठाकुर ने कहा कि सभी थाना-चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केन्द्र का भ्रमण करें। आपराधिक किस्म के व्यक्तियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही, निगरानी व गुण्डा हिस्ट्रीशीट खोलने हेतु रिकार्ड छांटकर भेजने के निर्देश दिए। चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही सुनिश्चित कराने, सूरजपुर जिला अंतरजिला व अंतर्राज्यीय सीमा से लगा हुआ है। जहां से अवैध गतिविधियां की संभावना को देखते हुए यहां 24 घंटे कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, डीएसपी अजाक पी.डी. कुजूर सहित जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

# महामाया मंदिर के दान पेटी का ताला तोडकर रूपये चोरी करने वाला आरोपी को अकलतरा पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जांजगीर चांपा ।** महामाया मंदिर के दान पेटी का ताला तोडकर रूपये चोरी करने वाला आरोपी को अकलतरा पुलिस ने किया गिरफ्तार। प्रार्थी महावीर यादव निवासी अकलतरा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 16.01.2025 से 17.01.2025 के दरम्यानी रात्रि में अज्ञात चोर के द्वारा महामाया मंदिर अकलतरा के दान पेटी के ताला को तोडकर अंदर रखा नगदी रकम लगभग 01 लाख से 1,25,000 लाख रूपया को चोरी कर ले गये है कि रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध कमांक 23/2025 धारा 331(3), 305(a) BNS कायम कर विवेचना में लिया गया था। मंदिर की हुयी दान पेटी चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक जांजगीर - चाम्पा के निर्देशन पर आरोपियों की पतासाजी हेतु थाना स्तर से टीम गठित किया गया था। जिसके द्वारा लगातार अज्ञात आरोपियों एवं चोरी गयें मशरूका की पतासाजी की जा रही थी। पूर्व में चोरी मे गिरफ्तार किये हुये आरोपियो से पूछताछ एंव महामाया मदिर मे लगे एंव आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज व तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपी रॉकी भारतेंदु उर्फ कृष निवासी घोघरा पारा पंडरिया जिला कवर्धा हाल मुकाम गुरु घासीदास मोहल्ला अकलतरा को दिनांक घटना को महामाया मदिर के पास घुमते देखा गया था। संदेह के आधार पर गुरू घासीदास मोहल्ला अकलतरा उसके मामा के घर पर जाकर पता करने पर सकुनत से फरार था जिसे उसके मूल ग्राम घोघरा पारा पंडरिया जिला कवर्धा मे पकडा गया जिसे हिरासत मे लेकर पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन मे लेख कराया की दिनांक घटना को अपने अन्य साथी के साथ मिलकर उक्त घटना कारित करना अपना जुर्म स्वीकार किये जाने पर घटना में प्रयुक्त हथौडी, पेचकस तथा नगदी रकम 4200/रु को बरामद कर आरोपी को विधिवित गिरफ्तार कर 21.01.2025 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण के 02 अन्य आरोपी फरार है, जिसकी पतासाजी जारी है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक मणीकांत पाण्डेय थाना प्रभारी अकलतरा, आरक्षक सोमेश शर्मा भूषण राठौर, शेषनारायण साहू गौकरण राय का सराहनीय योगदन रहा।

# जैजैपुर क्षेत्र में शिशु संरक्षण माह का आगाज

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



शिशु संरक्षण माह के दौरान ग्राम पंचायत बोड़सरा/बेलादुला सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बच्चों को विटामिन ए और आयरन सिरप पिलाया जा रहा है, गौतम चंद्रा आर एच ओ स्वास्थ संयोजक कर्मचारी संघ ब्लाक अध्यक्ष द्वारा बताया कि यह शिशु संरक्षण अभियान 21 जनवरी से 21 द्वत्त्रवरी तक आयोजित होना है, जिसमे 21/24/28/31जनवरी और 4/7/11/14/18/और 21 फरवरी को बच्चों को विटामिन ए आईएफए के साथ साथ गर्भवती माताओं का टीकाकरण भी किया जा जा रहा है, चंद्रा ने बताया कि विटामिन ए जरूरी सूक्ष्म पोषक तत्वों का हिस्सा है जो शरीर के कई प्रतिक्रियाओं के सुचारू संचालन के लिए अति आवश्यक होता है ,9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को 6--6 माह के अंतराल में विटामिन ए पिलाना चाहिए, विटामिन ए त्वचा हड्डियां और शरीर के अन्य कोशिकाओं को मजबूती प्रदान करता है, विटामिन ए आंखों के बीमारियों को कम करता है और साथ साथ रतौंधी रोग से बचाता है। चंद्रा ने आगे जानकारी में दिए कि आई एफए सिरप शरीर और दिनांक दोनों में ऑक्सीजन सप्लाई करने में मदत करता है जिससे शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से एनर्जी आती है आयरन सिरप एनीमिया जैसे गंभीर बीमारी से बचने में मदत करता है शरीर के रोगप्रतिरोधक क्षमता को बेहतर करने में आवश्यक है। ब्लाक के सभी बच्चों के पालक से अपील है कि सभी अपने बच्चों को आंगनबाड़ी ले जाकर विटामिन ए और आयरन सिरप जरूर पिलाए।

# पुलिस फाइटर ने जीता टीटीएल क्रिकेट प्रतियोगिता, डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने दी जीत की बधाई





पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

विश्रामपुर में आयोजित टीटीएल टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाईनल मैच में शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज करने वाली विजेता पुलिस फाइटर की टीम को डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने जीत की बधाई दी तथा पूरी टीम को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पुलिस फाइटर व एकेडमिक ईगल के मध्य खेला गया, जिसमें पुलिस फाईटर की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर फाईन मैच को 13 रनों से अपने नाम किया। सोमवार, 20 जनवरी 2025 को विजेता टीम जिला पुलिस कार्यालय पहुंची जहां डीआईजी व एससपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने टीम की हौसला अफजाई करते हुये जीत की बधाई दी और कहा कि खेलकूद व व्यायाम हमारे शारीरिक तथा मानसिक विकास के लिये जरुरी है। व्यस्त दिनचर्या में खेलकूद मानसिक स्ट्रेस के दूर करता है तथा शारीरिक स्वास्थ्य को लाभ देता है। इस प्रकार के प्रतियोगिताओं से विभिन्न विभागों का आपस में उचित तालमेल व समन्वय भी बना रहता है। इस दौरान टीम हेड राजेश जोशी, टीम ऑनर फर्दीनंद कुजूर, टीम मेन्टोर विजय राजवाड़े, मैच के कप्तान अविनाश सिंह, उप कप्तान अरविन्द बबलू, खिलाड़ी मनी प्रसाद राजवाड़े, अशोक गिरी, सैजी सिंह, बंटी, चंदरसाय राजवाड़े (मैन ऑफ द मैच), अमन किण्डो (बेस्ट बैटसमैन), योगेश्वर सिंह, राणा, राजेन्द्र प्रताप राजवाड़े, चंदू सिंह, सरोज राजवाड़े, अमन सिंह, संदीप, विक्रांत तिवारी मौजूद रहे।

# विवेक तिवारी ने तीन दिवसीय राष्ट्रीय योगासन प्रशिक्षण लोनावला महाराष्ट्र में प्राप्त किया



पायनियर संवाददाता ◄ मनेद्रगढ़
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करते हुए, छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के मास्टर ट्रेनर एवं पतंजलि योग समिति के युवा योग प्रशिक्षक विवेक तिवारी राष्ट्रीय योगासन जज प्रशिक्षण महाराष्ट्र लोनावाला में प्राप्त कर एमसीबी जिले के पहले योग निर्णायक बन गये हैं। विवेक तिवारी ने तीन दिवसीय राष्ट्रीय योगासन प्रशिक्षण लोनावला महाराष्ट्र में प्राप्त किया इस प्रशिक्षण को कुशलता पूर्वक पूर्ण करने के पश्चात वे अब राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले योग प्रतियोगिता में निर्णायक बन सकेंगे प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने योग एवं नेचुरोपैथी शिक्षा के विश्व विख्यात कैवल्यधाम योग संस्थान के योग एक्सपर्ट से योग की बारीकियां भी सीखी एवं विपश्यना अष्टांग योग सूर्य नमस्कार ह्यूमन फिजियोलॉजी का विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त किया। विवेक तिवारी के राष्ट्रीय स्तर पर योग जज प्रशिक्षण प्राप्त करने पर पतंजलि योग समिति के समस्त साधकों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# शिवरानी देवी ने स्त्री सशक्तिकरण एवं पितृ सत्तात्मक सामाजिक कुरीतियों पर अपनी कलम से जोरदार प्रहार कर साहसिक लेखन किया

पायनियर संवाददाता ◄ मनेद्रगढ़
www.dailypioneer.com



कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की धर्मपत्नी शिवरानी देवी जो कि स्वयं एक कहानीकार थीं एवं स्वतंत्रता सेनानी थी। शिवरानी देवी के लेखन के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हसदेव धारा साहित्य एवं कला मंच मनेन्द्रगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपना उद्बोधन देते हुए संस्था की संस्थापक सदस्य, कवयित्री अनामिका चक्रवर्ती ने कहा कि शिवरानी देवी ने स्त्री सशक्तिकरण एवं पितृ सत्तात्मक सामाजिक कुरीतियों पर अपनी कलम से जोरदार प्रहार कर साहसिक लेखन किया साथ ही देश की स्वतंत्रता के लिए स्वतंत्रता सेनानी के रूप में कार्य करते हुए जेल की यात्रा भी की। शिवरानी देवी साहित्य जगत में एक ऐसी कहानीकार हैं जिन्हें उसे तरह कभी याद नहीं किया गया जिस तरह अन्य लेखकों को एवं कथा सम्राट प्रेमचंद जी को याद किया गया। इस आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए संस्था के संस्थापक सदस्य मृत्युन्जय सोनी ने कहा कि पूरे भारत में शिवरानी देवी पर आयोजित यह पहला कार्यक्रम है आजतक इन पर कोई आयोजन या चर्चा नहीं हुई है इसलिए यह आयोजन अपने आप में अद्भुत है सोनी ने बताया कि आने वाले 21 जनवरी 25 को दिल्ली में साहित्यकार विमल कुमार द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर नगर के साहित्यकार, पत्रकार रामचरित द्विवेदी ने शिवरानी देवी पर लिखी पहली कविता पढ़ी इस अवसर पर नगर के युवा कवि गौरव अग्रवाल ने डॉ क्षमा शंकर पांडे द्वारा लिखित पुस्तक विस्मृत रचनाकार शिवरानी देवी पर वरिष्ठ साहित्यकार विमल कुमार की समीक्षा का भी वाचन किया। कार्यक्रम के तारतम्य में युवा कवयित्री सुषमा श्रीवास्तव ने शिवरानी देवी की कहानी विध्वंस की होली का वाचन किया। शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय की प्राचार्य श्रावणी चक्रवर्ती ने कहा कि उन्हें पहली बार ही मालूम हुआ कि शिवरानी देवी लेखिका और स्वतंत्रता सेनानी भी थीं वे अबतक केवल कथाकार प्रेमचंद की पत्नी के रूप में ही जानती थीं नगर साहित्यकार और विजय नर्सरी इंग्लिश मीडियम स्कूल की संचालिका इंद्रा सेंगर ने हसदेव धारा साहित्य और कला मंच मनेन्द्रगढ़ की अनामिका चक्रवर्ती व मृत्युन्जय सोनी को इस अद्भुत आयोजन के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि आपके आयोजन हमेशा शानदार और हटकर होते हैं।

# निर्वाचन की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद

**सूरजपुर।** नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा लगातार बैठक लेकर निर्वाचन की तैयारी का जायजा लिया जा रहा है एवं आवश्यकतानुसार निर्देश दिए जा रहे हैं। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा निरंतर संपत्ति विरूपण निवारण की कार्यवाही की जा रही है।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह–ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा।जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है । अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें।इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे।ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060113636353 प्रशान्त राजपूत (ऋणी), सागर सिंह राजपूत (सहऋणी), श्रीमती शकुन्तला राजपूत (सहऋणी) | 13-दिसम्बर-24 ₹ 19,80,065/- उन्नीस लाख अस्सी हजार पैंसठ रूपये मात्र 11-दिसम्बर-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 660/5, नकाली मंदिर, सोरिद नगर सोरिदभाट, जिला धमतरी, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 3000 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060113237287 युधिष्ठिर पटवा (ऋणी), हुबलाल पटवा (सहऋणी), चन्द्रमान पटवा (सहऋणी), श्रीमती सुनीता बाई पटवा (सहऋणी) | 13-दिसम्बर-24 ₹ 8,76,471/- आठ लाख छिहत्तर हजार चार सौ इकहत्तर रूपये मात्र 11-दिसम्बर-24 तक | संपत्ति स्थित पीएच नं. 26/32, खसरा नं. 1761/2, मौजे मार तहसील नावागढ, जिला बेमेतरा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2232 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060838696786 & L9001060130954010, आलम खान (ऋणी), श्रीमती समा बेगम (सहऋणी) | 16-दिसम्बर-24 ₹ 4,08,260/- चार लाख आठ हजार दो सौ साठ रूपये मात्र एवं ₹ 15,55,536/- पन्द्रह लाख पचपन हजार पांच सौ छत्तीस रूपये मात्र 11-दिसम्बर-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 894/1, पीस नं. 894-14, पीएच नं. 48/7, पुरानी बस्ती, ग्राम नायला, वार्ड नं. 04 तहसील जांजगीर, जिला चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.021 हैक्टेयर |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060119816064 एवं L9001060822639151,दीपक कश्यप (ऋणी), रमेश कश्यप (सहऋणी) | 13-दिसम्बर-24 ₹ 4,68,246/- चार लाख अडसठ हजार दो सौ छियालीस रूपये मात्र एवं ₹ 3,08,026/- तीन लाख आठ हजार छब्बीस रूपये मात्र 11-दिसम्बर-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 461/27, पीसी नं. 23, ग्राम एवं तहसील लूरमी, जिला मुंगेली, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 80 वर्ग मीटर |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060121776070 हेम लाल विश्वकर्मा (ऋणी), श्रीमती देवकी बाई विश्वकर्मा (सहऋणी) | 13-दिसम्बर-24 ₹ 4,94,105/- चार लाख चौरानवे हजार एक सौ पांच रूपये मात्र 11-दिसम्बर-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 503/6 पीस, देवकी का प्लॉट, मोहदीपाट आर आर सी अर्जुनदा, तहसील गुंदरदेही, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.01 हैक्टेयर |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060119907848 दुर्गेश कुमार देवांगन (ऋणी), श्रीमती रेखा देवांगन (सहऋणी) | 16-दिसम्बर-24 ₹ 25,78,314/- पच्चीस लाख अठहत्तर हजार तीन सौ चौदह रूपये मात्र 11-दिसम्बर-24 तक | संपत्ति स्थित पीएच नं. 49, खसरा नं. 97/8, ग्राम मोहरा, तहसील एवं जिला राजनंदगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0. 045 हैक्टेयर |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060129821667 खुशराम जायसवाल (ऋणी), श्रीमती रमा (सहऋणी) | 13-दिसम्बर-24 ₹ 6,98,165/- छः लाख अठानवे हजार एक सौ पैंसठ रूपये मात्र 11-दिसम्बर-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 1091/1/102, पीएच नं. 29 ग्राम मडवा, मडवा बलोदा बाजार, जिलस रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 290 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060130293387 विनय गोले (ऋणी), सूर्य नारायण गोले (सहऋणी) | 13-दिसम्बर-24 ₹ 20,66,456/- बीस लाख छियासठ हजार चार सौ छप्पन रूपये मात्र 11-दिसम्बर-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 133/21 180/5 परिवर्तित सर्वे नं. 133/1 180/2 पीस, प्लॉट नं. 39/3, 110/3, पीएच नं. 22/36 शीट नं. 17/7, ग्राम जूना, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 450 वर्ग फीट |

दिनांकः 21-01-2025 स्थानः छत्तीसगढ
प्राधिकृत अधिकारी ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

**आम आदमी एवं बसपा मैदान से बाहर, छुपे रुस्तम भी मैदान में रहेंगे**

# टिकट की दौड़ में भाजपा एवं कांग्रेस प्रत्याशी की दावेदारी

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत जैजैपुर अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से सोनसाय देवांगन, नरेंद्र प्रजापति, मीना महेंद्र चंद्रा प्रमुख रूप से दावेदारी की दौड़ में आगे चलने कि बात सामने आ रही है वहीं पर कांग्रेस पार्टी से दिलीप चंद्रा, अखिलेश सोनी एवं भुवनेश्वर चंद्रा भी अपने टिकट के लिए लगे हुए हैं। जहां पर अभी निवर्तमान अध्यक्ष सोनसाय देवांगन ने 5 वर्ष तक अपने कार्यकाल अच्छी तरह से निभाया और करोड़ो की लागत से काम स्वीकृत कराया जो आज तक कोई भी अध्यक्ष ने इतना काम नहीं किया, वहीं पर पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति ने भी मध्यवर्ती कार्यकाल संभाल मीना महेंद्र चंद्रा की बात किया जाए तो मीना महेंद्र चंद्रा ने भी अपना अच्छी तरह से अध्यक्ष का कार्य निर्वहन किया जिससे आम जनता खुश नजर आए। हम कांग्रेस पार्टी की बात करते हैं तो दिलीप चंद्रा जो अभी निवर्तमान में उपाध्यक्ष पद का कर्तव्य निर्वहन किया वहीं पर अखिलेश सोनी भी अपने कार्य के साथ तीन पंचवर्षीय तक पार्षद का कार्य संभाला वहीं पर नए चेहरे के रूप में भुवनेश्वर चंद्रा उभरते हुए कांग्रेस से नजर आ रहे हैं। अब तक नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए बहुजन समाज पार्टी एवं आम आदमी पार्टी से नाम नहीं आया इससे यह लगता है कि सीधी टक्कर कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी में नगर पंचायत जैजैपुर की चुनाव में देखने को मिलेगी। वहीं पर ऐसा भी अनुमान है कि कुछ छुपे रुस्तम निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भी मैदान में उतर सकते हैं। नगर पंचायत जैजैपुर में बहुजन समाज पार्टी एवं आम आदमी पार्टी अपने प्रत्याशी उतारने में दूर नजर आ रही है। वहीं पर पार्षद के लिए भारतीय जनता पार्टी ने सुखदेव दिव्य, विजय यादव, युवराज यादव, राजू थवाईत, फिरतीन बाई केवट, गिरी लाल यादव, बुद्धेश्वर धिवर, मोहन कुम्हार, मीना गिरधारीचंद्रा, रामेश्वरी देवांगन, सोनू संजय चंद्रा, मालती साहू,भागवत प्रसाद चंद्रा एवं कैलाश खाडे को अपना प्रत्याशी की पैनल मै सामिल किया है। वहीं पर भारतीय जनता पार्टी से टिकट ना मिलने वाले भी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव में उतर सकते हैं। वहीं पर कांग्रेस पार्टी अपने प्रत्याशी जो चुनाव जितने के योग्य हैं जहां पर कौशल खूंटे, सद्दाम, अखिलेश सोनी, दाऊरामचंद्रा, देवारी साहू, बसंत साहू, असलम खान, परदेसी खाडे, तीज खाडे, राजू गोटिया कुमार चंद्रा, देव साहू, विष्णु चंद्रा, राकेश अग्रवाल, चंदन धिवर, कीर्तन साहू। इनमें से कौन कांग्रेस को विजयी दिलाता है इस तरह भारतीय जनता पार्टी में भी अनेकों हैं जो अपना विजय दिलाने के लिए पार्षद के लिए मैदान में उतर रहे हैं लेकिन जहां तक देखने वाली बात यह रही है कि कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की आमने-सामने हो सकते हैं। यदि भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी सही प्रत्याशी मैदान में नहीं उतरने पर दोनों पाटीयों को खम्याजा भुगतना भी पड सकता है। जिनका फायदा छुपे रुस्तम उठा सकते हैं।

# प्रशासनिक कार्यों में छत्तीसगढ़ी भाषा का हो बेहतर उपयोग : डॉ. अभिलाषा

## छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रशासनिक कार्य व्यवहार म छत्तीसगढ़ी विषय पर प्रशिक्षण आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रशासनिक कार्य व्यवहार में छत्तीसगढ़ी भाखा का उपयोग विषय पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रशिक्षण में कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ घासीदास मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार, वक्ता सुशील शर्मा और ऋतुराज साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिले के विभाग प्रमुखों सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने इस



प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशासनिक कामकाज में छत्तीसगढ़ी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देना और इसे शासन-प्रशासन में अधिक प्रभावी ढंग से लागू करना था। राजभाषा आयोग ने इस पहल के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा को शासन का हिस्सा बनाने और इसे आम जनता के साथ संवाद का माध्यम बनाने की दिशा में कदम उठाए हैं। राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार ने छत्तीसगढ़ी भाषा के गौरवशाली इतिहास और उसके प्रशासनिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ी भाषा का पहला व्याकरण सन 1880 में तैयार किया गया और 1900 में इसे पुस्तक रूप में प्रकाशित किया गया। राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा केवल एक संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसे संरक्षित करना और प्रशासनिक कार्यों में लागू करना हमारी जिम्मेदारी है। इसके लिए छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा लोक व्यवहार में छत्तीसगढ़ी नामक एक मार्गदर्शिका प्रकाशित की गई है। इस पुस्तक में हिंदी के 67 शब्दों और वाक्यों का छत्तीसगढ़ी अनुवाद, नोटशीट, छुट्टी आवेदन, और जाति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों के प्रारूप दिए गए हैं। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा प्रशासनिक कार्यों में केवल एक माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज और संस्कृति से जुड़ने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा को अपनाना न केवल हमारी संस्कृति को संरक्षित करेगा, बल्कि शासन-प्रशासन को जनता के करीब लाने में भी मददगार साबित होगा।

# नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की घोषणा कर दी गई है। इस घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो गई है। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत चुनावी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला बेमेतरा में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा द्वारा छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 की धारा 18 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किया गया है।



आदेश के अनुसार, 20 जनवरी 2025 से लेकर निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति तक जिले में बिना अनुमति ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए अनुमति प्राप्त करने हेतु संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को अधिकृत किया गया है। वे सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों, निर्वाचन आयोग के निर्देशों, और कोलाहल नियंत्रण अधिनियम में उल्लिखित शर्तों के तहत ही अनुमति प्रदान करेंगे। यह आदेश जिले में तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जिससे शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में मदद मिलेगी, साथ ही चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सकेगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की घोषणा के बाद जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो चुकी है। इसके तहत प्रशासनिक गतिविधियों में विशेष सावधानी बरतने और निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न निर्णय लिए गए हैं। जिला प्रशासन ने आदर्श आचरण संहिता के लागू होने के चलते कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा संचालित जनदर्शन कार्यक्रम को चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक स्थगित करने का निर्णय लिया है।

# शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के सभी तरह के अवकाश प्रतिबंधित

## अवकाश के लिए कलेक्टर से लेनी होगी अनुमति

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के तहत शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के सभी तरह के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश निर्वाचन की कार्यवाही सम्पन्न होने तक लागू रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर ने आदेश जारी कर दिए है। कोई भी अधिकारी-कर्मचारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी या उनके द्वारा अधीकृत अधिकारी के अनुमति के बिना अवकाश प्रस्थान नहीं कर सकेंगे। कोई भी अधिकारी - कर्मचारी के बिना अनुमति के अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय परित्याग करने पर संबंधित जिला प्रमुख या नियंत्रण अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में पहुंचे पर्यवेक्षक अरुण वोरा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक एवं पूर्व विधायक अरुण वोरा बेमेतरा नगरी निकाय चुनाव में प्रत्याशी चयन हेतु आवेदन प्राप्त करने तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के लिए बेमेतरा पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया तथा कांग्रेस कमेटी भवन में बैठक रखी गई जिसमें बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र के 21 वार्डों में औसतन लगभग प्रत्येक वार्ड से दो से तीन लोगों ने पार्षद पद हेतु आवेदन जमा किया है तथा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए लगभग नौ लोगों ने अपना आवेदन जमा



किया है आवेदन जमा करने वालों में निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगल साहू सुमन गोस्वामी लुकेश वर्मा बसंत दास मानिकपुरी शत्रुघ्न साहू घनश्याम देवांगन जय गंगासागर सोनी अखिलेश नामदेव डेनिम सेन इत्यादि ने प्रत्यक्ष प्रणाली से होने वाले नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव को लेकर जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा था भारी संख्या में लोगों ने पर्यवेक्षक अरुण वोरा के समक्ष न केवल अपना आवेदन जमा किया है बल्कि शक्ति प्रदर्शन भी किया छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक अरुण वोरा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी नगरी निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी निश्चित रूप से प्रदेश में लगभग सभी जगह पर भारी बहुमत से जीत दर्ज करने जा रही है किंतु हमें इस जीत के लिए यह सुनिश्चित करना होगा कि हम एक होकर चुनाव लड़े जिस पर उपस्थित कांग्रेस जनों ने एक स्वर में कहा कि टिकट किसी एक को मिलेगी किंतु चुनाव सभी मिलकर लड़ेंगे और बेमेतरा नगर पालिका परिषद में फिर से अध्यक्ष सहित बहुमत पर कांग्रेस का कब्जा होगा बैठक को पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भी संबोधित किया जिसमें उन्होंने कहा कि आज भाजपा को सत्ता में आए हुए 1 वर्ष ही हो रहा है लोग बेमेतरा शहर के हालात को देखकर अफसोस जाहिर कर रहे हैं कि पूर्व के कांग्रेस सरकार में शहर में इतना विकास किया गया है विगत एक वर्षों से बेमेतरा में विकास थम गया है अगर हम सब एक होकर कांग्रेस द्वारा तय किए गए प्रत्याशी को विजई बनाने के लिए जुट जाएं तो कोई ऐसी ताकत नहीं जो हमें जीत से रोक सके बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल प्राणीश चौबे टी आर जनार्दन सन्तधर दीवान नवीन ताम्रकार अवनीश राघव जिला महामंत्री ललित विश्वकर्मा नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू जनपद अध्यक्ष रीना मिथिलेश वर्मा रीता पांडेय नंद साहू रश्मि मिश्रा बहल वर्मा सुनील नामदेव जोगेन्द्र छाबड़ा मनोज शर्मा दिनेश पटेल पंचराम साहू विक्की चौहान रानी सेन ऋषि वर्मा रूबी सलूजा अतुल साहू ऋतिक तिवारी मोहन वर्मा इत्यादि उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने दिए चुनाव आचार संहिता का शत-प्रतिशत पालन करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन हेतु राज्य में आचार संहिता प्रभावशील होने के उपरांत जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि हम सभी अधिकारी-कर्मचारी लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने हेतु पूरी निष्पक्षता एवं ईमानदारी के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। इसके साथ ही जिले में नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन का कार्य निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं अजय किशोर लकरा, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को पूरी सतर्कता एवं सावधानी के साथ पूरा करने के निर्देश भी दिए। चन्द्रवाल ने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में त्रुटि की गुंजाईश बिल्कुल भी नही होती इसलिए निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को त्रुटिरहित ढंग से पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी जानकारियों को निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने 20 जनवरी से राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाने के फलस्वरूप निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के दौरान मंत्रियों के सर्किट हाउस में ठहरने के दौरान उनके द्वारा शासकीय कार्यों से संबंधित विभाग के अधिकारियों को सर्किट हाउस में बुलाए जाने पर अधिकारी-कर्मचारी सर्किट हाउस में मंत्रियों के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं। लेकिन किसी मंत्री के निजी आवास में ठहरने पर किसी भी अधिकारी-कर्मचारियों को निजी आवास में पहुँचकर मंत्री से मुलाकात करने की अनुमति बिल्कुल भी नही होगी।

# पुलिस ने परपोडी के हॉट बजार में 'अंजोर रथ' से यातायात नियमों के संबंध में किया जागरूक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर आमजनो को जिले के हॉट/बाजारों एवं ग्रामों, स्कुल, कॉलेजों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत बेमेतरा यातायात पुलिस द्वारा परपोडी के हॉट/बजार में अंजोर रथ के माध्यम से यातायात नियमों के संबंध




में जागरूक किया। हॉट/बजार में ग्रामीण अंचल से आये आम जनता को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा एवं यातायात संबंधी नियमों से अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। साथ ही ट्रैफिक सिंग्नल का पालन करने, दोपहिया वाहन पर 03 सवारी न बैठाने, हमेशा अपने लेन (साईड) पर ही चलने, दायें या बायें मुड़ते समय इन्डीगेटर का प्रयोग करने, सड़क पर वाहन चलाते समय सड़क के बायी ओर ही वाहन चलाने, ताकि सामने से आने वाले वाहन दायीं तरफ सरलता से जा सके, बीच सडक पर वाहन खडी न करने तथा गाड़ी चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग न करने की जानकारी दी गई। जेबरा क्रासिंग चौक-चौराहा को पार करने की नियमों की जानकारी व यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं बिना लायसेंस के वाहन ना चलाने एवं उन्हें हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित कर यातायात नियमों के संबंध में बेनर/ पोस्टर के माध्यम से जगरूक किया गया। इस दौरान प्रधान आरक्षक दुष्यंत ठाकुर, डामेश्वर राजपूत, अजय साहू एवं ग्रामीण अंचल से आये ग्रामवासी व अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

# ग्राम भैसाकन्हार (क) में ननिहालों और बच्चों को विटामिन 'ए' सिरप पिलाकर शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

आयुष्मान आरोग्य मंदिर भैसाकन्हार (क) के ग्राम भैसाकन्हार(क) के आंगनबाडी केंद्र नयापारा में शासन की महत्वकांक्षी कार्यक्रम का खंड चिकित्सा अधिकारी भानुप्रतापपुर डॉ. ए.के.ध्रुव के मार्गदर्शन में भैसाकन्हार(क) वरिष्ठ महिला बाजारों बाई नरेटी के द्वारा बच्चों को विटामिन 'ए' सिरप पिलाकर शिशु संरक्षण माह 2025 का भव्य शुभारंभ किया गया।ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक बृजेश ऊके द्वारा उपस्थित महिलाओं व हितग्राहियों को शिशु संरक्षण माह की गतिविधियों एवं विटामिन



'ए' सिरप, आयरन सिरप के फायदे के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शिशु संरक्षण माह सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में 21 जनवरी से 21 फरवरी 2025 तक अभियान चलाकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी। विटामिन ए सिरप 6 माह के अंतराल में पिलाया जाता है, विटामिन ए की एक खुराक से बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है,शरीर मे रक्त बनने सहायता मिलती है,आँख के रोग जैसे रतौंधी से बचाव होता है,बच्चे के शरीर को ताकत मिलती है साथ ही बच्चों के शारिरिक व मानसिक विकास में सहायता मिलती हैं।साथ ही आंगनबाड़ी में चिन्हित गम्भीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करवा कर उपचार करने के लिए प्रेरित किया गया है। टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 2 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कर अपेक्षित शिशुओ का टीकाकरण किया गया। साथ ही 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को आयरन फोलिक एसिड की सिरप सप्ताह में दो बार 1 एमएल मंगलवार और शुक्रवार को पिलाई जाएगी। गैर संचारी रोग कार्यक्रम के तहत 25 महिलाए एवं पुरुष की बीपी शुगर की जॉच कर निःशुल्क दवाई देकर स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। इस अवसर पर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक लता नरेटी ,सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता राणा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुन करंगा, कामिन कोसमा, मितानिन, रमिता पोटाई आंगनबाड़ी सहायिका कविता कोर्राम, बच्चे महिलाए, ग्रामवासी उपस्थित हुए।

# 24 जनवरी को दवा विक्रेता संघ ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष दिनेश दुबे ने बताया कि हमारा संगठन देश भर में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करके राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसके चलते ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आदेशानुसार 24 जनवरी 2025 को हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.एस. शिंदे के 75 वें जन्मदिन एवं एआईओसीडीए के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान का आयोजन किया जाएगा । जिसके चलते बेमेतरा जिला के केमिस्ट जिला अस्पताल जाकर रक्तदान करेंगे एवं ब्लड को जरूरतमंदों के लिए ब्लड बैंक बेमेतरा में जमा करेंगे इस संबंध में सही मार्ग दर्शन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं ब्लड बैंक प्रभारी को जिला दवा विक्रेता संघ द्वारा आवेदन सौंपा गया एवं जिला दवा विक्रेता संघ ने अपने सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में आकर रक्तदान कर पुनीत कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर सहयोग करने की अपील की है ।

# निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित

## शिफ्टवार कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के सफल एवं सुचारू संपादन के लिए प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित कर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आम नागरिक शिकायत सेल में संपर्क करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। इसके लिए मोबाईल नम्बर भी जारी किये गये है। चंदन कुमार राय उप संचालक कृषि मोबाईल नम्बर 9340799749 को नोडल बनाया गया है। साथ ही विजय सिंह अधीक्षक भू-अभिलेख मो.नं. 9340540863 एवं रमेश कुमार सहायक संचालक कृषि मो.नं. 9340412374 को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही चार कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक गुलशन सेन मो.नं. 700070977 एवं सुमीत रामटेके मो.नं. 9399347493 तथा शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक तुकाराम ध्रुव मो.नं. 9009920233 एवं गिरिराज वर्मा मो.नं. 9340972086 की ड्यूटी लगाई गई है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

कमांक/80/प्र./अति.तह./2025 दल्लीराजहरा, दिनांक/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग.) का ज्ञापन कमांक 04/प्र.कले./2025 बालोद, दिनांक 02/01/2025 के अनुसार आवेदक श्री प्रकाशचंद जैन पिता श्री मिश्रीलाल जैन एवं अन्य 08 जाति जैन निवासी प्रकाश कटपीस स्टोर्स मेन रोड दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा वार्ड क. 13 नगर पंचायत चिखलाकसा पहनं. 10 स्थित भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि ख.नं. 641/1 रकबा 0.6516 हे. में से 4800 वर्गफूट भूमि को आवश्यक कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी क्रेता श्रीमती तजिन्दर कौर लांबा पति श्री महेन्दर सिंग लांबा निवासी वार्ड क. 13 चिखलाकसा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) के पास विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 06/0 2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 1761/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दल्लीराजहरा

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

कमांक 81/प्र./अति.तह./2025 दल्लीराजहरा, दिनांक 17/01/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग.) का ज्ञापन क्रमांक 02/प्र.कले./2025 बालोद, दिनांक 02/01/2025 के अनुसार आवेदक श्री प्रकाशचंद जैन पिता श्री मिश्रीलाल जैन एवं अन्य 04 जाति जैन निवासी प्रकाश कटपीस स्टोर्स मेन रोड दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा वार्ड क. 13 नगर पंचायत चिखलाकसा पहनं. 10 स्थित भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि ख.नं. 641/1 रकबा 0.6516 हे. में से 3077 वर्गफूट भूमि को आवश्यक कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी केता श्री महिन्दर सिंह लांबा पिता सुविंदर सिंह लांबा निवासी वार्ड क्रं. 13 चिखलाकसा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) के पास विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 06/02/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 17/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दल्लीराजहरा

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप-तहसील देवरबीजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क/......../अ-06/वर्ष2024-25

1. लवकुश प्रसाद अग्रवाल पिता रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल जाति बनिया निवासी ग्राम देवकर तह. देवकर, जिला बेमेतरा छ.ग.
2. सजीव अग्रवाल पिता रामस्वरूप अग्रवाल जाति बनिया निवासी ग्राम बेरला तह. बेरला जिला बेमेतरा छ.ग.

विरूद्ध
छ.ग. शासन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता एवं ग्रामवासी ग्राम नारधी प.ह.-10 06 रा.नि.सं. कोदवा उप-तहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि, आवेदक लवकुश प्रसाद अग्रवाल पिता रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल व अन्य 01 जाति धनिया निवासी ग्राम देवकर तहसील देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि ग्राम नारधी प.ह.नं. 06 रा.नि.म. कोदवा उप-तहसील देवरबीजा में महावीर स्वामी जी सरवराकार गंगाबाई बेवा रामकृष्ण, जमुनाबाई बेवा झड्डुराप्रसाद के नाम पर दर्ज भूमिस्वामी हक की कृषि भूमि ख.नं. 131, 170, 364, 397, 811 रकबा क्रमशः 1.04, 1.05, 1.14, 0.41, 0.69 हे. कुल ख.नं. 05 कुल रकबा 4.33 हे. भूमि राजस्व अभिलेखो में दर्ज है। वादभूमि में अंकित सरवराकारों के फौत विगत कुछ वर्ष पूर्व हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसानो के नाम फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ बी-1, मृत्यु पंचनामा एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 24.01.2025 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में दावा/आपत्ति पत्र पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2025 को यह ईश्तहार मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
उप-तहसीलदार
देवरबीजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप-तहसील देवरबीजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./........./ब-121/वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता एवं ग्रामवासी ग्राम मोहभट्ठा प.ह.न.03 रा.नि.म. कोदवा उप-तहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि, आवेदक हीरासिंग पिता दीदारसिंग जाति जाट सिक्ख निवासी ग्राम मोहभट्ठा उप तहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 03 रा.नि.म. कोदवा उप-तहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा छ.ग. में हीरासिंग पिता दीदारसिंग, मेजरसिंग पिता दीदारसिंग के संयुक्त नाम पर भूमिस्वामी हक की कृषि भूमि ख.नं. 94, 105, 114, 117 रकबा क्रमशः 0.22, 0.09, 0.04, 0.10 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.45 हे. भूमि राजस्व अभिलेखो में दर्ज है। उपरोक्त भूमि के ऋणपुस्तिका की मूल प्रति दिनांक 04.01.2025 को अहिवारा से गिरहोला के बीच रास्ते में कहीं गुम हो गया है। ऋण-पुस्तिका गुम हो जाने के कारण कृषि कार्य एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में असुविधा हो रही है, इस कारण उक्त दर्शित भूमि का द्वितीय प्रति ऋण-पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 06.02.2025 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में दावा/आपत्ति पत्र पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.01.2028 को यह ईश्तहार मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

**कार्यालय उप संचालक, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

Email ID:- ddabalrampur.cg@gov.in, Phone / Fax : 07831-273072, Toll free No-18002332663

क्र./तक.-1/2024-25/3938 **// निविदा सूचना //** बलरामपुर, दिनांक : 15/01/2025

कार्यालय उप संचालक कृषि जिला बलरामपुर-रामानुजगंज अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली सामग्रियों के क्रय हेतु इच्छुक पंजीकृत निविदाकार से सीलबंद दरें आमंत्रित की जाती है।

-: समय सारणी :-

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त करने का प्रारंभिक दिनांक - 18/01/2025 से 30/01/2025 तक
2. निविदायें रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट डाक / टेन्डर बाक्स में कार्यालय उप संचालक कृषि बलरामपुर में प्राप्त करने का अंतिम दिनांक - 05/02/2025 (दोपहर 03.00 बजे तक)
3. निविदायें खोलने का दिनांक - 05/02/2025 (सायं 05:00 बजे)

| क्र. | सामग्री का नाम | दर (समस्त कर सहित) |
|---|---|---|
| 1 | 22 Cm Pitching Stone | |
| 2 | 30 Cm Pitching Stone | |
| 3 | Stone Chips | |
| 4 | Metal | |
| 5 | Cement | |
| 6 | Rubble | |
| 7 | Size Stone | |
| 8 | Sand | |
| 9 | Steel Bar | |
| 10 | JCB Work | |

यह निविदा मूल निविदा का एक अंग है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी तथा विशेष शर्तें (जो निविदा एवं अनुबंध का हिस्सा होंगी) कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र क्रय करने बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक कार्यालय उप संचालक कृषि बलरामपुर में देखी जा सकती है।

सहायक संचालक कृषि
कार्या. उप संचालक कृषि, बलरामपुर-रामानुजगंज

# वाहनों का महाकुंभ बना रायपुर का ऑटो एक्सपो

## पूर्व अनुमानित लक्ष्य 20 हजार से कहीं अधिक पहुंच जायेगा आंकड़ा




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

ऑटो एक्सपो में जो औसतन प्रति दिन वाहनों की बिक्री व बुकिंग का ग्राफबना हुआ है उसे देखकर तो लग रहा है, एक माह की एक्सपो अवधि के दौरान पूर्वअनुमानित लक्ष्य 20 हजार से कहीं अधिक 25 से 30 हजार तक का आंकड़ा छू जाएं तो कोई अतिश्योक्ति नहीं। ऑटो एक्सपो का यह आठवां एडिशन हैं और इससे पहले के किसी भी एक्सपो में कस्टमर का इतना जबर्दस्त रूझान देखने को नहीं मिला था। संडे को पहुंचे लोग इसे वाहनों का महाकुंभ बता रहे थे। सभी प्रकार के व्हीकल्स की खरीदी पर आजीवन रोड टैक्स पर 50 फीसदी का छूट तो दिया जा रहा है, डीलर्स कंपनियां अपनी ओर से भी अलग से आफर कर रही हैं जिससे एक बड़ी बचत का फायदा लेने से लग रहा है कस्टमर चूकना नहीं चाह रहे हैं। वाहन खरीदी का जो भी परपस रहा हो वो सभी वे एक्सपो में तब्दील कर रहे हैं। तभी तो संडे को 1055 वाहनों की बुकिंग हुई और 477 वाहन बिक गए। 23 जनवरी से नए माडलों की लांचिंग भी शुरु हो जायेंगी.कंपनी से वाहन रवाना हो चुके हैं। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन,उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया बताते हैं कि कोई भी सेग्मेंट ऐसा नहीं होगा जहां जोरदार बिक्री व बुकिंग न हो रही होगी। बता दें कि दिल्ली में भी ऑटो एक्सपो को जबर्दस्त रिस्पांश मिल रहा है,वहां रोजाना नए वाहनो की लांचिंग हो रही है जो आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं, वहां लांच होने के बाद नए मॉडल रायपुर आटो एक्सपो में भी नजर आएंगे लेकिन 23 जनवरी से। साइंस कालेज मैदान में ही अब और ज्यादा विस्तारित जगह पर एक्सपो का फैलाव कर रहे हैं ताकि सुविधाजनक ढंग से वाहनों की डिस्पले हो सके, टेस्ट ड्राइव की सुविधा मिल सके और लोगों को आने जाने में भी सहुलियत मिले। यह भी आज कल में पूरा हो जायेगा। चूंकि चारो सेग्मेंट में व्हीकल्स व स्पेयर पार्ट्स के 200 स्टॉल है शामिल है इसलिए बड़ा स्पेश भी उन्हे चाहिए। पिछले कुछ सालों से ई बाइक व ई कार का चलन भी लोगों में बढ़ा है, ई बाइक और ई कार की भी अच्छी खासी बिक्री यहां पर हो रही है।

# भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस ने वित्तीय सेवाओं के लिए भारत के सबसे बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म में से एक बनने के लिए की रणनीतिक साझेदारी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल और देश की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी बजाज फाइनेंस ने आज वित्तीय सेवाओं के लिए भारत के सबसे बड़े डिजिटल प्लेटफार्मों में से एक बनने और वित्तीय सेवाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। इस अनूठी साझेदारी में एयरटेल के 370 मिलियन का सक्रिय ग्राहक, 12 लाख से अधिक का विशाल डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, तथा बजाज फाइनेंस की 27 उत्पाद लाइनों का विविध समूह, और 5,000 से अधिक शाखाएं एवं 70,000 क्षेत्रीय एजेंट शामिल है । एयरटेल, बजाज फाइनेंस के खुदरा वित्तीय उत्पाद शुरुआत में अपने एयरटेल थैंक्स ऐप पर, और बाद में अपने स्टोर के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के माध्यम से भी उपलब्ध कराएगा, ताकि ग्राहकों को इस सुविधा का सहज और सुरक्षित अनुभव मिल सके। दोनो कंपनियों की डिजिटल परिसम्पतियों की संयुक्त ताकत एयरटेल और बजाज फाइनेंस को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पहुंच को और बेहतर बनाने में सक्षम बनाएगी। भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और एमडी गोपाल विट्ठल ने कहा, एयरटेल और बजाज फाइनेंस, इस देश के दो भरोसेमंद नाम हैं, जो लाखों भारतीयों को वित्तीय जरूरतों के विविध पोर्टफोलियो के साथ सशक्त बनाने का साझा दृष्टिकोण रखते हैं। दोनों कंपनियों की संयुक्त पहुंच, पैमाना और वितरण शक्ति इस साझेदारी की आधारशिला के रूप में काम करेगी और हमें बाजार में सफल होने में मदद करेगी। हम एयरटेल फाइनेंस को कंपनी के लिए एक रणनीतिक परिसंपत्ति के रूप में विकसित कर रहे हैं और इसमें निवेश तथा इसका विकास करना जारी रखेंगे।

# सिक्ख समाज एवं छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन के प्रमुख मिले अजय जामवाल



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन के जिलाध्यक्ष सचिन मोनू सलूजा के नेतृत्व में सिक्ख समाज एवं छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन के प्रमुख मिले अजय जामवाल क्षेत्रीय संगठन महामंत्री मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ आगामी चुनाव में सिक्ख समाज रायपुर नगर निगम 5 वार्डों समाज के प्रतिनिधि को टिकट एवं पूरे छत्तीसगढ़ में समाज 40 वार्डो में सिक्ख प्रत्याशी की मांग कर रहा है, महोदय साथ में नगर निगम 1,नगर पालिका में 2 और नगर पंचायत चुनाव में 4 प्रतिनियुक्ति हम चाहते की है समाज से सिक्ख प्रत्याशी को टिकट मिले, सिक्ख समाज हमेशा भाजपा के विचारधारा और कार्यशैली से प्रभावित रहा है साथ बढ़ चढ़ कर सिक्ख समाज के प्रतिनिधि कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका में हमेशा रहे, आपसे निवेदन करते है, कि आप सभी समाज के प्रतिनिधि मंडल को नगरीय निकायों में टिकट देने की कृपा करेंगे ,1. हेमू कालाणी वार्ड 28 - सचिन मोनू सलूजा 2. इंद्रा गांधी वार्ड 27 - अवतार सिंह बागल 3. मदर टेरेसा वार्ड 47 - राजेंद्र सिंह होरा 4. रानी दुर्गावती वार्ड 49 - जसपाल सिंह रंधावा 5. वार्ड 1 - मनमीत सिंह 1. महासमुन्द नगर पालिका अध्यक्ष के लिए सतपाल सिंह पॉली को टिकट दी जाए (पूर्व मंडल अध्यक्ष महासमुन्द) 2.नगर पंचायत अध्यक्ष नगरी के लिए बलजीत सिंह छाबड़ा को टिकट दिया जाए ( पूर्व पार्षद )।

# आईडीबीआई बैंक लिमिटेड - 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त हुई तिमाही और नौ महीने के लिए वित्तीय परिणाम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आज आईडीबीआई बैंक ने Qx FY25 के लिए अपने त्रैमासिक परिणाम जारी किए। Qx FY25 के लिए शुद्ध लाभ 31% की मजबूत YoY वृद्धि के साथ 1,908 करोड़ रहा। ऑपरेटिंग प्रॉफिट 2,802 करोड़ रहा। एनआईएम 5.17% और शुद्ध ब्याज आय 23% की YoY वृद्धि करते हुए 4,228 करोड़ दर्ज हुई। Q 3-2025 में जमा की लागत 4.63% रही, जो Q3-2024 में 4.34% थी। सीआरएआर 166 बीपीएस की YoY वृद्धि के साथ 21.98% रहा। Q3-2025 के लिए संपत्ति पर रिटर्न (आरओए) 29 बीपीएस वृद्धि के साथ 1.99% दर्ज किया गया, जो Q3-2024 में 1.70% था। इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) 20.13% रहा (56 बीपीएस की YoY वृद्धि)। शुद्ध एनपीए 0.18% रहा, जो 31 दिसंबर, 2023 को 0.34% था। सकल एनपीए 3.57% रहा, जो 31 दिसंबर, 2023 को 4.69% था। पीसीआर 99.47% रहा, जो 31 दिसंबर, 2023 को 99.17% था।

# बेजोड़ सुरक्षाः स्कोडा काइलैक को भारत एनसीएपी क्रैश टेस्ट में 5-स्टार रेटिंग मिली

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अपने सेगमेंट में सबसे सुरक्षित कार बनी। काइलैक भारत एनसीएपी टेस्ट में भाग लेने वाली स्कोडा की पहली गाड़ी है. वयस्क और बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रतिष्ठित 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग हासिल की वयस्क यात्री सुरक्षा में 30.88 और बच्चों की सुरक्षा में 45.00 अंक प्राप्त करके इसे अपने सेगमेंट में सबसे सुरक्षित कार बना दिया बेस वैरिएंट से ही मानक के रूप में छह एयरबैग और 25 से अधिक एक्टिव और पैसिव सेफ्टी फीचर्स से लैस है. ग्लोबल एनसीएपी 5-स्टार रेटेड कुशाक और स्लाविया द्वारा निर्धारित सेफ्टी एक्सीलेंस की स्कोडा की विरासत को जारी रखा। स्कोडा ऑटो इंडिया की पहली सब-4 मीटर एसयूवी, काइलैक ने भारत एनसीएपी (न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम) में प्रतिष्ठित 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग हासिल की है। काइलैक भारत एनसीएपी टेस्ट में भाग लेने वाली पहली स्कोडा गाड़ी बन गई है, जिसने कुशाक और स्लाविया द्वारा स्थापित सेफ्टी एक्सीलेंस की ब्रांड की विरासत को जारी रखा है। स्कोडा ऑटो इंडिया की दोनों 2.0 कारों ने वयस्क और बच्चों की सुरक्षा दोनों के लिए अपनी कैटेगरी में ग्लोबल एनसीएपी क्रैश टेस्ट में 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग हासिल की है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कहा, सुरक्षा स्कोडा के डीएनए में निहित है और 2008 से प्रत्येक स्कोडा कार का वैश्विक स्तर पर और भारत में 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग के साथ क्रैश-टेस्ट किया गया है। स्कोडा ऑटो, 5-स्टार सुरक्षा-रेटेड कारों के बेड़े के साथ भारत में कार सेफ्टी अभियान का नेतृत्व कर रहा है। हम ग्लोबल एनसीएपी टेस्ट के तहत वयस्कों और बच्चों के लिए पूरे 5-स्टार स्कोर करने वाले पहले ब्रांड हैं।

# ओपीजी मोबिलिटी ने पेश किया फेराटो इलेक्ट्रिक स्कूटर 'डेफी 22'



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम, ओपीजी मोबिलिटी (जिसका पहले नाम ओकाया ईवी के नाम से जाना जाता था) ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में बहुप्रतीक्षित फेराटो 'डेफी 22' को पेश किया। कंपनी ने भविष्य की एक झलक पेश की, जहां मोबिलिटी को अधिक टिकाऊ, नवोन्मेषी और भारतीय के लिए डिजाइन किया गया है। डेफी 22 के लिए प्री-बुकिंग 17 जनवरी, 2025 से शुरू होगी। फेराटो 'डेफी 22', एक नया इलेक्ट्रिक स्कूटर है, जो कॉम्बी डिस्क ब्रेक सिस्टम से सुसज्जित है, जो सिंगल चार्ज में 80 किलोमीटर की रेंज के साथ 70 किलोमीटर प्रति घंटा की प्रभावशाली स्पीड प्रदान करता है, जिसे आईसीएटी द्वारा सत्यापित किया गया है। इसकी मजबूत संरचना में एक नई डिजाइन के साथ अत्यधिक टिकाऊ आईपी67-रेटेड एलएफपी बैटरी और एक वेदरप्रूफ आईपी65-रेटेड चार्जर जोड़ा गया है, जो विभिन्न परिस्थितियों में भरोसेमंद प्रदर्शन को सुनिश्चित करता है। म्यूजिक फीचर के साथ 7-इंच टच डिस्प्ले स्पीडोमीटर और स्टाइलिश 12 इंच एलॉय व्हील इसके डिजाइन को क्लासी और बोल्ड बनाते हैं। 72वोल्ट 30एएच एलएफपी बैटरी के साथ 1200 वॉट पावर वाली मोटर और 2500 वॉट की पीक पावर के साथ, डेफी 22 एक शक्तिशाली और प्रैक्टिकल सवारी प्रदान करता है।

# कबीर वार्ड की बिजली की समस्या को लेकर अजय साहू ने विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंप मरमत की मांग



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कबीर वार्ड की बिजली की समस्या को लेकर अजय साहू ने विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंप मरमत कि मांग की हैं अजय साहू ने बताया कि इमलीपारा कबीर वार्ड में दुजराम साहू के घर में लगे खंभे से सुनील साहू के घर तक लगे विद्युत खंभे तक केबल जर्जर हो चुका है व नीचे की ओर लटक रहा है जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती हैं। इससे पहले भी कई बार घटना घटित हो चुका है। लगा तार बिजली विभाग को शिकायत करने के बाद भी अभी ध्यान नहीं दिया जा रहा है उसको लेकर जिला विद्युत अधिकारी से शिकायत किया गया। वार्ड वासियों ने शीघ्र ही मरमत कि मांग कि हैं मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अजय साहू, ललित साहू,बलराम साहू,पूजा जांगड़े,जरीन खान,रानी भास्कर, शिवशंकर साहू,किशन यादव,परवेज खान,सागर साहू सहित अधिक संख्या में वार्ड वासी उपस्थित रहे।

# बादाम के 8 छुपे हुए सेहतमंद फायदेः रितिका समद्दर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

हर साल 23 जनवरी को नेशनल आमंड डे मनाया जाता है जो बादाम खाने के फायदों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का दिन है हम में से अधिकांश ने बचपन में अपनी माँ और दादी से सुना होगा कि बादाम खाना सेहत के लिए फायदेमंद होता है और यह बात अब वैज्ञानिक रूप से भी साबित हो चुकी है। 200 से अधिक वैज्ञानिक अध्ययनों ने यह पुष्टि की है कि बादाम पोषण से भरपूर होते हैं और हमारी संपूर्ण सेहत को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। कैलिफोर्निया बादाम, जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं इस खास मौके पर रितिका समद्दर, क्षेत्रीय प्रमुख-डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर नई दिल्ली ने बताया कि रोजाना के आहार में बादाम को शामिल करने के कुछ अनजान लेकिन महत्वपूर्ण फायदे हैं। आइए, इस बहुमूल्य जानकारी पर एक नज़र डालें और सेहत के लिए बादाम के लाभों को समझें। कैलिफोर्निया बादाम में 15 जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे मैग्नीशियम, प्रोटीन, रिबोफ्लेविन, जिंक, फाइबर और सेहतमंद फैट्स। ये पोषक तत्व संपूर्ण तंदुरुस्ती में योगदान देते हैं। भारतीयों के आहार के लिए आईसीएमआर-एनआईएन के दिशा-निर्देशों में बादाम को एक पौष्टिक नट के रूप में माना गया है, जिसे रोजाना खाना सेहत के लिए फायदेमंद है। बादाम में भरपूर मात्रा में विटामिन ई होता है, जो एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है। इसे त्वचा को चमकदार और स्वस्थ बनाने के लिए जाना जाता है और इसके एंटी-एजिंग गुण भी होते हैं। कैलिफोर्निया बादाम प्रोटीन का समृद्ध स्रोत हैं, जो मांसपेशियों की वृद्धि और रखरखाव में मदद करता है। आईसीएमआर के दिशा-निर्देश संतुलित आहार के हिस्से के रूप में नियमित रूप से बादाम खाने की सलाह देते हैं। बादाम न केवल प्लांट-बेस्ड प्रोटीन का उत्कृष्ट स्रोत हैं, बल्कि यह एक सेहतमंद और पौष्टिक स्नैक भी है।

# छत्तीसगढ़ सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के प्रावधानों का कठोरतापूर्वक अनुपालन के लिए कलेक्टर द्वारा जारी किए गए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तिथि जारी होते ही राज्य भर में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर एस जयवर्धन ने संबंधित अधिकारियों को छत्तीसगढ़ सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के प्रावधानों का कठोरतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तत्काल संपत्ति विरूपण निवारण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिसके परिपालन में राजस्व अधिकारी व संबंधितों द्वारा कार्यवाही जिले में शुरू कर दी गई है जो सतत रूप से जारी है। यह कार्यवाही सभी कार्यालय व सार्वजनिक स्थलों पर की जा रही है। इसके अन्तर्गत सभी क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थान से बैनर पोस्टर जैसे प्रचार सामग्रियों को हटाया जा रहा है। इसी क्रम में सूरजपुर नगर पालिका, रामानुजनगर, भैयाथान सहित विभिन्न क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण निवारण की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के अंतर्गत सार्वजनिक स्थल तथा शासकीय भवनों में लगे बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स, एलईडी तथा अन्य प्रचार सामग्रियों को 24 घण्टे भीतर हटाने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा प्रथम 48 घंटे में सभी सार्वजनिक संपत्तियों से विरूपण हटाने की कार्यवाही जाएगी एवं प्रथम 72 घंटे में सभी निजी संपत्तियों से विरूपण हटाया जाएगा। गौरतलब है कि निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय/अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाते हैं तथा विद्युत एवं टेलीफोन के खम्भों पर चुनाव प्रचार से सम्बन्धित झंडिया लगाई जाती है, जिसके कारण शासकीय/अशासकीय सम्पत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। आचार संहिता प्रभावशील होने के पश्चात छत्तीसगढ़ सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 03 में निहित प्रावधानानुसार कोई भी व्यक्ति जो सम्पत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी सम्पत्ति को स्याही, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिख कर या चिन्हित कर के उसे विरूपित करेगा।

# गोडावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने पेश किए दो नए ई-स्कूटर और लॉन्च किया ई-ऑटो

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपने नए उत्पादों का अनावरण किया। कंपनी ने दो नए इलेक्ट्रिक स्कूटर्स इब्लू फियो ज़ेड और इब्लू फियो डीएक्स, और तीन पहियों वाला इलेक्ट्रिक ऑटो इब्लू रोज़ी इको लॉन्च किया। कंपनी का उद्देश्य ऐसे वाहन बनाना है, जो पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाएं, ऊर्जा की बचत करें और लंबे समय तक टिकाऊ रहें। कंपनी ने अपने ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह वाहन पेश किए हैं। इब्लू फियो ज़ेड को खासतौर पर शहर के अंदर कम दूरी के सफर के लिए डिजाइन किया गया है। यह लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर दैनिक यात्रा की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। वहीं, इब्लू फियो डीएक्स अधिक पावर और बेहतर प्रदर्शन के साथ आता है और एक बार चार्ज करने पर 150 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान करता है। इसकी कीमत 2,95,999 (एक्स-शोरूम) तय की गई है। इसके अलावा, इब्लू रोज़ी इको, जो तीन पहियों वाला इलेक्ट्रिक ऑटो है, बिजनेस के लिए एक उपयोगी विकल्प है। इसे विशेष रूप से ऑनलाइन ऑर्डर डिलीवरी, गोदाम से घर तक सामान पहुंचाने और यात्रियों को शहर के भीतर उनकी मंजिल तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने इन वाहनों के जरिए टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल यात्रा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। यह पहल न केवल ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करती है, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के डायरेक्टर और सीईओ हैदर खान ने कहा कि ''इन तीनों नए वाहनों की पेशकश भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# एनएचसी फूड्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ में 384% की वृद्धि दर्ज की

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

विभिन्न कृषि उत्पादों, वस्तुओं और मसालों के अग्रणी निर्यातक एनएचसी फूड्स लिमिटेड ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही और नौ महीने के वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही में कंपनी का पीएटी 384त्न बढ़कर 208.33 लाख रुपए दर्ज किया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष में 43.03 लाख रुपए था। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन से आय 58त्न बढ़कर 7352.97 लाख रुपए हुई, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के में 4649.69 लाख रुपए थी। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए, कंपनी का पीएटी 384त्न बढ़कर 614.30 लाख रुपए हुआ है, जो पिछले वर्ष इसी समयावधि में 126.88 लाख रुपए था। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए परिचालन से आय 64त्न बढ़कर 21,420 लाख रुपए हुई है, जो पिछले वर्ष 13,062 लाख रुपए थी। पिछली तीन तिमाहियों में, अस्थिर माहौल के बावजूद, एनएचसी फूड्स के प्रदर्शन ने कंपनी की टॉपलाइन और बॉटमलाइन दोनों पर मजबूत वृद्धि हासिल करने की उल्लेखनीय क्षमता दिखाई है। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में कंपनी 200.88 लाख, दूसरी तिमाही में 205.08 लाख और तीसरी तिमाही में 208.33 लाख रुपए का लाभ हुआ, जो पूरे वित्तीय वर्ष 2024 के लिए 234.74 लाख रुपए का मुनाफा पार कर गया है। इन परिणामों पर बोलते हुए कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक सत्यम जोशी ने कहा कि तिमाही और नौ महीने की अवधि के दौरान एनएचसी फूड्स का प्रदर्शन चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद मजबूत टॉपलाइन और बॉटमलाइन विकास हासिल करने की असाधारण क्षमता को दर्शाता है।

# हर्षित अर्बन सिटी में प्लॉट मेला 24 जनवरी से.. सिंघानिया बिल्डकॉन के ''शहर के बीच में, अपना जहां'' स्कीम में प्रीमियम रेशिडेंशियल प्लॉट्स खरीदने का बेहरीन मौका







पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में रियल एस्टेट के क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड सिंघानिया बिल्डकॉन के हर्षित अर्बन सिटी में प्लॉट मेला का आयोजन 24, 25 और 26 जनवरी को किया जा रहा है। सिंघानिया बिल्डकॉन के शहर के बीच में, अपना जहां स्कीम के तहत हर्षित अर्बन सिटी के प्लॉट मेला में बुकिंग कराने वाले ग्राहकों के लिए कई आकर्षक स्कीम का लाभ दिया जा रहा है। अगर आप राजधानी रायपुर में घर बनाने के लिए प्राइम लोकेशन पर किफायती प्लॉट खरीदने की तलाश कर रहे हैं तो हर्षित अर्बन सिटी आपके लिए बेस्ट आप्शन साबित होगा। रायपुर शहर के बीच रिंग रोड नं.-1, डी-मार्ट के सामने, रायपुरा में पूर्ण विकसित हर्षित अर्बन सिटी में 1000-3000 वर्गफुट साइज के प्रीमियम रेशिडेंशियल प्लॉट्स किफायती कीमत पर रेडी हैं। रेरा द्वारा पंजीकृत हर्षित अर्बन सिटी में विश्व स्तरीय सुविधाएं निवेशकों को दी जा रही हैं। जिसमें कवर्ड कैम्पस, गेटेड समुदाय, सीसीटीवी सुरक्षा, 24-7 जल आपूर्ति, लैंडस्केप गार्डन, स्ट्रीट लाइट, भूमिगत पानी की टंकी वॉकिंग ट्रैक पार्टी लॉन, बच्चों के लिए प्लेइंग ग्राउंड के साथ पर्यावरण मानकों के अनुरूप ग्रीन प्लांटेशन आपको लक्जरी जीवन का अहसास कराएगा। सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप के पास 32 वर्षों से अधिक का अनुभव है, और उन्होंने रायपुर और अन्य क्षेत्रों में 25 से अधिक लैंडमार्क प्रोजेक्ट्स पूरे किए हैं, जिससे उन्होंने 20,000+ खुशहाल परिवारों को घर उपलब्ध कराए हैं। उनकी गुणवत्ता, नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता हर प्रोजेक्ट में झलकती है, जिससे वे रियल एस्टेट क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम बने हुए हैं। सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप ने रियल एस्टेट में अपने कई शानदार प्रोजेक्ट सफ्लता के साथ पूरे किए हैं जहां हजारों परिवार निवास कर रहे हैं। ..सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप की पहचान ''जो दिखाते हैं वही बनाते''... के आदर्श वाक्य के साथ रियल्टी सेक्टर में लोगों के भरोसे का प्रतीक बना चुका है।

# सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया के 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही एवं नौ-माह के लिए वित्तीय परिणाम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया ने 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के लिए वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं।वर्ष-दर-वर्ष आधार पर कार्यनिष्पादन के प्रमुख वैशिष्ट्य कुल व्यवसाय रु. 617368 करोड़ से 8.31% बढ़कर रु. 668686 करोड़ हो गया है। कुल जमा राशि रु. 377722 करोड़ से 5.34% बढ़कर रु. 397907 करोड़ हो गई है। कासा जमा राशि रु. 10565 करोड़ बढ़कर, रु. 95107 करोड़ हो गई है, जो साल-दर-साल 5.72त्न की वृद्धि दर्शाती है और कुल जमा का 49.18% हिस्सा है। सकल ऋण रु. 239646 करोड़ से 12.99% बढ़कर रु. 270779 करोड़ हो गया है। ऋण जमा (सीडी) अनुपात 31 दिसम्बर 2023 से 465 बीपीएस का सुधार दर्ज करते हुए 68.25% हो गया है। 31 दिसम्बर 2023 की समाप्त तिमाही की तुलना में सकल एनपीए 4.50% में 64 बीपीएस का सुधार दर्ज करते हुए 3.86% हो गया है। 31 दिसम्बर 2023 की समाप्त तिमाही की तुलना में शुद्ध एनपीए 1.27% में 68 बीपीएस का सुधार दर्ज करते हुए 0.59% हो गया है। 31 दिसम्बर 2023 की समाप्त तिमाही की तुलना में प्रावधान कवरेज अनुपात 93.73% में 281 बीपीएस का सुधार दर्ज करते हुए 96.54% हो गया। 31 दिसम्बर 2023 की समाप्त तिमाही/नौ-माह की तुलना में शुद्ध लाभ रु.719 / रु. 1742 करोड़ से साल-दर- साल 33.98%/57.98% की वृद्धि दर्ज करते हुए रु.959 / रु.2752 करोड़ हो गया है।

# मानवाधिकार सहायता संघ के जिला अध्यक्ष बने राजकुमार मोदी



पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा मानवाधिकार कार्यो एवं मानवाधिकार हनन रोकने व सहायता के लिए कार्य करने वाली अग्रणी संस्था ÷मानवाधिकार सहायता संघ भारत अंतराष्ट्रीय÷ द्वारा अधिवक्ता राजकुमार मोदी को कोरबा जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति मानवाधिकार सहायता संघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.एस.भारत द्वारा, राष्ट्रीय महासचिव रामू राव एवं कार्यकारी जिलाध्यक्ष, बिलासपुर मनीष अग्रवाल की अनुशंसा पर की गई है। ज्ञात हो की मानवाधिकार सहायता संघ भारत अंतराष्ट्रीय, संस्था भारत सरकार के कॉर्पोरेट एफेयर्स मंत्रालय द्वारा विधिवत पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त है। जिनके पदाधिकारियों द्वारा मानवाधिकार के क्षेत्र में पीडितो, शोषितो, असहाय लोगो को शासन एवं प्रशासन से मिलकर उन्हें अन्याय से बचाने एवं उनके संरक्षण व न्याय दिलाने के लिये कार्य करती है तथा समाज को अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफलडने में मदद करती है।

# निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखने कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान जिले में कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी निर्वाचन केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अचानकमार क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में संचार सुविधा को मजबूत करने कहा, जिससे मतदान के दौरान त्वरित सूचना प्राप्त हो सके। सूचना तंत्र को मजबूत बनाने के लिए ग्राम के कोटवार से भी सतत् सम्पर्क बनाए रखने की बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी निगरानी रखने एवं विभिन्न माध्यमों के जरिए भ्रामक व भड़काऊ पोस्ट, अफवाहों, व्यक्तिगत एवं जातिगत टिप्पणी तथा धार्मिक उन्माद फैलाने वालों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लॉ एण्ड ऑर्डर के संबंध में कहा कि भारतीय नागरिकता सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है, जिसके अंतर्गत कोई भी राजनीतिक, शैक्षणिक, सामाजिक या धार्मिक रैली, सभा बिना अनुमति के आयोजित नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि निर्वाचन के दौरान जिले में शांति व्यवस्था को भंग करने वाले लोगों को चिन्हांकित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने जुआ, सट्टा सहित अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने और संबंधितों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आम व्यक्ति की सुरक्षा के साथ ही बंधपत्र निष्पादन (बाण्ड ओव्हर) की कार्यवाही की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी संजय यादव, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर. जी. एल. यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, पथरिया एसडीएम बी. आर. ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

420 से अधिक लोगों पर बांड ओवर की कार्रवाई, 1000 से अधिक प्रक्रियाधीन जिले में अवैध गतिविधियों में संलग्न एवं आदतन बदमाश व्यक्तियों पर बांड ओवर की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पथरिया, मुंगेली एवं लोरमी तीनों अनुविभागों में 420 से अधिक लोगों पर बांड ओवर का कार्रवाई की गई तथा 01 हजार से अधिक लोगों पर बांड ओवर की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अवैध गतिविधियों में संलग्न लोगों को चिन्हांकित कर बांड ओवर की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# निर्वाचन प्रक्रिया संचालन के लिए आरओ एवं एआरओ को दिया गया प्रशिक्षण

■ जिला पंचायत सीईओ ने निर्वाचन कार्यों के संचालन को सफलतापूर्वक संचालन हेतु प्रशिक्षण को बताया महत्वपूर्ण

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुर
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन की उद्घोषणा के साथ ही जिले में निर्वाचन संबंधित तैयारियां प्रारम्भ हो गयी हैं। जिसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिले के सभी नगरीय निकायों के आरओ एवं एआरओ हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन के सफलतापूर्वक संचालन हेतु प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी प्रक्रियाओं को बारीकी से प्रायोगिक तौर पर समझने हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनरों द्वारा सभी आरओ एवं एआरओ को नामांकन प्रक्रिया के दौरान रखी जाने वाली सावधानी एवं निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए ईवीएम द्वारा मतदान प्रक्रिया, मतदान के समय रखी जाने वाली सावधानी एवं मतगणना प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गयी। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी दी गयी। इस प्रशिक्षण में एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी, नंदजी पांडेय, ओंकार यादव, ॠतुराज बिसेन, नगर पालिका सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय सहित सभी नगरीय निकायों के सीएमओ एवं तहसीलदार उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि नगरीय निकायों हेतु निर्वाचन की सूचना एवं नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति 22 जनवरी से प्रारंभ होगी तथा नाम निर्देशन पत्र 28 जनवरी अपराह्न 03 बजे तक प्राप्त किए जा सकेंगे। अभ्यर्थी 31 जनवरी तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान की प्रक्रिया 11 फरवरी को प्रातः 8 बजे से अपराह्न 5 बजे तक की जाएगी और मतगणना एवं परिणामों की घोषणा 15 फरवरी को की जाएगी।

# मतदान समाप्ति तक नारेबाजी, सभा, रैली से प्रचार-प्रसार पूर्णत प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु तथा नगर पालिका व त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान जिले में शांति-व्यवस्था बनाये रखने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास ने जिले में लोक शांति बनाये रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अन्य उपायों के साथ-साथ प्रतिबंधात्मक उपाय हेतु आदेश जारी किए हैं। जिला दण्डाधिकारी रोहित व्यास ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुए जशपुर जिले के नगर पालिक परिषद् जशपुर एवं शेष नगरीय निकायो तथा जनपद पंचायतों मे प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया गया है। जारी आदेश अनुसार कोई भी व्यक्ति, किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र जैसे-बन्दूक, राइफल, रिवाल्वर पिस्टल इत्यादि तलवार, भाला, बरछा, लाठी गुप्ती अथवा अन्य अस्त्र शस्त्र एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर, किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। आदेश में उल्लेखित करते हुए बताया गया है कि यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों पर लागू नही होगा, जिन्हे अपने कार्य संपादन के लिये लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हे चुनाव व मतदान के दौरान, कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हे शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा लंगड़ापन होने के कारण, सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक होता है। जशपुर जिले के नगर पालिक निगम जशपुर एवं शेष नगरीय निकायो तथा जनपद पंचायतों के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा, न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा और न ही कोई धरना देगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाला व्यक्ति व दल भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय होगा। प्रकरण के तथ्यों एवं परिस्थितियों को देखते हुए इस आदेश के संबंध में सम्बंधितो को सूचना पत्र जारी कर सुनवाई सम्यक रूप से संभव नहीं हैं, अतः यह आदेश एक पय पारित किया गया है।

# 8 किलोग्राम से अधिक गांजा परिवहन करते मोटर सायकल सहित 3 औरोपियों को गिरफ्तार करने में मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



08 किलोग्राम से अधिक गांजा परिवहन करते मोटर सायकल सहित 03 औरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। जिसमें एक महिला सहित 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव हेतु आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत जिला क्षेत्रांतर्गत एवं सरहदी क्षेत्रों में सघन चेक पीईट लगाकर अवैध रूप से मादक पदार्थ शराबच एवं गांजा तस्करी व नशा का व्यापार करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा एवं उप पुलिस अधीक्षक लोरमी माधुरी चिरही के कुशल मार्गदर्शन पर थाना लालपुर पुल चैक के पास चेकिंग के दौरान बिजराकापा तरफ से एक मोटर सायकल में तीन सवारी आते दिखे, जिसे सकयाकर पूछताछ किये जो गोल मोल जवाब देने लगे, संदेह होने पर गाड़ी के टंकी पर रखे बैग को खोलवाकर तलाशी ली गयी, बैग में मादक पदार्थ गांजा होने पर कर्मचारी को गवाह बुलाने भेजा गया, गवाह आने पर समक्ष गवाह के तलाशी ली गयी, तलाशी पर 04 पैकेट में कुल 08 किलो 45 ग्राम मादक पदार्थ गांजा रखा मिला, जिसके संबंध में पूछताछ करने पर बिक्री करने हेतु मुंगेली तरफ लेकर जाना बताये। तीनों आरोपियों में मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 क्यू-5339 के चालक ने अपना नाम अजीत कुमार सिसोदिया ग्राम पीपरखुटी थाना लोरमी एवं उसके साथी रिश्तेदार दिनांश पिता जयसिंह पारधी उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 03 मारो थाना नांदघाट जिला बेमेतरा एवं 01 महिला आरोपी रीना शिकारी पति मनोज उम्र 35 वर्ष निवासी मटियारी थाना सीपत जिला बिलासपुर छ.ग. के संयुक्त कब्जे से 04 पैकेट में मादक पदार्थ गांजा वजन 08 किलो 45 ग्राम कीमती 81000 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 क्यू-5339 मिला जिसे जप्त कर आरोपीगण अजीत सिसोदिया, दिनांश पारधी एवं रीना शिकारी का कृत्य अपराध धारा 20 (बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट का पाये जाने से दिनांक 21.01.2025 को गिरफ्तार कर ज्यूडीशियल रिमाण्ड पर भेजा गया।

# महतारी वंदन योजना की डाटा लीक : जिला महामंत्री

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



संजय यादव जिला महामंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना की डाटा लीक हो गई है। जिन महिलाओं ने पहले आवेदन किया था आवेदन में अपनी मोबाईल नंबर, बैंक खाता नंबर, आधार नंबर, घर का पता की जानकारी साझा किये थे उन्हें अनजान नंबरों से फोन आ रहा है फोन करने वाले उन्हें महतारी वंदन योजना से लाभ दिलाने की झांसा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओ ने इस तरह के 9240236410 नंबरों से फोन आने की शिकायत की हैं। प्रदेश में अनजान नंबरों से फायनेस कराने, लाभ दिलाने, ठगी, वसूली की शिकायत लगा तार मिल रहा हैं। डिजिटल अरेस्ट कर, पुलिस अधिकारी, सीबीआई, एवं अन्य प्रकार से जनता को डराकर लाखों रु की अवैध वसूली घटना घट चुकी हैं। केंद्र सरकार जनता को जागरूक करने मोबाईल कम्पनियो के माध्यम से जागरूकता अभियान चला रहें हैं। महिलाओ को सावधान रहने की आवश्यकता हैं। यदि उनके पास महतारी वंदन योजना के लाभार्थी होने या लाभ दिलाने अनजान नंबर से फोन आ रहा हो तो जानकारी न बल्कि जिस नंबर से फोन आया हो उसकी शिकायत नजदीक थाना में करे। यादव ने कहा कि सरकार बताएं आखिर महतारी वंदन योजना में आवेदन करने वाली महिलाओं की डाटा लीक कैसे हो गया वह ठगी और जालसाजी करने वाले पास कैसे पहुंच गया। महिलाओं की जानकारी लीक होना गंभीर मामला है यह महिलाओं की सुरक्षा और उनकी निजी जीवन पर सेंध लगा सकता है सरकार के जवाबदेही है योजना से जुड़े लोगों जानकारी लीक होने की जांच कराये। इस प्रकार के नंबरों पर कड़ी कार्रवाई करें।

# छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के उल्लंघन पर होगी दण्डनीय कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी 2025 को नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के लिये कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिये शासकीय-अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाते हैं तथा विद्युत एवं टेलीफोन के खम्भों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडिया लगाई जाती है, जिसके कारण शासकीय-अशासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। जिस हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास ने छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 03 में निहित प्रावधानानुसार आदेश जारी किया है। जिसके अनुसार कोई भी व्यक्ति जो संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी संपत्ति को स्याही, खडिया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिख कर या चिन्हित कर के उसे निरूपित करेगा, वह जुर्माने से जो एक हजार रुपये तक का हो सकेगा, दंडनीय होगा। इस अधिनियम के अधीन दंडनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, संपत्ति विरूपण के संदर्भ में राज्य में प्रचलित विधि के प्रावधानों के अनुसार कठोर कार्यवाही किया जाना है। उन्होंने एतद द्वारा निर्देश है कि छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के प्रावधानों का कठोरतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रभावी कार्यवाही की जाये। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों अथवा चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों द्वारा भवन स्वामी की सहमति के बिना भवनों की दीवारों पर किसी भी प्रकार के नारे लिख कर विकृत किया जाता है, तो ऐसे कृत्यों के निवारण के लिये एक टीम तत्काल प्रभाव से गठित की जाये।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर का किया जा रहा है आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com






शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय सूरजपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुमरिया में किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन 15 जनवरी को महाविद्यालय के प्राचार्य बृजलाल साहू के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, समस्त स्वयं सेविकाएं, विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। प्रत्येक दिवस पर इकाई द्वारा गांव में परियोजना कार्य के रूप में गांव की स्वच्छता हेतु, डिजिटल साक्षरता हेतु नुक्कड़ नाटक, नारा, श्रमदान आदि के द्वारा जागरूक किया जा रहा है। इसी प्रकार बौद्धिक परिचर्चा सत्र में विभिन्न विभागों से अतिथियों का आगमन हो रहा है, जिसमें उनके द्वारा अपने विभागों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर रहे हैं, जिनका लाभ शिविरार्थियों के साथ साथ ग्रामीणजन भी ले रहे हैं। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज कुमार जायसवाल बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा बाल संरक्षण अधिनियमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किए साथ ही शा. रेवती रमन मिश्र स्नात महाविद्यालय की डॉ रश्मि पांडेय सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) और नवीन कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य बी. एल. साहू सर उपस्थित रहे एवं स्वयंसेविकाओं का उत्साहवर्धन किया गया। इस सत्र के दौरान शिविरार्थियों के साथ बड़ी संख्या में विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। सायंकाल में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं द्वारा डिजिटल साक्षरता, साइबर क्राइम, नशा मुक्ति, स्वच्छता आदि विषयों पर नाटक, व्याख्यान आदि के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

# जिला अस्पताल के सभाकक्ष में शिशु संरक्षण माह का हुआ शुभारंभ

■ 21 जनवरी से 21 फरवरी तक जिलेभर में पिलाई जाएगी विटामिन-ए तथा आयरन सिरप की दवा

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एस जयवर्धन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कपिल देव पैकरा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ अजय मरकाम, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ हर्षवर्धन शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ प्रिंस जायसवाल, जिला टीकाकरण शाखा के अधिकारी/कर्मचारियों तथा शिशुवती माताओं व बच्चों की उपस्थिति में जिला अस्पताल के सभाकक्ष में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए तथा 06 माह से 05 वर्ष के बच्चों को आयरन फोलिक एसिड की दवा पिलाकर किया गया जिले में शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम दिनांक 21 जनवरी से 21 फरवरी 2025 तक चलाया जाएगा इस कार्यक्रम में समस्त 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए तथा आयरन की दवा पिलाई जाएगी एवं अति कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भेजकर पोषण आहार एवं व्यवहार की जानकारी दी जावेगी। अभियान के दौरान 06 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रातः 09 बजे से शांय 04 बजे तक प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार एवं शुक्रवार को सेवा प्रदाय की जावेगी, इस कार्यक्रम की निगरानी राज्य, जिला तथा विकास खण्ड स्तर से किया जावेगा ताकि एक भी बच्चा दवा पीने से छूटे नहीं। उपस्थित समारोह में कलेक्टर एस जयवर्धन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि उक्त कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दें तथा इस कार्यक्रम को सफल बनावें।

## निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील

# कलेक्टर ने मीडिया प्रतिनिधियों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में मीडिया के प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों में निर्वाचन सूचना प्रकाशन 22 जनवरी, नाम निर्देशन 22 से 28 जनवरी, संविक्षा 29 जनवरी, अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। नगरीय निकायों में मतदान 11 फरवरी को होगा। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन तीन चरणों में 17 फरवरी, 20 फरवरी और 23 फरवरी को सम्पन्न होगा। इनमें निर्वाचन सूचना प्रकाशन 27 जनवरी, नाम निर्देशन 27 जनवरी से 03 फरवरी, संविक्षा 04 फरवरी, अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 06 फरवरी निर्धारित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का पूर्ण रूप से पालन करते हुए शांतिपूर्ण एवं शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जाना है, इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। ताकि पिछले बार की तरह इस बार भी शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराया जा सके। चुनाव में कानून व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वाले तथा शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफनियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभा, जुलूस, रैली एवं लाउड-स्पीकर के लिए राजनैतिक दलों को सक्षम प्राधिकारी से पूर्वानुमति प्राप्त करनी होगी। राजनीतिक दलों द्वारा मतदान के लिए प्रलोभन देना, मतदान के अधिकार में बाधा पहुंचाना, मतदाता के रूप में किसी अन्य व्यक्ति की जगह अपने आपको प्रस्तुत करना, मतदान के बारे में गलत टिप्पणी करना आचार संहिता के नियमों के विपरीत है और इसके उल्लंघन पर निर्वाचन आयोग के नियमानुसार प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिले के आम नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के साथ जिले के सभी मतदाताओं से मताधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष उपयोग करने तथा लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी की अपील की। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा अवैध शराब एवं मादक द्रव्य पर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जी. एल. यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, पथरिया एसडीएम बी. आर. ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी और विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे। नगरीय निकायों के 65 हजार 968 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे, इनमें 32 हजार 560 पुरूष मतदाता, 33 हजार 405 महिला मतदाता और 03 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायतों के 05 लाख 53 हजार 518 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे, इनमें 02 लाख 80 हजार 537 पुरूष मतदाता, 02 लाख 72 हजार 969 महिला मतदाता और 12 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। निर्वाचन संबंधी सहायता एवं शिकायतों के निराकरण किए जाने हेतु कमाण्ड सेंटर तैयार किया गया है।

# सहकारिता और श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया श्रमदान

## तहसील परिसर की साफ-सफाई कर दिया स्वच्छ का संदेश



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

सहकारिता विभाग एवं श्रम विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने जशपुर तहसील परिसर मे श्रमदान करके परिसर को साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने अन्य कार्यालय के कर्मचारियों सहित आमजनों को भी अपने आस-पास साफ-सफाई रखने के लिए आग्रह किया गया।

# कांग्रेस के कारण नगरीय निकाय में जनता रही विकास से वंचित, भाजपा करेगी जनता के सपनों को पूरा : अरुण साव

## नगरीय निकायों में विकास का नया अध्याय लिखेगी भाजपा, मूलभूत सुविधाओं के शहरों को चमकाएंगे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में होने जा रहे नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव मूलतः उस विश्वास को जनादेश में बदलने के लिए हैं, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल किया है। हमने पिछले महीने ही जनादेश परब में विश्वास का एक वर्ष पूर्ण किया है। साव ने कहा कि हमने नगरीय निकाय और पंचायत दोनों का आमचुनाव एक साथ कराने का निर्णय लिया है। ऐसा कर हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वन नेशन वन एलेक्शन की ओर एक निर्णायक कदम बढ़ा चुके हैं। उप मुख्यमंत्री साव ने एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। यह वर्ष प्रदेश निर्माता अटल का जन्म शताब्दी वर्ष भी है। निस्संदेह अटल निर्माण वर्ष में हमारी सरकार अधोसंरचना के क्षेत्र में अधिकाधिक कार्य करेगी और इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे नगरीय निकायों को मिलेगा। साव ने कहा कि भाजपा ने अपने मंत्र हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है। केंद्र और राज्य, दोनों में भाजपा सरकार ने जो अद्भुत कार्य किए हैं, वह जनता के सामने हैं। हमने बीते एक साल में जो वादे किए, उन्हें पूरा कर यह साबित किया है कि भाजपा केवल बोलती नहीं, बल्कि करके दिखाती है। अब हम इस मंत्र को लेकर नगर पालिका, नगर निगम और जिला परिषद स्तर तक पहुंच रहे है, ताकि हर शहर, हर वार्ड, और हर गली, यहां तक कि हर घर में विकास की यह गूंज सुनाई दे। साव ने कहा कि हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को स्वच्छ, सुंदर, और समृद्ध जीवन प्रदान करना है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ नगर निगमों में प्रतिनिधि चुनने का अवसर नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के शहरों के भविष्य को संवारने और हर नागरिक के लिए एक स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध कल सुनिश्चित करने का मौका है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता को हमेशा निराश किया है। 2018 के विधानसभा चुनाव और 2019 के शहरी निकाय चुनाव में जीत हासिल करने के बाद, कांग्रेस ने जनहित के वादों को पूरा करने के विपरीत भ्रष्टाचार और कुशासन का नया अध्याय लिखा। कांग्रेस के शासनकाल में विकास के कार्य ठप कर दिए गए। साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले पाँच वर्ष में शहरी क्षेत्रों में भी कांग्रेस का कब्जा था, और कांग्रेस के कार्यकाल में शहरों की हुई दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। खराब सीवेज व्यवस्था के कारण शहर गंदगी और जलभराव का शिकार हो गए हैं। मुहल्लों में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियाँ फैल रही थी। विकास के कार्य ठप पड़े हुए थे, हमने पिछले 13 महीनों में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर शहरों के विकास में जान फूँकी है। मिशन अमृत अंतर्गत पांच शहरों में 865 करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्वीकृत किए गए है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत अनुपचारित जल प्रबंधन हेतु एक लाख से कम जनसंख्या वाले 160 शहरों में 830 करोड़ की लागत से लगभग 200 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना और 1000 कि.मी. से अधिक सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि शहरों में केन्द्र की मिशन अमृत 2.0 योजनांतर्गत 2,130 करोड़ रु. की लागत से 45 शहरों में जलप्रदाय परियोजनाएँ स्वीकृत की गई हैं।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं सरपंच नीतू बघेल के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित













पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं सरपंच नीतू बघेल के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर ग्राम पंचायत भवन, सेरीखेड़ी, रायपुर में मंगलवार को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर ग्रामीणों ने विशेषज्ञों से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। जिसमें नेत्र रोग विभाग से नेत्र सहायक वेद यादव, जनरल मेडिसिन विभाग के डॉ. धनेन्द्र साहू, दंत रोग विभाग के डॉ. कृतिका भक्ते, नर्सिंग स्टाफ श्वेता व जनसंपर्क अधिकारी, सुनील साहू, सुनील वर्मा, विरेन्द्र खुटेल एवं गांव की सचिव रेणुका वर्मा उपस्थित रहे। शिविर में निःशुल्क ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, व सभी रोगों की जांच कर निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। ग्रामीणों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन योजना को जनकल्याणकारी व महत्वपूर्ण बताया तथा टीम का आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर ने वाहन चालकों को दी यातायात के नियमों के पालन की समझाइश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने मंगलवार को पचपेढ़ी नाका ओवरब्रिज पर बिना हेलमेट के वाहन चलाते सवारों को रोककर समझाइश दी। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने और दुर्घटनाओं से बचने के लिए हेलमेट पहनने की आवश्यकता पर जोर दिया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि हेलमेट सुरक्षा के सबसे महत्वपूर्ण उपायों में से एक है, जो दुर्घटनाओं में गंभीर चोटों से बचाता है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करें साथ ही अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा करें। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए हेलमेट का प्रयोग करें। इस दौरान कई वाहन चालकों ने हेलमेट पहनने की अहमियत को समझा और इसे अपनी आदत में शामिल करने का संकल्प लिया। यह अभियान शहर में सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगा और दुर्घटनाओं को रोकने में योगदान देगा।

## कलेक्टर ने बच्चों को पिलाई विटामिन व आयरन की खुराक, शिशु संरक्षण माह का शुभारम्भ



कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने शिशु संरक्षण माह के शुभारंभ पर कालीबाड़ी स्थित जिला चिकित्सालय में 6 माह से 5 साल के बच्चों को आयरन ड्रॉप और 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ड्रॉप पिलाया। यह कार्यक्रम 21 जनवरी से शुरू होकर आगामी 21 फरवरी तक चलेगा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने अस्पताल का भी निरीक्षण किया और बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में खिड़कियों में जाली लगाने का निर्देश दिए, ताकि मच्छरों से होने वाले संक्रमण से बच्चों को बचाया जा सके। शिशु संरक्षण माह का उद्देश्य बच्चों में खून की कमी और विटामिन की कमी से होने वाली बीमारियों से बचाव करना है। इस अभियान के तहत बच्चों को आवश्यक पोषण तत्वों की खुराक दी जा रही है, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास सही तरीके से हो सके। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि लोग इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने बच्चों को समय पर विटामिन और आयरन ड्रॉप की खुराक दें, ताकि उनका स्वास्थ्य बेहतर रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी मौजूद थे।



रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने सौजन्य भेट की।

# 30 जनवरी को मनाया जाएगा शहीद दिवस, राज्य सरकार ने जारी किया परिपत्र

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मंत्रालय नवा रायपुर के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त संभागायुक्त, सभी कलेक्टरों, सभी जिला पंचायत के सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को सफल आयोजन के लिए एक परिपत्र जारी किया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि 30 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन आयोजन किया जाना है और अन्य काम तथा गतिविधियों को रोक दिया जाना चाहिए। जहां कहीं संभव हो, दो मिनट के मौन की अवधि शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जानी चाहिए। इस आयोजन के संबंध में शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को जिला प्रशासन द्वारा समुचित अनुदेश जारी किए जाए। इस दिन के महत्व को प्रसारित करने हेतु भारत की स्वतंत्रता में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमिका तथा राष्ट्रीय एकता से संबंधित विषय पर हाइब्रिड या आनलाइन मोड़ में भाषण और वार्ताएं आयोजित किए जाए।

# प्रदेश भर के सभी जिलों में चल रही आरक्षक भर्ती, वनरक्षक भर्ती प्रक्रिया को रदद किया जाये

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार नौकरियों का व्यापार कर रही है। प्रदेश में वन एवं पुलिस की भर्तियों में बोलियां लग रही। जिलों में आरक्षक भर्ती के साथ वन विभाग में वन रक्षकों की भर्ती में भी घपले हो रहे है। पूरे प्रदेश के सभी जिलों में चल रही आरक्षक भर्ती और वन विभाग की भर्तियों में खुले आम बोलियां लगाई जा रही है। राजनांदगांव आरक्षक भर्ती के भ्रष्टाचार का खुलासा भी हो चुका है। प्रदेश भर के सभी जिलों में चल रही और हो चुकी पुलिस एवं वन आरक्षक भर्ती प्रक्रिया रद्द किया जाये। अभी तक की भर्ती प्रक्रिया की जांच कराई जाये। हैदराबाद की निजी कंपनी जो वन विभाग और पुलिस विभाग में शारीरिक परीक्षा करवा रही उसको ब्लैक लिस्टेड किया जाये। कंपनी और सरकार में बैठे हुए लोग मिलीभगत कर करके नौकरियां बेच रहे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि हैदराबाद की इसी निजी कंपनी को अलग-अलग जिलों में लगभग 6000 आरक्षकों के पदों पर भर्ती के लिए कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है। इसी सरकार में ही इसी कंपनी ने वन रक्षकों की भर्ती में फिजिकल टेस्ट के इवेंट को कवर किया था, उस पर भी अनेकों सवाल उठ रहे, लेकिन आज तक सरकार ने जांच कराना तक जरूरी नहीं समझा। भर्ती प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा सत्ता में बैठे बड़े लोगों के संरक्षण के बिना संभव ही नहीं है। सत्ता रूढ़ नेताओं और बड़े अधिकारियों चहेतो की भर्तियां सुनिश्चित करने शारीरिक परीक्षण में अधिक नंबर पक्षपात पूर्वक दिया जा रहा है। कंपनी से मिली भगत करके पूरा गड़बड़ किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि प्रदेश के सभी जिलों की पुलिस एवं वन भर्ती प्रक्रिया को रद्द करके फिर से शारीरिक परीक्षण करवाया जाये। रात के अंधेरे में फिजिकल टेस्ट कराया गया, डिजिटल के बजाय मैन्यूल टेस्ट लिया गया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कोरिया, मनेन्द्रगढ़ वन मंडल में शारीरिक परीक्षा में पक्षपात करने के लिये सभी चहेते उम्मीदवारों को एक ही दिन शारीरिक परीक्षण के लिये बुलवाया गया। इन अभ्यार्थियो का जिस दिन परीक्षण होना था उस दिन उनसे तबयित खराब होने आदि का बहाना बना कर आवेदन लिया गया तथा सभी को एक आरक्षित दिन बुलाया गया। एक ही दिन दौड़ने वाले 40 उम्मीदवारों को चयन सूची में शामिल किया गया, जो उम्मीदवार दौड़ में असफल हुये उनको लंबी कूद तथा गोला फेंक में 25-25 नंबर देकर पात्र बनाया गया। दौड़ में असफल हुये अभ्यर्थी गोला फेंक और लंबी कूद में 50 अंक पा गये। राजनांदगांव आरक्षक भर्ती मामले में भी इसी प्रकार की गड़बड़ियां हुई है। कंपनी के भुगतान में भी करोड़ों का भ्रष्टाचार किया गया।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403